संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 31 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय संस्करण
वर्षः 17 अंकः 350 पृष्ठः 12
RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया







# अद्भुत, अलौकिक अयोध्या धाम...

## = मोदी जो कहता है उसे पूरा करने के लिए जीवन खपा देता है : पीएम = पीएम मोदी ने की देश की जनता से अपील, 22 जनवरी को घर घर जलाएं रामज्योति, जगमग हो भारत, कहा- विकसित भारत के निर्माण को अयोध्या नगरी से मिल रही नई ऊर्जा, विकास और विरासत की साझा ताकत भारत को 21वीं सदी में सबसे आगे ले जाएगी : मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**मोदी** की गारंटी में इतनी ताकत इसलिए है क्योंकि मोदी जो कहता है, उसे पूरा करने के लिए अपना जीवन खपा देता है। दिन और रात एक कर देता है। अयोध्या नगरी इस बात की साक्षी है। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास जनसभा स्थल से अपने संबोधन में कही। प्रधानमंत्री मोदी एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे, जहां उन्होंने 15700 करोड़ की 46 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने अयोध्या धाम जंक्शन और महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का लोकार्पण करने के साथ ही 6 वंदे भारत और 2 अमृत भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम ने प्रधानमंत्री को बाल रामलला की मूर्ति भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही अयोध्या धाम जंक्शन और बदलती अयोध्या पर आधारित वृत्तचित्रों का भी प्रधानमंत्री ने अवलोकन किया।

**भारत के कण-कण और जन-जन का पुजारी हूं :** अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने अयोध्यावासियों को भरोसा दिलाया कि इस पवित्र धाम के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। ऐसे में अयोध्या वासियों में ये उत्साह उमंग बहुत स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे भारत की मिट्टी के कण कण और भारत के जन जन के पुजारी हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी अपकी तरह उतना ही उत्सुक हूं।

**अयोध्या नगरी से मिल रही विकसित भारत के अभियान को ऊर्जा:** प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नई ऊर्जा मिल रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी देश हो अगर उसे विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचना है, तो उसे अपनी विरासत को संभालना होगा। हमारी विरासत हमें प्रेरणा देती है। हमें सही मार्ग दिखाती है। आज का भारत पुरातन और नूतन को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। एक समय था जब अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे। आज पक्का घर सिर्फ रामलला को ही नहीं बल्कि देश के चार करोड़ गरीबों को भी मिला है। भारत अपने तीर्थों को संवार रहा है तो वहीं डिजिटल टेक्नोलॉजी में भारत छाया हुआ है। काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्निमाण के साथ ही 30 हजार से ज्यादा पंचायत भवन भी बना रहा है। सिर्फ केदारधाम का पुनरोद्धार ही नहीं 300 से ज्यादा मेडिकल कॉलेज भी देश में बने हैं। सिर्फ महाकाल के लोक का ही निर्माण नहीं हो रहा, बल्कि स्वच्छ पेयजल के लिए दो लाख से ज्यादा टंकियों का भी निर्माण हुआ।





### अयोध्या के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हुई 30 दिसंबर की तारीख

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**दिव्य** नव्य व भव्य अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को लौटाने का जो संकल्प पीएम मोदी ने लिया उसे उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल क्रियान्वयन में पूर्ण किया जा रहा है। केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव व केंद्रीय नागर विमानन व उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संबोधन में पीएम के विजन और सीएम योगी के कुशल क्रियान्वन की जमकर तारीफ की।

### मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया नव्य अयोध्या धाम

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**अयोध्या** के इतिहास में 30 दिसंबर 2023 की तिथि स्वर्णाक्षरों में लिख दी गई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को पुनर्विकसित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की सौगात दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया। साथ ही श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली, अमृतसर-नई दिल्ली, कोयम्बटूर-बेंगलुरु, मंगलूरु-मडगांव, जालना-मुंबई एवं अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल के बीच 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, अयोध्या-दरभंगा एवं मालदा टाउन-बेंगलुरु के बीच 2 अमृत भारत ट्रेन की सौगात दी।

**ट्रेन के कोच में बच्चों से किया संवाद:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रेन के कोच में जाकर बच्चों से संवाद भी किया। बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। किसी ने पीएम मोदी को कविताएं सुनाईं तो किसी ने अपने संस्मरण भी बताए। पीएम ने हाथ हिलाकर बच्चों, कर्मचारियों का अभिवादन भी किया।

### अयोध्या में दिख रहा विरासत और विकास का अनूठा संगम

**केंद्रीय** रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि आज अयोध्या विश्व से जुड़ रही है। 22 जनवरी के पूर्व 30 दिसंबर की तिथि भी अयोध्या जी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पीएम के विजन के कारण अयोध्या में विकास की बयार बह रही है। पीएम द्वारा आज अयोध्या धाम स्टेशन का उद्घाटन किया गया जो अयोध्या की विरासत को सहेजने के साथ ही नई सुविधआओं से लैस करने की प्रक्रिया को दर्शाता है।

### अनंत काल तक रहेगा अयोध्या में श्रीराम मंदिरः मोदी

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि आज अयोध्या में विकास की भव्यता दिख रही है, कुछ दिन बाद विरासत की भव्यता और दिव्यता दिखने वाली है। उन्होंने कहा कि विकास और विरासत की साझा ताकत ही भारत को 21वीं सदी में सबसे आगे ले जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी का ऐतिहासिक क्षण बहुत भाग्य से हमारे जीवन में आने वाला है। पीएम मोदी ने प्रभु श्रीराम की नगरी से 140 करोड़ देशवासियों से हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि 22 जनवरी को अयोध्या आने का प्रयास ना करें, इसकी जगह जब अयोध्या में प्रभु श्रीराम विराजमान हों, तो सभी लोग दीपावली मनाएं और अपने अपने घरों में श्रीरामज्योति जलाएं। 22 की शाम पूरा हिन्दुस्तान जगमग होना चाहिए। उन्होंने अपील की कि जब हमने साढ़े पांच सौ साल इंतजार किया है तो कुछ दिन और इंतजार करना होगा।

### '14 से 22 तक देश के सभी छोटे बड़े मंदिरों में चले स्वच्छता अभियान'

**प्रधानमंत्री** ने अयोध्यावासियों से आग्रह भी किया कि आपको आपको देश और दुनिया के अनगिनत अतिथियों के स्वागत लिए तैयार होना होगा। अब यहां अनंत काल तक लाखों की संख्या में आते रहेंगे। ऐसे में अयोध्यावासियों को संकल्प लेना होगा कि अयोध्या नगर को भारत का सबसे स्वच्छ शहर बनाएंगे। वहीं प्रधानमंत्री ने देश के सभी तीर्थस्थलों और सभी छोटे बड़े मंदिरों से आग्रह किया कि 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि प्रभु राम पूरे देश के हैं, वो जब आ रहे हैं तो हमारे एक भी मंदिर और तीर्थस्थल के आस पास गंदगी नहीं होनी चाहिए।

## राजस्थान में मंत्रिमंडल का विस्तार

### किरोड़ी लाल मीणा और राज्यवर्धन राठौड़ समेत 22 विधायक बने मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजस्थान** में सीएम भजनलाल शर्मा के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। मंत्रिमंडल में पहली बार और दूसरी बार चुने गए विधायकों को शामिल किया गया है।

**22 विधायकों ने ली शपथः** शनिवार को यहां राजभवन में एक समारोह के दौरान 22 भाजपा विधायकों ने राजस्थान सरकार के मंत्री के रूप में शपथ ली। इस दौरान 12 ने कैबिनेट मंत्री, पांच ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और पांच ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली।

समारोह के दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई।

**किरोड़ी लाल मीना समेत 12 मंत्रियों ने ली शपथः** राजस्थान मंत्रिमंडल में किरोड़ी लाल मीना, मदन दिलावर, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह खींवसर, बाबूलाल खराड़ी, जोगाराम पटेल, सुरेश सिंह रावत, अविनाश गहलोत, जोराराम कुमावत, हेमंत मीना, कन्हैया लाल चौधरी और सुमित गोदारा को कैबिनेट का हिस्सा बनाया गया है। वहीं, श्रीकरणपुर से बीजेपी प्रत्याशी रहे सुरेंद्रपाल टीटी विधायक बनने से पहले मंत्री बनाए गए हैं।

**इन विधायकों ने ली शपथः** सिरोही विधानसभा सीट से जीत दर्ज करने वाले ओटाराम देवासी ने राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इनके साथ, मंजू बाघमार, विजय सिंह चौधरी, केके विश्नोई और जवाहर सिंह बेढम ने राज्यमंत्री के तौर पर ली शपथ। संजय शर्मा, गौतम कुमार, झाबर सिंह खर्रा, सुरेंद्र पाल सिंह और हीरालाल नागर ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली।



# 9 सालों में तीसरी बार दिल्लीवासियों ने हर दिन जहरीली हवा में ली सांस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिसंबर में दिल्ली** के प्रदूषण ने नया रिकार्ड कायम किया है। बीते नौ सालों में तीसरी बार ऐसा हुआ है, जब दिल्लीवासियों को हर दिन जहरीली हवा में सांस लेनी पड़ी। माह के 30 में से एक भी दिन साफ हवा नहीं मिली। रविवार को माह के आखिरी दिन भी वायु गुणवत्ता ऐसी ही बने रहने के आसार हैं। 2016 के बाद सर्वाधिक प्रदूषण इसी दिसंबर में रहा है। 2021 का दिसंबर भी खासा प्रदूषित रहा था। एयर इंडेक्स (एक्यूआई) मापने की शुरूआत 2015 में हुई थी। तब से लेकर दिसंबर 2023 तक वायु प्रदूषण का ग्राफ मिला जुला रहा है। जब से एयर इंडेक्स मापा जा रहा है, तभी से सर्दियों के इस महीने में कभी



भी 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी की हवा नहीं रही है। इस वर्ष भी यह प्रवृत्ति बरकरार रही, लेकिन इन नौ साल में तीसरी बार ऐसा हुआ है जब पूरे माह 'मध्यम' श्रेणी की हवा भी नहीं मिली।

**2016 के बाद दूसरी बार दिसंबर सबसे प्रदूषित:** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2016 के बाद इस साल दूसरी बार ऐसा हुआ है कि दिसंबर में 'बहुत खराब' श्रेणी के दिन सबसे ज्यादा 23 रहे हैं। इसी तरह 'खराब' श्रेणी के दिन चार और 'गंभीर' श्रेणी के दिन तीन दर्ज किए गए हैं। रविवार का दिन भी 'बहुत खराब' से 'गंभीर' श्रेणी के बीच ही रहने का अनुमान है। साल दर साल दिसंबर में ऐसी स्थिति बनने का मतलब यही है कि हम दिल्ली में प्रदूषण के आंतरिक और बाहरी स्रोतों की मात्रा को निर्धारित करने में विफल रहे हैं। इसे न केवल दिल्ली, एनसीआर बल्कि मैदानी क्षेत्र के राज्यों में भी तुरंत करने की जरूरत है। इसके अलावा बरसात का नहीं होना भी एक बड़ी वजह कही जा सकती है। ऐसे में स्थानीय प्रदूषण कम करने के लिए और अधिक सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यदि स्थानीय प्रदूषण कम होगा तो मौसमी परिस्थितियां उसमें ज्यादा वृद्धि नहीं कर सकेंगी।

**दिल्ली में सिर्फ एक ही दिन मिली अच्छी हवा:** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के ही साल भर के आंकड़ों पर गौर करें तो 2023 में दिल्ली को सिर्फ एक दिन "अच्छी" श्रेणी की हवा मिली है। 2022 में ऐसे हवा तीन दिन मिली थी। "अच्छी", "संतोषजनक" और "मध्यम" श्रेणी यानी 0 से 200 तक एक्यूआइ वाले दिन इस वर्ष 206 जबकि "खराब", "बहुत खराब" और "गंभीर" श्रेणी यानी 201 से ऊपर एक्यूआइ वाले दिनों की संख्या 159 रही है।

# संकट से निकलने के लिए आईएमएफ प्रोग्राम से जुड़े रहना जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**श्रीलंका के** केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने देश को आईएमएफ से मिले बेलआउट पैकेज पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के गवर्नर नंदलाल वीरसिंघम ने कहा है कि संकट से उबरने के लिए श्रीलंका के पास अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के 2.9 अरब डॉलर के बेलआउट कार्यक्रम पर निर्भर रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने इस महीने की शुरूआत में श्रीलंका को 33.7 करोड़ डॉलर की दूसरी किस्त जारी करने को मंजूरी दी थी। वीरसिंघे इन सवालों का जवाब दे रहे थे कि क्या द्वीपीय देश आईएमएफ के 2.9 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज के लिए शर्तों में बदलाव के लिए फिर से बातचीत करेगा? उन्होंने कहा, "कोई विकल्प नहीं है। तथ्य यह है कि हमने जिन विकल्पों का इस्तेमाल किया उसके कारण हम दिवालियापन की स्थिति में हैं।" इससे पहले राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने सुधारों को लेकर विपक्ष की कड़ी आलोचना का जवाब देते हुए कहा था कि नकदी संकट से जूझ रहे इस द्वीपीय देश के लिए आर्थिक दिवालियापन से बाहर निकलने के लिए आईएमएफ कार्यक्रम का कोई विकल्प नहीं है। मुख्य विपक्षी दल समगी जन बालवेगया (एसजेबी) ने आईएमएफ के बेलआउट पैकेज पर फिर से बातचीत करने का संकल्प लेते हुए दावा किया है कि इससे जुड़ी जिन शर्तों पर राष्ट्रपति सहमत हुए थे, उससे लोगों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में धारा 144 लागू, नए साल के जश्न की आड़ में नहीं कर सकेंगे हुड़दंग

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा/ब्यूरो**
**नोएडा-ग्रेटर** नोएडा प्रशासन ने नए साल के दौरान होने वाले हुड़दंग को लेकर कमर कस ली है। गौतमबुद्ध प्रशासन ने 31 दिसंबर और 1 जनवरी को जिले में धारा 144 लागू कर दी है। इसके अनुसार किसी भी जगह 5 से ज्यादा लोग एकत्रित नहीं हो सकते। इसके साथ ही बिना प्रशासन की अनुमति के कोई धार्मिक रैली आदि नहीं निकाली जा सकेगी।

**इन गतिविधियों पर भी रहेगी रोक**
सार्वजनिक जगहों पर अनधिकृत रैली निकालना
सार्वजनकि जगहों पर धार्मिक सभा आयोजन करना
सार्वजनिक जगहों पर शराब पीना
इस दौरान सरकारी प्रतिष्ठानों के आसपास प्राइवेट ड्रोन के इस्तेमाल पर भी रोक रहेगी अन्य इलाकों में भी ड्रोन उड़ाने के लिए पुलिस की परमिशन की जरूरत होगी।

**धारा 144 अब हुई धारा 187:** गौरतलब है कि बीते सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने



आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन संशोधन विधेयकों को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही अब भारतीय दंड संहिता IPC (1860) अब भारतीय न्याय संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता CRPC (1898) अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे। इसी के तहत अब अपराधों की धाराएं भी बदल गई हैं। इसमें धारा 144 भी आती है जो 5 से ज्यादा लोगों को एक जगह पर इकट्ठा होने से रोकती है।

# उलझन में छात्रः जेएनयू में सीयूईटी से ही होगा प्रवेश

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से जारी परास्नातक में सीयूईटी प्रवेश के लिए विश्वविद्यालयों के नामों की सूची में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय का नाम नहीं है। इससे छात्र आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। 24 जनवरी आवेदन की आखिरी तिथि है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जेएनयू प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर, जल्द से जल्द नाम सूची में शामिल करने की अपील की है, जिससे छात्र आवेदन कर सकेंगे। दूसरी ओर, पंजीकरण शुल्क में बढ़ोतरी का छात्र संगठनों ने विरोध किया है। जेएनयू में परास्नातक में प्रवेश अब सीयूईटी के जरिये ही हो रहे हैं। सीयूईटी की परीक्षाएं एनटीए की ओर से आयोजित की जाती हैं।



एनटीए ने प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं, उनमें कई केंद्रीय विश्वविद्यालयों का नाम नहीं है। जेएनयू भी उनमें से एक है। वेबसाइट पर जेएनयू का विकल्प न आने के कारण छात्र आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। एबीवीपी जेएनयू इकाई के अध्यक्ष सतीश अजमेरा ने कहा, गलती दोनों ओर से हुई है। इसलिए नाम नहीं दिखाई दे रहा है। अगर शनिवार शाम तक वेबसाइट पर नाम दिखाई नहीं देगा, तो एनटीए के अधिकारियों से मुलाकात कर शिकायत करेंगे। अगर इसमें वक्त लगेगा तो छात्र जेएनयू के लिए आवेदन करने से छूट जाएंगे। जेएनयू के डायरेक्टर आफ एडमिशन प्रो. जयंत त्रिपाठी ने कहा, 56 विश्वविद्यालयों की सूची जारी होनी है। अभी 18 के ही नाम है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय का नाम भी नहीं है। जल्द नाम दिखाई देने लगेगा और छात्र आवेदन कर सकेंगे।

**छात्रों ने एनटीए के अधिकारियों से बढ़ी फीस पर की मुलाकात**
स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसएफआई) ने सीयूईटी परास्नातक की परीक्षा में बैठने के लिए पंजीकरण शुल्क में बढ़ोतरी का विरोध किया है। शुक्रवार को छात्रों के दल ने एनटीए के अधिकारियों से मुलाकात कर बढ़ा शुल्क वापस लेने की मांग की। एसएफआई ने एक बयान में कहा है कि पंजीकरण शुल्क में 200 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। सामान्य श्रेणी के लिए 1200, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के लिए एक हजार, एससी, एसटी और थर्ड जेंडर के लिए 900 और पीडब्ल्यूडी छात्रों के लिए 800 रुपये का शुल्क तय किया गया है। एसएफआई की अध्यक्ष आइशी घोष ने कहा, एनटीए को बढ़ी हुई फीस संरचना को तुरंत रद्द करना चाहिए। हम छात्रों से भी अपील करते हैं कि वे ऐसे मनमाने फैसलों के खिलाफ आवाज उठाएं जो विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले समुदाय से आने वाले छात्रों के लिए आर्थिक बोझ बन गए हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शरीफ** पुत्र अल्लुद्दीन निवासी ई–2237, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 490/23 दिनांक 16.06.2023 धारा 21/25 एनडीपीएस अधिनियम थाना बवाना, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शरीफ** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शरीफ** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 490/23 दिनांक 16.06.2023 धारा 21/25 एनडीपीएस अधिनियम थाना बवाना, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शरीफ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.02.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री धीरेन्द्र राणा
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस), उत्तर
कमरा नं. 207, दूसरा तल,
जिला न्यायालय, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15150/ON/23



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## Change of Name

I hitherto known as AMAN S/o AJIT SINGH, R/o-71 A Near corporation Bank, Nehru Enclave, Alipur, North West Delhi, Delhi 110036, have changed my name and shall hereafter be known as AMAN ANTIL. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**AMAN**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# नए साल को लेकर हर स्तर पर तैयारियां शुरू

## दिल्ली मेट्रो से लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने भी गाइडलाइंस जारी कर दिए हैं, दिल्ली मेट्रो ने भी भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए कमर कस लिया

**गाइडलाइंस जारी**

**8 दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने भीड़भाड़ वाले इलाकों पर जाने से बचने के लिए नागरिकों से अनुरोध किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में नए साल को लेकर हर स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। दिल्ली मेट्रो से लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने भी गाइडलाइंस जारी कर दिए हैं। दिल्ली मेट्रो ने भी भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए कमर कस लिया है। वहीं दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने भीड़भाड़ वाले इलाकों पर जाने से बचने के लिए नागरिकों से अनुरोध किया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि नए साल की पूर्व संध्या




(31 दिसंबर 2023) पर भीड़भाड़ को कम करने के लिए राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से रात 9 बजे के बाद बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, 31 दिसंबर को राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से आखिरी ट्रेन रवाना होने तक यात्रियों को प्रवेश की अनुमति होगी। डीएमआरसी ने कहा कि यात्रियों से अनुरोध है कि वे तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं। बाकी मेट्रो नेटवर्क पर मेट्रो सेवाएं नियमित समय सारिणी के अनुसार उपलब्ध रहेंगी।

**नए साल पर बार-रेस्तरां की तैयारी:** राजधानी में 31 दिसंबर की रात के लिए बार और रेस्तरां मालिकों ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए प्री-बुकिंग भी हो रही है। बार मालिकों ने बताया कि कई विदेशी मेहमान भी बुकिंग कर रहे हैं। इन जगहों पर नए साल के जश्न की तैयारियां शुरू हो गई है, लेकिन शराब के नशे में हुड़दंग करने वालों से निपटने की भी तैयारी की गई है। इसके लिए पुलिस भी अलर्ट मोड में है।

डीसीपी पूर्वी दिल्ली अमृता गुगुलोथ ने बताया कि हमने सभी मॉल, क्लब, बार और रेस्तरां के मालिकों के साथ बैठक कर उन्हें नए साल के लिए पुलिस की तैयारियों के बारे में बताया है। मलिकों को समझाया है कि उन्हें क्या-क्या करने की जरूरत है और किस प्रकार की सावधानियां बरतनी है। पार्किंग को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। कनॉट प्लेस के होटलों में किसी तरह की हुड़दंग के लिए सीधे पुलिस को सूचित करने के कहा गया है।

**पर्यटक स्थलों, मॉल आदि जगहों पर होगी भीड़-भाड़:** लोगों को किसी तरह की दिक्कत न आए इसके लिए दिल्ली पुलिस ने लोगों की सुरक्षा व उनके सुगम यातायात के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। इस दौरान रेस्तरां, मॉल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बड़ी संख्या में लोग मनोरंजन स्थलों पर आने के लिए अपने वाहनों का इस्तेमाल करेंगे, जिससे सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ सकता है।

**कोरोना को लेकर गाइडलाइंस:** इन दिनों कोरोना का खतरा भी बढ़ गया है। आशंका है कि न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान इसके मामले बढ़ सकते हैं। ऐसे में दिल्ली स्वास्थ्य विभाग ने भी पूरी तैयारी कर ली है। कोरोना के नए सब-वेरिएंट के कारण संक्रमण बढ़ने की आंशका के मद्देनजर एम्स में एक वार्ड आरक्षित कर दिया गया है। इसमें कोरोना के मरीजों का इलाज होगा।

### निजी और सार्वजनिक वाहनों पर प्रतिबंध

**इस बाबत** एम्स प्रशासन ने मंगलवार को आदेश जारी किया था। वहीं दिल्ली सरकार के अन्य अस्पतालों में इसकी तैयारी की गई है। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इसको लेकर अस्पतालों का दौरा भी किया था। ट्रैफिक पुलिस ने नए साल की पूर्व संध्या पर पूरी दिल्ली में यातायात के सुचारू प्रवाह के लिए पूरे शहर में विस्तृत यातायात व्यवस्था की है, जहां इस तरह के समारोह आयोजित किए जा सकते हैं।

सुरक्षा कारणों से कुछ प्रतिबंध लगाए गए हैं जो 31 दिसंबर रात आठ बजे से नए साल के जश्न के समापन तक लागू रहेंगे। यह प्रतिबंध सभी निजी और सार्वजनिक परिवहन वाहनों पर लागू होगा।

# इजराइल दूतावास के पास विस्फोट: अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इजराइल दूतावास के पास 26 दिसंबर को** संदिग्ध विस्फोट हुआ था। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने तुगलक रोड पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर तुगलक रोड थानाध्यक्ष प्रदीप रावत की शिकायत पर दर्ज की गई है। नई दिल्ली जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जांच की हर घंटे की रिपोर्ट गृह मंत्रालय को दी जा रही है। मामले की जांच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल करेगी। आज केस फाइल स्पेशल सेल को सौंप दी जाएगी। मंगलवार शाम को उस समय हड़कंप मच गया था, जब इस्राइल एंबेसी के पास धमाके की सूचना मिली थी। पुलिस को देर शाम तक जांच में धमाके आदि के कोई निशान व सबूत नहीं मिले थे, पर पुलिस को मौके से इस्राइल दूतावास के नाम लिखा एक पत्र मिला था।

साथ ही सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध भी नजर आए थे। वहीं, एनएसजी और एनआईए की टीम घटनास्थल पर जांच करने के लिए पहुंची थी।

## न्यूज फ्लैश

### विपश्यना ध्यान केंद्र से वापस लौटे सीएम केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को विपश्यना ध्यान केंद्र से निकले हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया है, '10 दिन की विपश्यना साधना के बाद आज वापस लौटा। इस साधना से असीम शांति मिलती है। नई ऊर्जा के साथ आज से फिर जनता की सेवा में लगेंगे।' सबका मंगल हो! 10 दिन की विपश्यना साधना के बाद आज वापिस लौटा। इस साधना से असीम शांति मिलती है। नई ऊर्जा के साथ आज से फिर जनता की सेवा में लगेंगे। बता दें कि शराब नीति घोटाला मामले में ईडी ने 21 दिसंबर को पूछताछ के लिए सीएम केजरीवाल को समन भेजा था। इस दौरान सीएम केजरीवाल पहले से तय विपश्यना कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए थे। वह विपश्यना ध्यान केंद्र में 30 दिसंबर तक मौजूद रहे। विपश्यना एक प्राचीन भारतीय ध्यान पद्धति है, जिसका अभ्यास करने वाले लोग कुछ समय के लिए देश-दुनिया से कट जाते हैं और एकांतवास में रहते हैं। इसे एक तरह का योगाभ्यास भी कहा जा सकता है।

### बुजुर्ग महिला की गला रेतकर हत्या, पति दो बेटियों के साथ रहता था परिवार से अलग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी दिल्ली के रणहौला थाना क्षेत्र में 70 साल की बुजुर्ग महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतका की शिनाख्त वीरमती के रूप में हुई है। महिला अपने एक बेटा और बेटी के साथ रणहोला गांव रहती थी। महिला के पति अपनी दो बेटियों के साथ अलग रह रहे हैं। रणहौला थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस महिला के पति और दोनों बेटियों से पूछताछ कर रही है।

### पहलवान विनेश फोगाट ने अर्जुन और खेल रत्न पुरस्कार लौटाया, कर्तव्य पथ पर रखे; बाद में दिल्ली पुलिस ने उठाया

**नई दिल्ली।** पहलवान विनेश फोगाट ने अपना अर्जुन और खेल रत्न पुरस्कार कर्तव्य पथ पर छोड़कर चली गईं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने उसे उठा लिया। कांग्रेस ने इस संबंध में एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा- देश के लिए शर्म का दिन। पहलवान बजरंग पूनिया के बाद अब देश को मेडल दिलाने वाली बेटी विनेश फोगाट ने अपना खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड प्रधानमंत्री ऑफिस के बाहर रख दिया है। पीएम मोदी और उनकी सरकार ने इन्हें इस कदर प्रताड़ित किया कि आज ये कदम उठाने को मजबूर हैं। शर्मनाक!

**विनेश फोगाट ने पीएम को लिखी थी चिट्ठी:** इससे पहले, विनेश फोगाट ने 26 दिसंबर को एक्स पर पीएम मोदी को संबोधित कर एक चिट्ठी लिखी थी जिसमें उन्होंने अर्जुन पुरस्कार और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड लौटाने की घोषणा की थी। उन्होंने लिखा था कि उनकी जिंदगी सरकार के उन फैंसी विज्ञापनों की तरह नहीं है, जिनमें महिला सशक्तिकरण और उनके उत्थान की बात की जाती है। उन्होंने लिखा- मुझे ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया था, लेकिन अब इनका मेरी जिंदगी में कोई मतलब नहीं रह गया है। हर महिला सम्मान के साथ समाज में जीना चाहती है, इसलिए प्रधानमंत्री सर, मैं अपना मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार वापस करना चाहती हूं, ताकि सम्मान से जीने की राह में ये हमारे लिए बोझ की तरह न रहें।

**संजय सिंह के डब्लएफआई अध्यक्ष चुने जाने से पहलवान नाराज:** बता दें, भारतीय कुश्ती महासंघ के बीते दिनों हुए चुनाव में पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह ने जीत हासिल की थी। इससे नाराज होकर पहले साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की। फिर पहलवान बजरंग पुनिया ने अपना पद्मश्री अवार्ड लौटा दिया। उन्होंने भी पीएम मोदी को एक चिट्ठी लिखी थी और अपनी बात रखी थी। हालांकि बाद में सरकार ने भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित कर दिया था।

## कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चालक की मौत

**नई दिल्ली:** पश्चिमी दिल्ली के मायापुरी थाना क्षेत्र इलाके में स्विफ्ट कार से एक ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। इसमें ई-रिक्शा सवार चालक घायल हो गया। उसे डीडीयू अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। स्विफ्ट कार सवार के खिलाफ धारा 304 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान अमित झा के तौर पर हुई है। वह दिल्ली के सागरपुर इलाके में रहता था। वहीं आरोपी मुकेश कुमार दिल्ली पुलिस में स्टाफ है। वह ट्रैफिक यूनिट में तैनात था। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# एक ही संपत्ति दो लोगों को बेचकर ठगे 13 करोड़ रुपये, सुप्रीम कोर्ट का वकील बनकर की ऐंठी रकम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ठगी करने वाले जालसाज धनकेश को गिरफ्तार किया है। आरोपी धनकेश ने एक ही प्रॉपर्टी दो लोगों को बेचकर 13 करोड़ रुपये ठग लिए। वह दिल्ली-एनसीआर में 10 वर्ष से प्रॉपर्टी डीलर का काम कर रहा था। अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित किया हुआ था। आरोपी ने धनकेश ने चौधरी चरण सिंह (सीएसएस) विश्वविद्यालय, मेरठ से एलएलबी की डिग्री ले रखी है। पुलिस इसके फरार साथी को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही है। गौतमबुद्ध नगर के ए-3 के सेक्टर-9 निवासी प्रॉपर्टी डीलर अशोक कुमार ने शिकायत दी थी कि उसने नई दिल्ली के ग्रीन पार्क में 200 गज की प्रॉपर्टी खरीदने के लिए धनकेश व अजीत नाम के लोगों से संपर्क किया। सौदा 8.50



करोड़ रुपये में तय हो गया। इसके बाद उसने अलग-अलग तरीकों से दोनों को दो करोड़ का भुगतान किया। बाद में पता चला कि उक्त प्रॉपर्टी पहले ही किसी अन्य पक्ष को बेची जा चुकी है और पार्टी से 11 करोड़ रुपये ले लिए हैं। सफदरजंग एंक्लेव थाने में मामला दर्ज कराया गया। अपराध शाखा में तैनात एसीपी नरेंद्र सिंह व इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व में बनी एसआई रवि सैनी, एसआई प्रदीप दहिया, एएसआई अशोक व अन्य की टीम को भी जांच में लगाया गया। जांच के दौरान एसआई रवि सैनी को सूचना मिली कि थाना सफदरजंग एन्क्लेव में धोखाधड़ी के मामले में वांछित व भगोड़ा धनकेश किसी से मिलने करनाल बाईपास के पास आएगा। पुलिस टीम ने करनाल बाईपास के पास घेराबंदी कर मालवीय नगर निवासी धनकेश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इसके फरार साथी अजीत को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दे रही है।

**फर्जीवाड़ा**

**8 वह खुद को सुप्रीम कोर्ट का वकील बता रहा था और दावा कर रखा था कि पुलिस विभाग से अच्छे संबंध हैं**

**सुप्रीम कोर्ट का वकील बनकर की ठगी:** दक्षिण जिले की साइबर थाना पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट का वकील बनकर ठगी करने वाले आरोपी प्रतीक दहिया को गिरफ्तार किया है। इसने लॉ फर्म खोल रखी थी और वेबसाइट बना रखी थी। आरोपी फ्रीज हुए बैंक खाते को खुलवाने के नाम पर लोगों से मोटी रकम ऐंठ रहा था। यह पूरे उत्तर भारत में 150 से ज्यादा लोगों के साथ ठगी कर चुका है। आरोपी प्रतीक नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल से लॉ कर रहा था, मगर बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी थी। इसकी निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त 1 मोबाइल, 4 डेबिट कार्ड, 1 आधार कार्ड तथा 1 सिम कार्ड बरामद किया गया है। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि हौजखास निवासी पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी थी कि बिजनेस लेनदेन के कारण उसका बैंक खाता एनसीआरपी पोर्टल से ब्लॉक कर दिया गया था। इस मामले को सुलझाने के लिए शिकायतकर्ता को वेबसाइट पर एक नंबर मिला।

वह खुद को सुप्रीम कोर्ट का वकील बता रहा था और दावा कर रखा था कि पूरे भारत में पुलिस विभाग से अच्छे संबंध हैं।

## कोहरे का कहर: दिल्ली एयरपोर्ट पर 80 उड़ानों में देरी



टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
दिल्ली एयरपोर्ट के सूत्रों ने बताया कि आज सुबह 8.30 बजे तक आईजीआई एयरपोर्ट से जाने वाली करीब 80 फ्लाइट लेट हैं। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम की वजह से उड़ान सेवाओं पर भारी असर पड़ा है। इसकी वजह से कई फ्लाइट निर्धारित समय से काफी लेट हैं। दिल्ली एयरपोर्ट के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह 8:30 बजे तक आईजीआई एयरपोर्ट से जाने वाली करीब 80 फ्लाइट लेट हैं। २सकी वजह से कई फ्लाइट निर्धारित समय से काफी लेट हैं। वहीं, कई ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं। जानकारी के अनुसार, तेलंगाना एक्सप्रेस 3.40 घंटे, पंजाब मेल 6.07, गोरखधाम एक्सप्रेस, श्रमशक्ति एक्सप्रेस, लखनऊ मेल, दादर एक्सप्रेस, बांद्रा-श्रीमात वैष्णो देवी समेत कई ट्रेनें शामिल हैं। जम्मू और कश्मीर में श्रीनगर-25,

**प्रभावित**

**8 एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम की वजह से उड़ान सेवाओं पर भारी असर पड़ रहा है**

पंजाब में अमृतसर, चंडीगढ़, पटियाला-25 प्रत्येक, हरियाणा में अंबाला-25, करनाल, हिसार-50, दिल्ली के आयानगर, सफदरजंग-200, पालम, दिल्ली-रिज-500, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के झांसी, मेरठ-50, पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर-200, लखनऊ, वाराणसी, सुल्तानपुर-500, पूर्वी मध्य प्रदेश के सतना-25, खजुराहो, टीकमगढ़, दमोह-50, गुना-200, ग्वालियर, भोपाल-500।

झारखंड के डाल्टनगंज-200 मीटर कोहरा दर्ज किया गया।




# नए साल का जश्न: दिल्ली यातायात पुलिस भी तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नए साल** का जश्न मनाने वाले लोग रात 8 बजे तक ही कनॉट प्लेस के ईनर सर्किल में आ सकेंगे। भीड़ को देखते हुए दिल्ली यातायात पुलिस ने रात आठ बजे के बाद कनॉट प्लेस में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। वैध पास और आपातकालीन वाहन वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। नियम की अनदेखी करने वालों और हुड़दंगियों के साथ सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

**लोगों की पहली पसंद पकनॉट प्लेस और इंडिया गेट:** नए साल के आगमन का जश्न मनाने के लिए राजधानी के सभी इलाकों में व्यापक तैयारियां की जा रही है। नए साल का जश्न मनाने वाले लोगों की



पहली पसंद कनॉट प्लेस और इंडिया गेट है। कनॉट प्लेस के होटलों, पार्क और इंडिया गेट पर लोग काफी उत्साह से नए साल का आगमन करते हैं। हजारों की संख्या में लोगों के कनॉट प्लेस और इंडिया गेट आने की संभावना है। जिसको देखते हुए दिल्ली पुलिस ने यहां की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं।

**रात आठ बजे के बाद नहीं होगी वाहनों की एंट्री:** दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रविवार रात आठ बजे के बाद से नई दिल्ली इलाके के इंडिया गेट और कनॉट प्लेस में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध जश्न के समापन तक जारी रहेगा। 8 बजे रात के बाद कनॉट प्लेस आने वाले निजी और सार्वजनिक वाहन मंडी हाउस, बंगाली मार्केट और गोल मार्केट क्षेत्र तक ही आ सकेंगे। कनॉट प्लेस के आंतरिक, मध्य या बाहरी सर्कल में केवल वैध पास वाले वाहनों को ही अनुमति होगी।

**नियम तोड़ने और हुड़दंगियों पर दर्ज होगा मुकदमा:** नए साल का जश्न मनाने के दौरान यातायात नियम तोड़ने, शराब पीकर वाहन चलाने वाले और हुड़दंग करने वाले पर मुकदमा दर्ज होगा। दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि नियम तोड़ने और हुड़दंग करने वाले लोगों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही इन इलाकों में चप्पे चप्पे पर पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी होगी।

# बुजुर्गों को कराएंगे रामलला के दर्शन: सीएम

## हरियाणा के बुजुर्गों को 22 जनवरी 2024 के बाद करवाएंगे अयोध्या में राम लला के दर्शन, हम वातानुकूलित कमरों में बैठकर योजनाएं नहीं बनाते

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की राजनीति में उस वक्त एक नया अध्याय जोड़ दिया जब उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के " मन की बात " कार्यक्रम की तर्ज पर लोगों से विशेष चर्चा की "गोल्डन जुबली" बना डाली। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों के लिए किए जा रहे कल्याण के कार्यों की फीडबैक लेने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक साल पहले शनिवार को विशेष चर्चा का कार्यक्रम शुरू किया था , उसका आज 50 वां एपिसोड था। जैसे एक किसान गर्मी -सर्दी की परवाह किए बिना अपनी फसल की हिफाजत करता है ठीक उसी प्रकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी हर हाल में ( चाहे चंडीगढ़ हों या दिल्ली, या फिर किसी ग्रामीण या शहरी दौरे पर हों ) हर शनिवार को अपनी विशेष चर्चा के माध्यम से प्रदेशवासियों का हाल - चाल जाने बिना नहीं सोए।
सीएम ने वर्ष 2024 की पूर्व संध्या पर आज प्रदेशवासियों को नववर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए घोषणा की कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने के बाद हरियाणा के बुजुर्गों को "मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना" के तहत अयोध्या में राम लला के दर्शन करवाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी 25 जनवरी के बाद नए कलेवर और नए फ्लेवर में जनसंवाद कार्यक्रम को फिर से शुरू किया जाएगा। आज विशेष चर्चा की "गोल्डन जुबली" पर मुख्यमंत्री से प्रदेश के लगभग हर गांव व मोहल्ले से लोग जुड़े हुए थे। आज अपनी "स्वर्ण जयंतीय" विशेष चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं व सेवाओं के लाभार्थियों के साथ मोबाइल फोन के माध्यम से साप्ताहिक विशेष चर्चा का आज एक साल पूरा हो रहा है। विशेष चर्चा का आज यह 50वां संस्करण है। इस एक साल के दौरान मुझे विभिन्न वर्गों से सीधे बात करने का अवसर मिला है, जिससे आपकी समस्याओं ,शिकायतों व सुझावों का सीधे ही पता चला है। साथ ही मुझे विभिन्न वर्गों के कल्याण व उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं और सेवाओं के कार्यान्वयन के बारे में सीधे ही फीडबैक भी मिला



है। इस दृष्टि से यह कार्यक्रम मेरे लिए बहुत उपयोगी रहा है। इसके माध्यम से फीडबैक प्राप्त करके मैने कई योजनाओं का कार्यान्वयन सही ढंग से करवाने के लिए सिस्टम में सुधार किया। मुझे यह भी पता चला कि योजनाओं को लागू करने में कोई ढील तो नहीं बरती जा रही। जब भी मैने ऐसा महसूस किया तो उस योजना को लागू करने वाले अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्हें लोगों से मोबाइल फोन पर सीधे ही बात करने का विचार तब आया जब वे 9 दिसम्बर, 2022 को सोनीपत में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान आमजन से मिल रहे थे। उन्होंने कहा कि "मैंने महसूस किया कि कुछ लोग सार्वजनिक रूप से अपनी बात कहने में संकोच का अनुभव कर रहे थे अथवा अधिकारियों के सामने रहते अपनी बात करने में कुछ झिझक रहे थे।" मुख्यमंत्री ने बताया कि हमने तय किया कि लोग अपनी समस्याओं के लिए ,कठिनाइयों के लिए छोटे-मोटे कामों के लिए सरकार के द्वार पर न आएं, बल्कि सरकार उनके पास स्वयं जाकर उनकी समस्याओं को जाने, उनकी विकास की जरूरतों को समझे। उन्होंने कहा कि वे पिछली सरकारों की तरह

**"गोल्डन जुबली"**

**8 " मन की बात " कार्यक्रम की तर्ज पर लोगों से विशेष चर्चा की "गोल्डन जुबली" बना डाली**

वातानुकूलित कमरों में बैठने की बजाए लोगों की जरूरतों, आशाओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर समाज के हर वर्ग के हित में योजनाएं बनाते हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करते हैं कि इन योजनाओं का लाभ घरातल पर पहुंचे, पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और अपात्र इनका लाभ न उठा सकें। हम योजनाओं के सही निष्पादन व फलदायी परिणामों के लिए केवल सरकारी अधिकारियों से फीडबैक नहीं लेते, हम उन लोगों से भी फीडबैक लेते हैं, जिनके लिए ये योजनाएं बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इस साप्ताहिक कार्यक्रम के माध्यम से एक साल में 49 समूहों के लगभग 6 लाख 13 हजार लोगों से जुड़ने का अवसर मिला। यही नहीं विभिन्न योजनाओं के लगभग 750 लाभार्थियों से मोबाइल पर बात हुई, जो आज भी हमारे साथ जुड़े हुए हैं। इन लाभार्थियों ने अपनी बात रखते हुए 650 समस्याएं व सुझाव रखे। इनमें 330 समस्याएं शामिल हैं। हमने आपके व्यावहारिक सुझावों पर अमल किया. आपकी मांगों को पूरा किया और आपसे मिली फीडबैक के आधार पर कई नये नीतिगत फैसले भी लिए ।
मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने आपसे बात करने के बाद आपकी समस्याओं व सुझावों पर किए जाने वाले कार्य पर भी नजर रखी है। मुझे खुशी है कि आपके द्वारा रखी गई 330 समस्याओं में से 188 समस्याओं का समाधान हो चुका है और इस पर समस्या रखने वाले व्यक्ति ने संतोष भी प्रकट किया है। शेष समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया चल रही है, जो जल्द ही पूरी हो जाएगी।
मुख्यमंत्री ने विशेष चर्चा के दौरान लोगों से मिली शिकायतों और सुझावों का उदाहरण देते हुए कहा कि अधिकतर पर काम पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विशेष चर्चा के दौरान अनेक ऐसी समस्याओं का पता चला है, जो देखने में छोटी होती हैं , लेकिन आम लोगों के लिए वे बहुत बड़ी होती हैं। इनके समाधान भी हमने किए हैं।

# मोहना रोड पर बनाए जाने वाले एलिवेटेड पुल का सपना जल्द होगा पूरा: मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मोहना रोड पर बनाए जाने वाले एलिवेटेड पुल का सपना अब जल्द ही पूरा होने जा रहा है पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाए जाने वाले इस पुल का टेंडर आज खुल गया है और अब नए साल में कुछ ही दिनों में इस पुल की आधारशिला रखी जाएगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा शनिवार को बल्लभगढ़ के आर्य नगर के निवासियों को करीब 1 करोड़ की लागत से बनने वाली आरएमसी गलियों की सौगात देने उपरांत संबोधित कर रहे थे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बल्लभगढ़ के विकास में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जमकर विकास के लिए धनराशि दी। देश में प्रधानमंत्री श्री। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी नेतृत्व में चहुमुखी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जिसके कारण आज बल्लभगढ़ विकास के पथ पर है। बल्लभगढ़ की करीब 50 कॉलोनी और पृथला विधानसभा क्षेत्र सहित करीब 84 गांव के साथ-साथ जेवर एयरपोर्ट आने जाने में मोहना रोड के एलिवेटेड पुल का लाभ लोगों को मिलेगा। वही बल्लभगढ़ विधानसभा के सेक्टरों और आईएमटी एरिया को इस पुल का लाभ मिलेगा। बल्लभगढ़ मोहना रोड पर लगने वाले लंबे जाम से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जहां लोगों को उनके घर द्वार पर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी दी जा रही है। लोगों के परिवार पहचान पत्र सहित सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का आन लाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर लाभ दिया जा रहा है।

# सीएम गुरुग्राम से करेंगे वन टाइम सेटलमेंट योजना का शुभारंभ आज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार 31 दिसंबर को गुरुग्राम से आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा (एसजीएसटी) की एक मुश्त व्यवस्थापन (वन टाइम सेटलमेंट) योजना का शुभारंभ करेंगे। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जिनके पास आबकारी एवं कराधान विभाग का प्रभार भी है, की भी कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। यह कार्यक्रम रविवार को प्रातः 10 बजे से सेक्टर 44 स्थित अपैरल हाउस, गुरुग्राम में आयोजित होगा।मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर आबकारी एवं कराधान विभाग के प्रधान सचिव देवेंद्र सिंह कल्याण व आबकारी एवं कराधान आयुक्त अशोक कुमार मीणा ने शनिवार को अपैरल हाउस का दौरा किया और तैयारियों का जायजा लिया। प्रधान सचिव ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है ऐसे में कार्यक्रम में

# भारत में वर्ष 2047 तक अमेरिका को पीछे छोड़ने की क्षमता: औमप्रकाश धनखड

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि अमृत काल के अगले 24 साल में हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, इसके लिए दुनिया का धाकड़ (आर्थिक रूप से सशक्त) देश बनाने के लिए युवा शक्ति को संकल्प के साथ कार्य करना होगा। युवा पीढ़ी विकसित भारत का एंबेसडर बनकर अपनी कार्य दक्षता का परिचय दें। धनखड़ शुक्रवार को बादली विधानसभा क्षेत्र के गांव दरियापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी वाली वैन देश के साढे छह लाख और हरियाणा के सभी साढे छह हजार गांवों में जा रही है। दरियापुर पंहुचने पर राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ का क्षेत्र की सरदारी और ग्राम पंचायत, अधिकारियों और ग्रामीणों ने जोरदार अभिनंदन किया।
**मोदी के नेतृत्व में हुए बदलाव से हो रही तरक्की:** भाजपा के

**युवा शक्ति**

**8 अमृत काल में भारत को दुनिया का धाकड़ देश बनाने के लिए आगे आए युवा शक्ति: धनखड़**

राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व मे पिछले पौने दस वर्षों में बड़े बदलाव हुए हैं। देश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य हुए हैं,आज हर घर



में नल से जल पहुंच रहा है,वहीं धुएं से निजात दिलाने के लिए महिलाओं को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के माध्यम से लाभाविंत करने की सराहनीय पहल की गई है।
आज भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में जर्मनी और जापान को पछाडकर भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा और अमृतकाल में वर्ष 2047 तक अमेरिका को भी पीछे छोड़ देने की क्षमता भारत के युवाओं में है।
धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी का सपना है कि देश को विकसित बनाने के लिए हमें अगली पीढ़ी को इस कार्य में लगाना है,देश की आमदनी बढ़े,यह तभी बढ़ेगी,जब हम सबका पूरी तरह से खुशहाल होंगे।

# विकास के दम पर जीतती है भाजपा: नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी** ने कहा है कि भाजपा विकास करके चुनाव जीत रही है, जबकि कांग्रेस केवल होर्डिंग लगाकर चुनाव जीतना चाहती है। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में भय और भ्रष्टाचार का वातावरण था, लेकिन भाजपा शासन में सर्वसमाज के लिए समान रूप से प्रदेश सरकार कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। सैनी शनिवार को गुरुग्राम के सेक्टर-31 स्थित हुडा ग्राउंड में भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित सर्वसमाज समरसता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मोदी और मनोहर सरकार की उपलब्धियां जनता को बताई और कांग्रेस को घेरा। सम्मेलन में



प्रदेश अध्यक्ष सैनी और केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव का 36 बिरादरी की तरफ से सम्मेलन की संयोजिका उषा प्रियदर्शी एवं ओबीसी मोर्चा की टीम ने 36 मीटर की पगड़ी बांधकर सम्मान किया गया। सर्वसमाज समरसता सम्मेलन के आयोजन पर नायब सैनी और डा. सुधा यादव और सभी नेताओं ने कार्यक्रम की संयोजक उषा प्रियदर्शी की खूब तारीफ की। सम्मेलन में उपस्थित भीड़ को देखकर गदगद नायब सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर की नीतियों और जनता के आशीर्वाद से तीसरी बार 2024 में डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है। सैनी ने मोदी-मनोहर की सरकार को गरीब व्यक्ति की चिंता करने वाली सरकार बताया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने ऐसी-ऐसी गरीब कल्याण की योजनाएं बनाई है जिनके कारण गरीबों का मान सम्मान बढ़ा है और आर्थिक मजबूती भी आई है। सम्मेलन में कांग्रेस पर तंज कसते हुए सैनी ने कहा कि लंबे समय तक देश और प्रदेश में कांग्रेस की सरकारें रहीं। कांग्रेस गरीबी हटाओ का नारा देकर वोट ले लेती थी और गरीब फिर सरकार को ढूंढता था। सैनी ने कहा कि मोदी और मनोहर सरकार साढ़े नौ सालों से जनता से वोट लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव-गांव, शहर- शहर में जाकर गरीब लोगों को ढूंढ-ढूंढ कर योजनाओं से जोड़ रही है। भाजपा की सरकार में गरीबों को अब इलाज कराने की चिंता नहीं है। मोदी-मनोहर सरकार ने आयुष्मान और चिरायु योजना से गरीबों को 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज कराने की गारंटी दी है।
नायब सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया इतिहास लिखा जा रहा है। इन साढ़े 9 सालों में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। हरियाणा की मनोहर सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरियां मिल रही है। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया और आज अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा है। उन्होंने कहा कि मोदी जो बोलते हैं वह करते हैं और जो नहीं बोलते उसे भी करते हैं।

# सीएम युवाओं को योग्यता के आधार पर दे रहे हैं नौकरियां: विधायक लीला राम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
**विधायक** लीला राम ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन करके युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां दे रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक सुत्र में पिरोते हुए देश को खुशहाल बनाने का काम किया है। विधायक लीला राम रविवार को जिला कैथल के गांव नैना और मालखेड़ी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। विधायक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और मौके पर मौजूद ग्रामीणों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।
उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों में आ रही जागरूकता वैन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की गाड़ी है। इस वैन के माध्यम से लोगों को यह स्पष्ट संदेश है कि सरकार अंत्योदय की भावना से जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। सरकार का मकसद पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देना है। केंद्र व प्रदेश सरकार पारदर्शिता के

**व्यवस्था परिवर्तन**

**8 विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला कैथल के गांव नैना और मालखेड़ी में हुआ आयोजन**

साथ योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देकर एक मिसाल कायम की है जिसके कारण आज प्रदेश का गरीब एवं उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त युवा रोजगार प्राप्त कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विधायक ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित देशों की सूची में शामिल करने का संकल्प लिया है और प्रधानमंत्री के इस संकल्प को पूरा करने के प्रत्येक देशवासी को सहयोग करना होगा। आज इसी संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के करोड़ों लोगों को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ देने के लिए गांव-गांव में सरकारी अधिकारी व कर्मचारी मौके पर जाकर योजनाओं की जानकारी दे रहे तथा लाभार्थी को मौके पर ही लाभ मिल रहा है। गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं को उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर व चूल्हा और इसके साथ-साथ अन्य सभी योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ सभी जरूरतमंदों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, ताकि कोई भी गरीब विकास की इस यात्रा में सहभागी बनने से वंचित न रह जाए। इस यात्रा के माध्यम से सरकार अपने सभी अग्रणी कार्यक्रमों का लाभ देश के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना चाहती है। सरकार का मानना है कि केवल औद्योगिक विकास से ही देश खुशहाल नहीं हो सकता। गरीबों और वंचितों को भी विकास की दौड़ में सहभागी बनाना होगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब गरीब और वंचित भी विकास की मुख्यधारा में शामिल होंगे।

# अवैध कार्य करने वालों पर पूरे साल हुई कड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल साल भर एक तरफ जहाँ प्रदेश वासियों के लिए जन कल्याण के कार्यों में जुटे रहे, तो वहीं दूसरी तरफ उनकी गैर कानूनी काम करने वालों पर भी कड़ी नजर रही। उनके दिशा-निदेर्शों पर मुख्यमंत्री-उडनस्ता ने साल भर सक्रियता से कार्य करके विभिन्न सरकारी विभागों / संस्थानों तथा गैर सरकारी प्रतिष्ठानों पर कुल 2,236 रेड / छापेमारी की गई। इसके अंतर्गत खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर 454, अवैध अहाता चलाने वालों पर 255, विभिन्न सरकारी विभागो में 321, ओवरलोड / अवैध माइनिंग के संबंध में 187, सरकारी राशन डिपो / मिड-डे-मील स्टॉक में गड़बड़ी व काला बाजारी करने वालों पर 108, घरेलू गैस सिलेंडरो की कालाबाजारी 84, जीएसटी चोरी करने वालों पर 53, नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों पर 33, ई-सिगरेट बेचने वालों पर 30, अवैध पब / हुक्का बार चलाने वाले 18 प्रतिष्ठानों पर रेड की गई। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी में देते हुए बताया कि रेड के दौरान कुल 727 मुकदमें दर्ज करवाये गए हैं। इन मामलों में 768 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा लगभग 13 करोड़ रुपये जुमार्ने के रूप में वसूले गए। उन्होंने विस्तार से बताया कि गुरुग्राम में बिजली विभाग के साथ मिलकर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता द्वारा एक क्रेशर में बिजली चोरी पकड़ी गई। इस पर मुकदमा दर्ज करवाते हुए 3 करोड़ से अधिक का जुमार्ना किया गया।
युवाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर भी मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की पैनी नजर रही। फरीदाबाद में बिना लाइसेंस के अवैध विदेशी सिगरेट बनाने वाली फैक्ट्री पर छापे में लगभग 2 करोड़ रुपये की 10 लाख सिगरेट कब्जे में ली गई। गुरुग्राम में प्रतिबंधित ई-सिगरेट व अवैध विदेशी सिगरेट बरामद की गई। इसकी बाजार में कीमत लगभग 20 लाख रुपये थी। प्रवक्ता ने आगे बताया कि हिसार व फतेहाबाद में नकली राशन बनाने की इकाई पकड़ी गई। इसी प्रकार बिना परमिट के चल रहे अवैध अहातों व ठेकों पर भी लगातार कार्यवाही की गई।

# 'सरकारी स्कूलों के आधारभूत ढांचे में किया गया है सुधार'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**
**हरियाणा** के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में सभी आधुनिक सुविधाएं व पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराकर शिक्षा के स्तर में सुधार किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप अभिभावकों और विद्यार्थियों का रूझान सरकारी विद्यालयों की ओर निरंतर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा विद्यालयों में विद्यार्थियों को आधारभूत, ढांचागत विकास के साथ सुखद शैक्षणिक माहौल प्रदान किया जा रहा है। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली शनिवार को टोहाना में विभिन्न राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में 1 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित कमरों, लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला और पायलट प्रोजेक्ट के तहत भवन के जीर्णोद्धार का उद्घाटन और शिलान्यास करने उपरांत विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोहाना में 16 कमरे बनाए जायेंगे, उसके लिए 3 करोड़ 54 लाख रुपये की ग्रांट जारी हुई है, जिस पर जल्द ही टेंडर लगाकर काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सरकारी स्कूलों के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देकर स्कूलों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर गुणवत्तापरक शिक्षा दी जा रही हैं, जिनका विद्यार्थियों को पूरा लाभ मिल रहा है।

# गृह मंत्री अनिल विज के आवास पर कोने-कोने से पहुंचे सैकड़ों फरियादी

## विज ने झज्जर में हुई हत्या के मामले में कार्रवाई नहीं करने वाले आईओ बदलने व जांच दूसरे जिले के डीएसपी से कराने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने झज्जर में हुई हत्या के एक मामले में कार्रवाई नहीं करने वाले आईओ (जांच अधिकारी) को बदलने और इस मामले की जांच किसी दूसरे जिले के डीएसपी से कराने के निर्देश दिए।
विज शनिवार को अंबाला में अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। झज्जर से आए फरियादी ने रोते हुए गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि कुछ आरोपियों ने उनके घर में हमला बोलते हुए उसके ससुर की हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया, लेकिन कार्रवाई नहीं की। उनका आरोप था कि पुलिस ने कुछ आरोपियों को इस मामले में छोड़ दिया। गृह मंत्री अनिल विज ने फरियादी की शिकायत पर कड़ा संज्ञान लेते हुए मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। कुरुक्षेत्र से आई महिला फरियादी ने बताया कि उसका पति घोड़ा-बुग्गी चलाता हैं। कुछ माह पूर्व वह रात्रि के समय एक विवाह में घोड़ा-बुग्गी लेकर गए। शादी में दूल्हे के रिश्तेदारों ने फायर किया और

**निर्देश**

**8 कार्रवाई नहीं करने वाले आईओ को बदलने और जांच किसी दूसरे जिले के डीएसपी से कराने के निर्देश दिए**

गोली उसके बेटे को लग गई। बेटे को अस्पताल में उपचार दिया गया, पुलिस ने केस दर्ज किया, लेकिन आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। गृह मंत्री ने एसपी कुरुक्षेत्र को फोन कर आरोपियों की गिरफ्तारी के दिशा-निर्देश दिए।



**गृह मंत्री अनिल विज ने कबूतरबाजी के कई मामले एसआईटी को जांच के लिए सौंपे:** गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामले आए जिन पर उन्होंने संज्ञान लेते हुए कबूतरबाजी मामलों के लिए गठित एसआईटी को कार्रवाई के निर्देश दिए। यमुनानगर निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसके बेटे को कनेडा भेजने के नाम पर एजेंट ने उसके साथ 16 लाख रुपए की ठगी की। इसी तरह, बराड़ा के रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति को अरमेनिया भेजने के नाम पर एजेंट ने पांच लाख रुपए की ठगी की। शहजादपुर निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसके बेटे को अमेरिका भेजने के नाम पर 51.65 लाख रुपए की ठगी की। मोहाली स्थित एजेंट से पैसे वापस मांगे मगर उसने धमकियां दी। इसी तरह, यमुनानगर निवासी महिला ने उसके बेटे को दुबई भेजने के नाम पर 2.15 लाख रुपए की ठगी की।

## न्यूज फ्लैश

### प्रभु पार्श्व जन्म कल्याणक पर भजन संध्या आज

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
जैन परंपरा के तेईसवें तीर्थंकर श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में एक शाम प्रभु पार्श्व के नाम भजन संध्या भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज के पावन सान्निध्य में 31 दिसंबर को तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में इंदोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है।

भजन संध्या की अध्यक्षता नवीन जैन (अरिहंत ट्रेडर्ज, अंबाला छावनी) करेंगे। झंडा फहराने की रस्म प्रधान अशोक जैन, कमीशन एजेंट मुलाना के करकमलों से होगी और प्रभु पार्श्व दरबार का अनावरण समाजसेवी पुनीत जैन, कमीशन एजेंट बनूड़ वाले संपन्न करेंगे। दोपहर लंगर की सेवा जैन एंड कंपनी प्रॉपर्टीज, करनाल की ओर से रहेगी और कार्यक्रम की समाप्ति पर अल्पाहार का प्रबंध राजेंद्र जैन (पूर्व जैन सभा प्रधान, घरौंडा) के सौजन्य से रहेगा। भक्ति गीतों से प्रभु का गुणगान पद्मावती म्यूजिकल ग्रुप, जीरकपुर द्वारा किया जाएगा।

### जीवन में सफलता प्राप्त करने का प्रयत्न करते रहना चाहिए: उपासना सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** ओपीएस विद्या मंदिर में वार्षिक उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपासना सिंह ने शिरकत की, जो भारतीय फिल्म अभिनेत्री होने के साथ-साथ स्टैंडअप कॉमेडियन भी हैं। वे अपने ऑन स्क्रीन स्टाइल, पंजाबी और मजेदार अंग्रेजी डायलॉग डिलीवरी के लिए लोकप्रिय हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर रेणु बाला गुप्ता, जेल अधीक्षक अमित भादू की धर्मपत्नी शशि भादू, अनीता जैन, अलीशा जैन, आरती भादू एवं अंशुमान भादू ने शिरकत की। विद्यालय की प्रबंधक समिति के अंतर्गत चेयरपर्सन सुषमा बंसल, मैनेजिंग डायरेक्टर अमन बंसल, एकेडमिक डायरेक्टर पूर्ति बंसल एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. जसप्रीत सूद के दिशा-निर्देश निर्देश में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति जी की आराधना से किया गया। उसके उपरांत विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दीं, जिनका उद्देश्य स्मार्ट फोन और मोबाइल को अपने ऊपर हावी न होने देना व आत्म संयम रखना रहा। छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों जैसे ड्रीम डांस, क्लासिकल डांस, कव्वाली, माइम ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि उपासना सिंह ने अपने बचपन की यादों को बच्चों के साथ सांझा किया और कहा कि बच्चों की जिस क्षेत्र में रुचि हो, जीवन में उस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने का प्रयत्न करते रहना चाहिए। सफलता अवश्य मिलती है। साथ के साथ उन्होंने कहा कि शिक्षण में भी अभिनय का बहुत महत्व होता है, जो कि आज मंच पर देखने को मिला है। बच्चों के अभिनय से यह सीख मिलती है कि किस तरह से हमें अपने जीवन में भौतिक चीजों का संतुलन बनाकर रखना है।

मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए जीवंत मंचन ने हम सबके मन पर गहरी छाप छोड़ दी है। शशि भादू ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा प्रदर्शित नैतिक मूल्यों तथा आदर्शों की सराहना की। इस अवसर पर चेयरपर्सन सुषमा बंसल ने मेडिटेशन और योगा को जीवन में अपनाने का अनुरोध किया।

मैनेजिंग डायरेक्टर अमन बंसल ने कहा कि एक मोबाइल फोन छात्रों के लिए इंटरनेट की विशाल दुनिया की खिडकी है, जो अक्सर छात्रों का ध्यान भटका सकता है इसलिए इसका प्रयोग बुद्धिमता से करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

### सैशन जज ने किया जिला जेल, प्लेस आफ सेफ्टी और श्रद्धानंद अनाथालय का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सौरभ खत्री आज जिला कारागार पहुंचे, जहां उन्होंने बंदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं के उचित निवारण हेतु आव्श्यक दिशा-निर्देश पारित किए। इसके अलावा उन्होंने वीसी कक्ष का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ जेल अधीक्षक, उपाधीक्षक एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता सोनू कुमार भी उपस्थित रहे।

इसके पश्चात सैशन जज चन्द्रशेखर व सौरभ खत्री करनाल प्लेस आफ सेफ्टी पहुंचे, जहां उन्होंने यहां रह रहे ज्युविनायलों से बातचीत की। मौका पर सुपरिटेंडेंट, प्लेस आफ सेफ्टी भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि कक्षा दसवीं व बारहवीं के लिए जितने भी ज्युविनायलो ने परीक्षा दी थी, उन्होंने परीक्षा पास की है। चन्द्रशेखर ने सभी उत्तीर्ण ज्युविनायलों को बधाई दी और भविष्य में आगे की शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# युवक की हत्या मामले में हुआ सनसनीखेज खुलासा

## पड़ोस की महिला के साथ था अफेयर, प्रेमिका ने दूसरे प्रेमी से करवाया मर्डर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिले के मुगल माजरा गांव के सुमित की हत्या के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। 23 दिसंबर की रात को हत्या के बाद उसका शव नहर में फेंका गया था, जो कि अभी तक भी बरामद नहीं हुआ है। परिजन भी मान चुके हैं कि सुमित का 6 वर्ष से पड़ोस की एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब 2 साल से महिला का दूसरे प्रेमी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक की 17 जनवरी को शादी होनी थी। इसके चलते महिला सुमित को कम भाव देने लगी थी। महिला की परेशानी को देखकर दूसरे प्रेमी ने सुमित की हत्या की और रात को ही शव को ठिकाने लगा दिया। दोनों उसके शव को पल्ली में बांध कर बाइक पर रखकर ले गए और कुराली के पास पश्चिमी यमुना नहर में फेंक दिया। आरोपी महिला व दूसरे प्रेमी ने यह खुलासा पुलिस पूछताछ में किया है। सुमित 5 साल से एक की जगह पर ड्राइवर की नौकरी कर रहा था। सुमित के छोटे भाई शक्ति ने बताया कि उसका भाई ड्राइवरी का काम करता था और करीब 5 साल एक ही जगह पर था। सुमित सबसे बड़ा था और उससे छोटे दोनों भाई भी अपना अपना काम करते हैं। घर वाले भी उसकी शादी की तैयारी कर रहे थे।



रिश्ता तय हो चुका था और आने वाली 17 जनवरी को सुमित की शादी होनी थी। घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन उनकी खुशियों को ग्रहण लग गया। शक्ति बताता है कि 23 दिसंबर की रात को करीब आठ बजे उसका भाई खाना खाने के बाद टहलने के लिए घर चला गया था। यह सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि वह घर पर अकेला आ रहा है। बाद में सवा 9 बजे जब उसके पास महिला का फोन आया, वह उससे मिलने के लिए चला गया। इसके एक घंटे बाद महिला व उसका प्रेमी बाइक पर जाते हुए दिखते हैं और शव को बीच में लेकर रखकर नहर की तरफ लेकर जाते हैं। पुलिस पूछताछ में यह सामने आया कि महिला सुमित से परेशान हो चुकी थी। 23 दिसंबर को जब सुमित को महिला ने घर पर बुलाया तो उसकी जानकारी दूसरे प्रेमी को थी। आरोपी ने सुमित को रास्ते में ही रोक लिया। उसको अपने साथ खेत में लेकर गया। जहां पर उसके साथ मारपीट कर हत्या कर दी और महिला को फोन कर उसे जानकारी दी। इसके बाद महिला ने कहा कि वह उसकी लाश को देखना चाहती है। आरोपी महिला को घर से लेकर आता है और खेतों में ले जाता है। जहां पर सुमित के शव को प्लास्टिक की पल्ली में बांधकर बाइक के बीच में रखते हैं और नहर में शव फेंकने के लिए चले जाते हैं। इसकी तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई हैं। पिता रमेश ने बताया कि जब आधी रात तक सुमित वापस नहीं लौटा तो पूरे परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। 24 और 25 दिसंबर को भी परिवार ने अपने स्तर पर सुमित को ढूंढने की बहुत कोशिश

# पुलिस एएसआई की वाहन द्वारा कुचले जाने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिले के इंद्रगढ़ गांव के पास एक अज्ञात वाहन चालक ने पुलिस के एएसआई को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रात को घने कोहरे का फायदा उठाकर ड्राइवर वाहन समेत फरार हो गया। मृतक एएसआई की पहचान ऋषिपाल के तौर पर हुई है। वह अगले साल अक्टूबर महीने में रिटायर्ड होने वाले थे। इनका बेटा आस्ट्रेलिया में है और उनके आने के बाद कल अंतिम संस्कार किया जाएगा। ग्रामीण अनुज ने बताया कि एएसआई ऋषिपाल फिलहाल मधुबन थाने में तैनात था। शुक्रवार शाम को वह बाइक पर सवार होकर घर से इन्द्री बाजार में कुछ सामान लेने के लिए जा रहा था। इंद्री रोड पर चढ़ा तो पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन से उसे टक्कर मार दी। वह नीचे गिर गया तो वाहन उसको कुचलते हुए ऊपर से निकल गया। सड़क से गुजर रहे लोगों ने ऋषिपाल को इंद्री अस्पताल में पहुंचाया। जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में उसकी बाइक भी बुरी तरह से टूट गई। सूचना मिलते ही ऋषिपाल के परिजन अस्पताल पहुंचे। रात को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। कल बड़े बेटे के आस्ट्रेलिया से वापस आने के बाद राजकीय सम्मान के साथ गांव में उनका अंतिम संस्कार होगा। परिजन अनुज ने बताया कि ऋषिपाल सन 1993 में पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था। अब उसे पुलिस महकमें में नौकरी करते हुए 30 साल हो चुके थे।

# 'भारत को यदि एक विकसित राष्ट्र बनाना है तो हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
भारत को यदि एक विकसित राष्ट्र बनाना है तो हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भरपूर प्रयास कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में देश ने बहुत सी उपलब्धियां हासिल की हैं और निरंतर अग्रसर है। हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री का साथ देना होगा। यह बातें पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने शनिवार को बस्तली में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव बस्तली में पहुंचने पर ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि भारत देश आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रहा है। भारत के लिए अगले 25 साल बहुत ही अहम हैं, 2047 तक हमें मिलकर भारत को आत्मनिर्भर और विकसित देश बनाना है। समाज के कमजोर वर्ग को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार संकल्पबद्ध है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से सभी लोगों तक सभी सरकारी योजनाओं की जानकारियों को पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को कृषि यंत्र खरीदने पर सब्सिडी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त कृषि कार्य में आधुनिकीकरण किया जाए, इसके लिए भी प्रदेश सरकार द्वारा कई प्रकार की योजनाएं तैयार कर किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योग्यतानुसार ऋण देकर लघु उद्योग स्थापित करने के अवसर प्रदेश सरकार द्वारा दिये जा रहे है ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित जन समूह को संकल्प शपथ भी दिलवाई गई। पूर्व विधायक ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल्स का भी अवलोकन किया और योजनाओं की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वे अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

# गैस सिलेंडरों की सप्लाई करने वाले ड्राइवर गए हड़ताल पर

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** गुढ़ा गैस प्लांट से सिलेंडरों की सप्लाई करने वाले ट्रक व टैंकर ड्राइवरों ने हड़ताल कर दी है। न तो कोई टैंकर प्लांट के अंदर जा रहा है और न ही प्लांट से सिलेंडर की गाडि़ याें भरकर बाहर आ रही हैं। ऐसे में हड़ताल कब तक जारी रहेगी, इसको लेकर भी कुछ कहा नहीं जा सकता।



दरअसल ट्रक ड्राइवर व ऑपरेटर आइपीसी के तहत सड़क दुर्घटना के नए कानून का विरोध कर रहे हैं। नए नियम के तहत ट्रक की चपेट में आने से किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है तो आरोपी ड्राइवर पर 10 लाख के जुर्माने के साथ-साथ 10 साल की सजा का प्रावधान कर दिया गया है, जिससे ट्रक ड्राइवर इस नियम से नाराज है।

गुढ़ा गैस प्लांट के ट्रक ड्राइवरों व ऑपरेटरों का कहना है कि पहले अगर सड़क दुर्घटना हो जाती थी तो उन्हें बेल मिल जाती थी और उनका केस चलता रहता था, लेकिन अब सरकार ने पूरा का पूरा रास्ता ही रोक दिया है। सड़क दुर्घटना होती है तो उन्हें मजबूरन भागना पड़ता है, क्योंकि अगर वे मौके पर रूके तो पब्लिक उन्हें जान से मार देगी। कोई भी ड्राइवर जान बूझकर दुर्घटना नहीं करता है।

# यूपी के बदमाशों ने की युवक की हत्या, फिल्मी अंदाज में दिया वारदात को अंजाम

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** यूपी के बदमाशों ने युवक की पुरानी रंजिश के चलते हत्या कर दी। रात करीब 10 बजे उत्तम नगर में 10 से 15 बदमाश पूरी तैयारी के साथ आए थे। सभी के हाथ में तेजधार हथियार व पिस्टल थी। युवक को फिल्मी अंदाज में तेजधार हथियारों के साथ बार-बार वार करके मौत के घाट उतारा गया। इतना ही नहीं बदमाशों ने गली के लोगों को भी धमकी दी कि अगर कोई व्यक्ति घर से बाहर निकला तो उसको भी गोली मार दी जाएगी, जिसके बाद लोग डर के मारे घर से बाहर नहीं निकल पाए।

दूसरी ओर परिजन आज आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिला सचिवालय में एसपी शशांक कुमार सावन से मिलने के लिए पहुंचे। जहां पर उन्होंने शव को उठाने मना कर दिया था, लेकिन डीएसपी के आश्वासन के बाद परिजन शव उठाने को तैयार हो गए। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार रात 10 बजे बदमाश पूरी प्लानिंग बनाकर आए थे। आरोपियों ने पहले बाइक पर दो युवकों को उत्तम नगर निवासी 32 वर्षीय सोनू के घर भेजा, ताकि वह उसे घर से बाहर बुला सकें। जैसे ही बदमाशों ने सोनू को बुलाया तो वह रात को गेट पर पहुंचा। जैसे ही

**सनसनी**

**8 पुलिस ने कोई कार्वाई नहीं की। अगर पुलिस समय पर कार्रवाई करती तो उसका बेटा आज जीवत होता**

बाहर निकला तो बदमाशों ने उसे वहीं पर दबोच लिया और बाकी बदमाश भी पीछे-पीछे उसके घर में घुस गए। इसके बाद लगातार कई बार उस पर चाकुओं और तेजधार हथियारों आदि से वॉर किए गए। मृतक सोनू के पिता कंवरपाल ने बताया कि इस दौरान बदमाशों ने हम सबको घर में बंधक बना लिया। मेरा बेटा सोनू अपनी जान बचाने के लिए घर के बाहर गली में भागा और अपनी दुकान में भी घुसा, लेकिन बदमाशों ने उसे नहीं छोड़ा। बाद में बदमाश उसे घर से घसीटते हुए बाहर लेकर आए और उसके पूरे शरीर पर तलवारों से गंडासियों व चाकुओं से वॉर किए। पूरे घर व गली युवक का खून बिखरा पड़ा था। लेकिन कॉलोनी में किसी भी हिम्मत नहीं पड़ी कि सोनू को बदमाशों से छुड़वा लें। यह सब सोनू के छोटे-छोटे बच्चों व परिवार के सामने हो रहा था और देखते ही देखते सोनू ने अपने बच्चों की आंखों के सामने दम तोड़ दिया। कंवर पाल ने बताया कि सोनू का करीब तीन माह पहले यूपी के कुछ युवकों से विवाद हो गया था। पहले भी सोनू के साथ मारपीट की गई थी और उसे जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी शिकायत पुलिस से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसने बताया कि 15 दिन पहले भी उसके बेटे के पास धमकी भरा फोन आया था, जिसमें बदमाश ने बेटे को कहा था कि तुझे मारने के लिए 5 लाख रुपए की सुपारी ली है मैंने, अगर जीना चाहता है तो घर छोड़कर भाग जा। इसकी भी शिकायत पुलिस को की, लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अगर पुलिस समय पर कार्रवाई करती तो उसका बेटा आज जीवत होता।

# मोदी की गारंटी वाली गाड़ी बढ़ा रही है लोगों का विश्वास: रेनू बाला

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** मेयर रेनू बाला गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव जड़ौली में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि देशवासियों को विकसित भारत के संकल्प से जोडने का ये अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहां भी जा रही है, वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जन-जन के सशक्तिकरण को समर्पित कल्याणकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हेतु सरकार कटिबद्ध है। मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि आम आदमी सुचारू रूप से जिंदगी जिए और सरकार की जनकल्याणिकारी नीतियों एवं योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले।

उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है, जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। गरीब परिवारों का चूल्हा धुंआ रहित हो, इसके लिए सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवार की महिलाओं को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवार की बेटी को कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। ऐसे गरीब परिवार जिन के घर में कोई नौकरी नहीं है उसे 5 अंक अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। इस मौके पर मेयर ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया।

# गोदाम से बारदाने के बंडल चोरी करने वाले दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
थाना घरौंडा की टीम ने शिकायतकर्ता रामकुमार के पनोड़ी रोड घरौंडा पर स्थित आकाश एग्रोटेक लिमिटेड के गोदाम से 25 दिसंबर को करीब तीस बंडल बारदाने के चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को कस्बा घरौंडा से गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता की शिकायत पर थाना घरौंडा में 26 दिसंबर को चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी अमित कुमार पुत्र कृष्ण लाल वासी घरौंडा और रजत पुत्र मामचंद वासी अराईपुरा को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चुराए गए बारदाने के बंडल और वारदात में इस्तेमाल टेंपो एचआर 45बी 3210 बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने अपने तीसरे अन्य साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी नशेड़ी किस्म के व्यक्ति हैं।

# '22 लाख रुपये की लागत से बनेगा शर्फली खेड़ी में शहीदी द्वार'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** पूर्व विधायक सरदार बक्शीश सिंह ने शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव शर्फली खेड़ी गांव में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब आदमी के घर में बीमार व्यक्ति के इलाज की सुदृढ़ व्यवस्था की है। आयुष्मान व चिरायु कार्ड से गरीब व्यक्ति के स्वास्थ्य के सपने साकार हो रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि शर्फली खेड़ी गांव में जल्द ही मुख्य प्रवेश पर 22 लाख रुपये की लागत से शहीदी द्वार



बनाया जाएगा, जिसका अस्टिमेट बनाकर पहले ही सबंधित विभाग द्वार तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब आदमी के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान कार्ड शुरू किया है और प्रदेश सरकार ने 1 लाख 80 हजार से कम आय वाले परिवारों के लिए निशुल्क रूप से आयुष्मान कार्ड की व्यवस्था की है। इन परिवारों का स्वत ही बीपीएल कार्ड और आयुष्मान कार्ड बन रहा है। इसके साथ-साथ इन्हें अन्य योजनाओं का लाभ भी स्वत ही मिल रहा है।

पूर्व विधायक बक्शीश सिंह ने सभी विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन किया और सभी को निर्देश दिए के एक भी आदमी का काम नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह के साथ जन संवाद भी किया और एक-एक करके सभी सभी की समस्याएं लिखित रूप में स्वीकार की और संबंधित विभागों को अग्रेषित किया। इस अवसर उपस्थित जन समूह को भाजपा नेता सज्जन अत्री ने विकसित भारत संकल्प की शपथ भी दिलवाई।

# बलहेड़ा और खरकाली पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव बलहेड़ा और खरकाली पहुंची। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हरियाणा में एक समय था जब जनता को बहकाने के लिए कर्ज और बिजली बिल माफ करने जैसे झूठे वादे किए, गए लेकिन अब वह समय बीत गया है। सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले, इसीलिए सरकार आज यात्रा के माध्यम से गांवों में पहुंच रही है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि समाज को बांटने के लिए बहुत से लोग आपके बीच में



आएंगे। इनसे पूछना कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने समाज हित में क्या किया? भाजपा झूठ में विश्वास नहीं रखती। उसकी कथनी और करनी एक है।

गांव बलहेड़ा पहुंचने पर सरपंच सागर और खरकाली में सरपंच कर्मबीर ने विधायक का स्वागत किया। हरविंद्र कल्याण ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। इससे पहले ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा की योजनाओं के विकास पर बनी फिल्म दिखाई गई। बिजेंद्र नरवाल व उनकी पार्टी ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किये। विधायक ने बलहेड़ा और जगदीश राणा ने खरकाली में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। विधायक ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य तेजी से जारी हैं। सरकार का प्रयास है कि सामूहिक विकास कार्यों के साथ-साथ पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिले। यदि कोई पात्र व्यक्ति अभी तक योजना का लाभ नहीं उठा सका है तो वह आज गांव पहुंची मोदी की गाड़ी के माध्यम से उठा सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री को गरीब हितैषी व राष्ट्रभक्त बताते हुए कहा कि मोदी ने पीएम पद संभालते ही गरीबों के कल्याण की योजनाएं बनानी शुरू कर दी थीं। इन योजनाओं का लोगों को फायदा भी पहुंचना शुरू हो गया है। अब कांग्रेस शासन की तरह करोड़ों के घोटाले सुनने को नहीं मिलते। जनता नेताओं को वोट इसलिए देती है कि वे समाज की सेवा करें, न कि अपना घर भरें। इस मौके पर विधायक द्वारा दोनों गांवों में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी गई।

बलहेड़ा में आज रफत अली, मंगाराम, जमील, प्रभजोत कौर और महिपाल के बीपीएल कार्ड बनाए गए। खरकाली में 25 आयुष्मान और एक बीपीएल कार्ड तथा एक व्यक्ति की पेंशन बनाई गई। इस अवसर पर बलहेड़ा गांव में महमूद, मुशव्वदा और जुल्फाना को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। साथ ही सलेमन, साहिदान और हनीशा की पेंशन बनाई गई।

# करनाल की बेटी और परिवार की अमेरिका में मौत, तीनों के शव घर में पड़े मिले

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** हरियाणा के प्रसिद्ध वकीलों में से एक करनाल के तेजेंद्र पाल सिंह बेदी के दामाद, बेटी और नाती अमेरिका में संदिग्ध हालातों में मृत पाए गए। हत्या है या फिर आत्महत्या, इस पहलू पर अमेरिकन पुलिस जांच कर रही है। इस हृदय विदारक घटना से बेदी परिवार टूट सा गया है। सामाजिक, राजनीतिक व गणमान्य लोग करनाल में बेदी निवास पर पहुंचकर टीपी बेदी व उनके परिवार को सांत्वना देने के लिए पहुंच रहे है।

करनाल के मॉडल टाउन निवासी एडवोकेट बेदी ने करीब 25 साल पहले ही अपनी बेटी टीना की शादी करनाल में ही धूमधाम से की थी। शादी के बाद टीना अपने पति के साथ अमेरिका चली गई थी, क्योंकि लडके का अमेरिका में ही बहुत बड़ा बिजनेस था। एडवोकेट बेदी का दामाद राकेश कमल मूल रूप से दिल्ली का रहने वाला है, लेकिन वर्ष 1960 से उनकी पूरी फैमिली अमेरिका में है। वहीं पर राकेश का जन्म हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक वर्ष पहले ही टीना अपने पति व बेटी के साथ करनाल में अपने पिता से मिलने के लिए आई थी। अब एडवोकेट बेदी और उनका परिवार अपनी बेटी की यादों को याद कर करके बिलख रहा है। अमेरिका में ही तीनों का अंतिम संस्कार होगा। करनाल में पूर्व विधायक सुमिता सिंह, कांग्रेस नेता त्रिलोचन, नहर सिंह संधू व अन्य ने इस घटना को भयानक त्रासदी बताया है। एडवोकेट टीपी बेदी का दामाद 57 वर्षीय राकेश कमल, 54 वर्षीय बेटी टीना व 18 वर्षीय नाती एरियाना अमेरिका के मैसाचुसेट्स राज्य में अपनी पांच मिलियन अमेरिकन डॉलर की हवेली में रहते थे।

## संपादकीय

# कालगणना नहीं, कालबोध है महत्वपूर्ण

**अस्तित्व स**दा से है और सदा रहता है। यह सनातन है। चिरन्तन है। यह नया या पुराना नहीं होता। लेकिन अनुभव और अनुभूति में यह प्रतिपल नया है। सूर्य प्रतिपल नया है। हर एक सूर्योदय नया है। इसके पहले मुदित मन प्रतिदिन आती ऊषा भी नई है। ऋग्वेद के ऋषि ऊषा के सौन्दर्य का वर्णन करते हैं। बताते हैं कि यह ऊषा नई हैं और पुराणी युवती हैं। पुराणी युवती शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है। युवती शब्द का प्रयोग तरुण स्त्री के लिए होता है। लेकिन ऋषि की अनुभूति में ऊषा पुरानी होकर भी नई हैं। चन्द्र भी प्रतिदिन नया है और साथ साथ पुराना भी। प्रत्येक पूर्णिमा नई है और अमावस्या भी नई है। वर्षा की हर एक बूंद भी नई है। शीत नई है और ऊष्मा भी नई है। यहां नए का अलग अस्तित्व नहीं है। वह पहले से गतिशील अस्तित्व का विस्तार है। समय भी नया या पुराना नहीं होता। समय अखण्ड है। यूरोपीय काल गणना के अनुसार आज (रविवार) देररात 12 बजे वर्षान्त होगा और उनकी मान्यता के अनुरूप नववर्ष प्रारम्भ हो जाएगा। ह्यहैप्पी न्यू ईयरह्ल की तैयारियां जोरों पर हैं। इन तैयारियों में अस्तित्व की अनुकम्पा व प्रसाद के गीत नहीं है। अनेक लोग इसी बहाने नई तरह की दारू का इंतजाम कर रहे हैं और नाच गाने का भी। 'हैप्पी न्यू ईयर' सिर पर चढ़कर बोल रहा है। यूरोपीय नववर्ष लगभग हर वर्ष अपने साथ कड़ाके की ठण्ड और सर्द हवाएं लेकर आता है। अंग्रेजी कैलेंडर में जनवरी में जनवरी ही नई है। वैसे जनवरी में कुछ भी नया नहीं होता। न कोई आह्लाद। न प्रसाद, न ऋतु। न आनंद। प्रकृति का कोई छंद और न सुख अनुभव कराने वाली कोई गंध और न स्पर्श। गंध ढोकर लाने वाली हवाएं स्वयं शीत के प्रभाव में हैं। वातावरण में सर्दी ही सर्दी है। सर्दी भी स्वयं दुबकी हुई दिखाई पड़ती है। सर्दी और कोहरे ने 'हैप्पी न्यू ईयर' का मजा कम कर दिया है। तो भी लोगबाग एक दिन पहले से ही 'हैप्पी न्यू ईयर' का नगाड़ा बजा रहे हैं। प्रकृति ने जम्बूद्वीप भरतखण्ड को पूरे मनोयोग से गढ़ा है। यहां सत्य शिव सौन्दर्य की छटा है। प्रकृति नाना रूपवती है। जम्बूद्वीप भरतखण्ड में सदा नीरा नदियां हैं। इठलाती गीत जाती नदियां स्वयं आनंद रस परिपूर्ण हैं। यहां नदियां माताएं हैं और देवियां हैं। इस भूखण्ड में अनंत जलराशि वाले समुद्र भी हैं। फूलों की घाटियां हैं। आकाश छूने को लालायित विशाल मंदिर हैं। सब तरफ वन उपवन हैं। गंधमादन वातायन है। जलाशयों में कमल के फूल हैं। कालिदास ने मेघदूत में कमल के फूलों वाले क्षेत्रों की मोहक चर्चा की है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में भी कमल की विस्तृत चर्चा है। यहां 6 ऋतुएं हैं। सभी ऋतुओं के अपने आकर्षण हैं। लेकिन अंग्रेजी नववर्ष में नदियों में कोई उल्लास नहीं होता। दिशाएं उल्लासधर्मा नहीं होतीं। प्रकृति के नियम शाश्वत हैं। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। अहोरात्र दिन रात के जोड़े हैं। पृथ्वी सहित अनेक ग्रह गतिशील हैं। हमारे पूर्वजों ने काल को चक्रीय बताया है। चक्र की गति में प्रथम और आखिरी नहीं होता। तब नया साल कहां से आया। हमारी समस्या है कि नए साल की गिनती कहां से शुरू करें। प्रश्न यह भी है कि नए साल की गिनती पहली जनवरी से क्यों शुरू होती है। न्यू ईयर वाली जनवरी बिंदास होती है। लेकिन जनवरी में बसंत जैसी सुगन्धित वायु नहीं बहती।

# कतर में भारत की कूटनीति और कानूनी लड़ाई रंग लाई

आशीष वशिष्ठ

> "इस आधार पर कंपनी को काली सूची में डाल देना चाहिए अथवा भारतीय अब भी इस कंपनी में कार्यरत हैं या कंपनी छोड़ चुके हैं, लेकिन विदेशी कंपनियों में शामिल होने से पहले भारतीयों को विस्तृत जानकारी ले लेनी चाहिए कि उन कंपनियों की पृष्ठभूमि क्या रही है। जिन देशों की न्यायिक व्यवस्था ह्यब्लैक बॉक्सह्न जैसी है, वहां नौकरी नहीं करनी चाहिए। आखिर न्यायिक इंसाफ तो अनिवार्य है। कमोबेश यह मामला भारतीयों को कई बड़े सबक दे सकता है। आज की युवा पीढ़ी वे सबक लेना चाहे अथवा विदेश जाने की अंधी दौड़ में शामिल रहे"

**कतर** में आठ पूर्व नौसेना अधिकारियों को मृत्यु दंड की सजा रद्द हो गई है। उन्हें अब कारावास की सजा दी गई है। वह सजा कितने साल की होगी, यह अदालत के विस्तृत फैसले से ही स्पष्ट होगा। यह अदालती फैसला भारत और उसके पूर्व नौसैनिकों के लिए सुखद और राहतपूर्ण है, क्योंकि जासूसी के अपुष्ट आरोपों पर भारतीय विदेशों में जेल की सजाएं झेलते रहे हैं। कतर में मौत की सजा ने भारत को हैरानी के साथ-साथ सदमे में भी डाल दिया था। सेना के सात पूर्व अधिकारियों और एक पूर्व नाविक को कतर की खुफिया एजेंसी ने 30 अगस्त, 2022 को गिरफ्तार कर लिया था। इनमें नौसेना के पूर्व कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन वीरेन्द्र कुमार वर्मा, कैप्टन सौरव वशिष्ठ, कमांडर अमित नागपाल, कमांडर प्रनेंदू तिवारी, कमांडर सुगुनाकर पाकला, कमांडर संजीव गुप्ता और नौसैनिक रागेश शामिल हैं। ये वहां पर ओमान के एक सैन्य अधिकारी द्वारा संचालित अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टिंग सर्विसेज कंपनी के लिए कार्य कर रहे थे, जो कतर की नौसेना को विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दे रही थी।

कतर के सरकारी अफसर अपराध का खुलासा नहीं कर रहे थे और न ही आरोपों को सार्वजनिक कर रहे थे। यह आरोप जरूर सामने आया कि पूर्व नौसैनिकों ने कतर की एक महत्त्वपूर्ण पनडुब्बी परियोजना की संवेदनशील सूचना इजरायल को दी थी। वर्तमान संदर्भों में भारत इजरायल का मित्र-देश है, जबकि कतर हमास के सियासी नेतृत्व की आर्थिक मदद करता रहा है और उन्हें पनाह भी देता रहा है, लेकिन पनडुब्बी वाली सूचना को लेकर कतर के आरोपों का आधार पुख्ता नहीं था और न ही साक्ष्य थे। बहरहाल भारत की कूटनीतिक और कानूनी लड़ाई रंग लाई और 8 भारतीय मौत की सजा से बच गए। भारत और कतर के दरमियान 2015 का एक समझौता है, जिसके तहत सजायाफ्ता लोगों को उनके गृह देश में ही स्थानांतरित करने का प्रावधान है। वे शेष सजा अपने ही देश में काट सकते हैं। मौजूदा मामले में क्या होता है, उसका खुलासा आने वाले दिनों में ही होगा। इन पूर्व सैनिकों को बचाने के लिए भारत सरकार ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। इसके लिए सरकार ने कतर की एक दूसरी अदालत



में पूर्व नौसैनिकों को मिली मौत की सजा के खिलाफ अपील दायर की थी। भारत के प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की दुबई में मुलाकात पर्यावरण के कॉप-28 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। प्रधानमंत्री ने पूर्व नौसैनिकों की गिरफ्तारी और सजा-ए-मौत का जिक्र किया था अथवा नहीं, सरकार उसे लेकर बिल्कुल खामोश है। बीते साल अगस्त में भारत के पूर्व नौसैनिकों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें एकांत कारावास में रखा गया था और मामले को पूरी तरह ह्यगोपनीयह्ल बना दिया गया था। दोनों ही सरकारों ने आरोपों पर सार्वजनिक बातचीत करने में संकोच बरता।

हालांकि कतर में भारत के वाणिज्य दूत और कानूनी टीम को पूर्व नौसैनिकों से मिलने की इजाजत दी गई। कतर में 8 लाख से अधिक भारतीय बसे और काम करते हैं। पूरे पश्चिमी एशिया में भारतीयों की कार्यरत आबादी सर्वाधिक है, लिहाजा जासूसी के आरोप सहज और चुनौतीपूर्ण हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि शरिया कानूनों पर चलने वाली कतर की अदालतों से भी ऐसे फैसले की उम्मीद कम ही थी। भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान पर भारत की आलोचना करने वाली कतर सरकार की आवाज खाड़ी देशों की सबसे तेज आवाजों में से एक थी। नूपुर शर्मा मामले के बाद से दोनों देशों के संबंधों में उतार-चढ़ाव देखा गया था। भारत और कतर के बीच कश्मीर और भारतीय मुसलमानों को लेकर भी तनाव रहा है। 2022 में कतर में हुए फीफा वर्ल्ड कप फुटबाल के उद्घाटन समारोह के लिए विवादास्पद इस्लामी प्रचारक जाकिर नाइक को आमंत्रित किये जाने की खबरों पर भारत में भी बहुत से सवाल खड़े हो गए थे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि अन्तर्राष्ट्रीय मामले कई बार बहुत लम्बे खिंच जाते हैं। पाकिस्तान की जेल में बंद सरबजीत सिंह के मामले में ऐसा देखा है। सरबजीत को पाकिस्तान की जेल से छुड़ाने में तत्कालीन मनमोहन सिंह की सरकार सफल नहीं हो पाई थी। सरबजीत सिंह को 1990 में पाकिस्तान के लाहौर और फैसलाबाद में हुए चार बम धमाकों के आरोप में गिरफ़्तार किया गया था। इन धमाकों में करीब 10 लोगों की मौत हो गई थी। सरबजीत पर जासूसी और बम धमाके कराने का आरोप लगा। लाहौर की एक अदालत में मुकदमा चला। इस अदालत ने उन्हें मौत की सजा सुनाई। सरबजीत सिंह की बहन और पाकिस्तानी वकील अवैसे षेख के प्रयासों के चलते जून 2012 में पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने सरबजीत की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। 2 मई 2013 को लाहौर की कोट लखपत जेल में छह कैदियों ने सरबजीत सिंह पर ईंट और धारदार हथियार से हमला किया। इस हमले में उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और वे कोमा में चले गए। उनका लाहौर के जिन्ना अस्पताल में इलाज चल रहा था.इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। मनमोहन सिंह की सरकार को इस मामले में पाकिस्तान पर जिस स्तर की कूटनीति और दबाव बनाना चाहिए था, वो उसमे असफल रही।

सरबजीत की तरह वर्तमान में भारतीय नागरिक कुलभूषण ?जाधव जासूसी और आतंकवाद के आरोप में पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। सरकार के प्रयासों के बावजूद हम कुलभूषण ?को पाकिस्तान की हिरासत से रिहा नहीं करवा पाए है।। कुलभूषण ?जाधव को पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने 2017 में उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। भारत इस मामले को लेकर अंतरराष्ट्रीय कोर्ट ऑफ जस्टिस में पहुंचा था जिसने पाकिस्तानी कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी और पाकिस्तान से कुलभूषण ?को दूतावास संबंधी सहायता और मुलाकात का अवसर देने को कहा था लेकिन कुलभूषण जाधव को पाकिस्तान ने रिहा नहीं किया है। कतर में आठ पूर्व सैनिकों की फांसी की सजा पर रोक भारतीय कूटनीति की जीत ही मानी जानी चाहिए। विदेश मंत्रालय ने कूटनयिक स्तर पर इस मामले में काफी मेहनत की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कतर के अमीर से इस मामले में बातचीत की थी। भारत के 8 पूर्व सैनिकों को अब 3 साल से 25 साल की सजा दी गई है लेकिन चिंता की बात यह है कि इन पर लगे जासूसी के आरोप अभी हटाए नहीं गए हैं। इसका अर्थ यही है कि भारत सरकार को अभी और लड़ाई लड़नी पड़ेगी। इन लोगों को बेगुनाह साबित करने के लिए अभी और कूटनीतिक दबाव बनाए जाने की जरूरत है। अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टिंग सर्विसेज कंपनी संदिग्ध गतिविधियों में संलग्न रही है इसकी कोई पुख्ता जानकारी या प्रमाण नहीं है।

इस आधार पर कंपनी को काली सूची में डाल देना चाहिए अथवा भारतीय अब भी इस कंपनी में कार्यरत हैं या कंपनी छोड़ चुके हैं, लेकिन विदेशी कंपनियों में शामिल होने से पहले भारतीयों को विस्तृत जानकारी ले लेनी चाहिए कि उन कंपनियों की पृष्ठभूमि क्या रही है। जिन देशों की न्यायिक व्यवस्था ह्यब्लैक बॉक्सह्न जैसी है, वहां नौकरी नहीं करनी चाहिए। आखिर न्यायिक इंसाफ तो अनिवार्य है। कमोबेश यह मामला भारतीयों को कई बड़े सबक दे सकता है। आज की युवा पीढ़ी वे सबक लेना चाहे अथवा विदेश जाने की अंधी दौड़ में शामिल रहे।

## कविता

कैसा कैसा सर्कस जारी रे

जुमलाश्री की बंटें रेवड़ी जनता बनी भिखारी रे
वोट की खातिर लोकतंत्र में कैसा सर्कस जारी रे
अपनी भाषा खुद बिगड़ी पर दूजे पर आरोप लगे
सब के सब है भ्रष्टाचारी बस आप दूध के धुले दिखे
ईडी के पिंजरे में डालो यह नौटंकी जारी रे
वे बोले तो तुरंत एक्शन हथकड़ियां तैयार खड़ी
अपना कितना गंदा बोले पुलिस देखती खड़ी खड़ी
कमल छाप साबुन की टिक्की न्याय पर पड़ती भारी रे
नारी रक्षा का ढोल बज रहा अत्याचारी फल फूल रहे
कोई धर्म के नाम पर छुटटा कोई इंक्वारी में झूल रहे
बेशर्मी ओढ़कर दहाड़ रहा वो जुल्मी और बलात्कारी रे
बलात्कारी प्रवचन कर रहे पैरोल का फायदा लूट रहे
बेकसूर जेलों में सड़ते कानूनी हंटर कूट रहे
खुल्लम-खुल्ला नाच ये नंगा नाइंसाफी जतारी रे
जिसके होंठ भी खुले दिख जाए उस पर चस्पा टेप करो
अनाप-शनाप बोलो कितना भी आपको आखिर कौन कहे
कुर्सी ऐसी भारी-भरकम जनता पर चले कुल्हाडी रे
कितना कोई कलेजा फाड़े आंख तुम्हारी नहीं उठती
कितने मुंह पर पड़े तमाचे पर नींद खुमारी नही खुलती
गारंटी का महज दिखावा जनता की लाचारी रे

कलमकार राजव्रत

## मध्यप्रदेश में हादसे कर रहे है, सरकार की शिकायत..

**नरेंद्र तिवारी पत्रकार**

मध्यप्रदेश में जन सुविधाओं के क्या हाल है। क्या सचमुच प्रदेश विकसित राज्य की और कदम बड़ा रहा है ? क्या राज्य में लोक कल्याण से जुड़ा तंत्र जनता के जानमाल की रक्षा करने में सक्षम नजर आ रहा है ? क्या नागरिक समाज से जुड़ी सुविधाओं के बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में राज्य सरकार का तंत्र ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा है ? इन सब प्रश्नों का जवाब प्रदेश में हाल में हुए हादसों में मिलता दिखाई दे रहा है। प्रदेश में हुए यह हादसे प्रदेश की सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खोलते नजर आ रहे है। यह हादसे चीखझ्चीख कर शिकायत कर रहे है की मध्यप्रदेश में प्रशासनिक तंत्र में फैला व्यापक भष्ट्राचार जनहितों की अनदेखी कर रहा है। जनता के जानमाल की कीमत इस भष्ट्र तंत्र के लिए कुछ मायने नहीं रखती। इस तंत्र को महज अवैध कमाई से मतलब दिखाई देता है, क्या गुना में हुए बस हादसे जिसमे 13 निर्दोष यात्रियों की दुर्घटना के दौरान बस में लगी आग में जल जाने से मौत हो गई। इस हादसे में 16 से अधिक यात्री बुरी तरह झुलस गए। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने घटना पर गहरा दुख जताया है। मृतकों के परिवार को 4झ्4 लाख रु एवं घायलों को 50झ्50 हजार रु की आर्थिक सहायता दिए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने घटना की जांच के निर्देश देते हुए कहा इस घटना के जो भी जिम्मेदार है उसे नही छोड़ेंगे। घटना के बाद गुना आरटीओ एवं सीएमओ को निलंबित कर दिया गया है। गुना एसपी के अनुसार बस में 30 सवारियां बैठी थी। दुर्घटनाग्रस्त बस 15 साल पुरानी थी, इस बस का बीमा, परमिट भी नहीं था। फिटनस फरवरी 2022 को ही खत्म हो गया था। बस हादसा इतना भयावह था की रोंगटे खड़े हो गए। शवों को उठाने के दौरान शरीर के अंग गिर रहे थै। शव एक दूसरे से चिपक गए थै। अपनी मंजिल पर पहुंचने का इंतजार कर रहे यह यात्रीगण प्रशासनिक उपेक्षा के चलते अपनी जान से हाथ धो बैठे।शवों की दुर्दशा ऐसी की परिजन भी अपने परिवार के व्यक्ति को पहचान नही पा रहे थै। गुना में घटित बस हादसा प्रदेश के परिवहन विभाग के भ्रष्ट आचरण, अनियमितता और अनदेखी का प्रमाण है। घटना उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सख्ती दिखाई तब जाकर परिवहन विभाग सम्पूर्ण प्रदेश में बसों की चेकिंग करने में जुट गया। जैसे गहरी नींद में सोया जनता की परिवहन व्यवस्था को देखने वाला यह विभाग अचानक जाग गया हो। अब प्रदेश का आरटीओ विभाग प्रदेशभर में यात्री सुविधाओं के लिए संचालित बसों के परमिट, फिटनेस, बीमा आदि दस्तावेजों की जांच करने का दिखावा कर रहा है। गुना के इस ह्रदय विदारक हादसे को लेकर मध्यप्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसे संस्थागत हत्या का मामला बताया है। उन्होंने कहा ऐसा लगता है की गुना में समूची व्यवस्था भष्ट्राचार की अग्नि में जलकर स्वाहा हो गई।

दरअसल ऐसे हादसों से सबक लेने की आवश्यकता है।

## विचार

# नया साल : नई शुरूआत का सुनहरा अवसर

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**हम स**ब यह अच्छी तरह जानते हैं कि पूरी दुनिया में नए साल का जश्न बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। यह एक ऐसा अवसर होता है जब हम अपने जीवन की सामान्य गतिविधियों को कुछ समय के लिए रोक कर अपना ध्यान उन कार्यों की ओर करते हैं जिनसे हमें लगता है कि हमें खुशी मिलेगी। यह ऐसा समय भी होता है जब हम बीते हुए साल को पीछे छोड़ते हैं और आने वाले नए साल का स्वागत बड़ी खुशी से करते हैं। यदि हम अपने पिछले वर्ष पर एक नजर डालकर देखें तो हम पाएंगे कि बीते वर्ष में ऐसे बहुत से समय हमारे जीवन में आए होंगे, जब हमने अपने ईश्वर की कृपा को अनुभव किया होगा। ठीक इसके विपरीत हमारे जीवन में कई बार ऐसे भी मौके आए होंगे, जब हम कठिनाईयों या दु:ख-दर्द के समय से भी गुजरे होंगे। ऐसे समय में हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हर गुलाब में कांटे भी होते हैं, वे भी अपनी भूमिका निभाते हैं और उनका भी अपना महत्त्व है। ठीक इसी तरह हमारे जीवन में सुख और दु:ख दोनों आते हैं। यदि हम इन बातों पर विचार करेंगे तो हम देखेंगे कि हम हरेक परिस्थिति में शांत व सुखी रहेंगे।

नया साल सिर्फ बाहरी तौर पर खुशियाँ मनाने का समय नहीं है बल्कि यह हमें अपने जीवन में सुधार लाने का एक सुनहारा अवसर भी प्रदान करता है। हम देखते हैं कि नये साल पर बहुत से लोग बुरी आदतों को छोड़कर अच्छी आदतों को ढालने का भी संकल्प लेते हैं। यह एक ऐसा मौका होता है जब वे स्वयं में सुधार लाने का प्रयत्न करते हैं। कई लोग धूम्रपान न करने का प्रण लेते हैं जबकि बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो मांसाहार को छोड़कर शाकाहारी जीवन जीने का संकल्प लेते हैं। कई ऐसे भी होते हैं जो क्रोध न करने, सभी से प्रेमपूर्वक व्यवहार करने और दूसरों की मदद करने की प्रतिज्ञा लेते हैं। बहुत से विद्यार्थी ऐसे होते हैं जो दूसरे विद्यार्थियों की तुलना में अपनी पढ़ाई में बेहतर से बेहतर करने का संकल्प लेते हैं। अगर ध्यान से देखा जाए तो हर कोई अपने-अपने स्तर पर अपने जीवन में कुछ अच्छा करने का प्रयत्न करता है। नये साल के इस मौके पर बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो यह प्रार्थना करते हैं कि नए साल में हम ज्यादा से ज्यादा आध्यात्मिक विकास करेंगे। यदि हम भी नये साल पर आध्यात्मिक रूप से प्रगति करना चाहते हैं तो इसके लिए हमें अपनी दिनचर्या को बड़ी ही गहराई से देखना होगा। ऐसे में हमारी यही कोशिश होनी चाहिए कि हम कोई भी ऐसा कार्य न करें जो हमको इस उद्देश्य से दूर करे। आध्यात्मिक रूप से तरक्की करने के लिए हमें ध्यान-अभ्यास को अपने जीवन में ढालना होगा। इसके लिए हमें वक्त के किसी पूर्ण संत से ध्यान-अभ्यास करने की विधि सीखनी होगी। जब हम अपनी दिनचर्या में ध्यान-अभ्यास को शामिल करते हैं तो हम अपने अंतर में प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव होता है। इसके अलावा हमें यह भी अनुभव हो जाता है कि प्रभु की जो ज्योति मुझे जान दे रही है, वही दूसरे लोगों में भी है। तो फिर हमें इस बात का पक्का विश्वास हो जाता है कि हम सब एक ही पिता-परमेश्वर की संतान हैं। यह नये साल पर हमें यह भी समझना चाहिए कि हम जो भी प्रयास करें चाहे वह कितना भी कम क्यों न हो, हम जो भी कदम उठाएं चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो, वो हमें हमारे लक्ष्य के करीब लाता है। नये साल पर हमारी यही कोशिश होनी चाहिए कि अतीत हमारा चाहे कैसा भी हो लेकिन हमारा भविष्य हमेशा बेदाग रहे। हम अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक बनाए रखें, इसके लिए आध्यात्मिक मार्ग ही हमें मददगार साबित हो सकता है। तो आईये! हम भी नये साल पर आध्यात्मिक प्रगति करने का संकल्प लें क्योंकि हमारी आध्यात्मिक सेहत पर ही हमारी शारीरिक व मानसिक सेहत निर्भर करती है। यदि हम आध्यात्मिक रास्ते पर चलने का प्रण करते हैं तो हम देखेंगे कि इससे न सिर्फ हमारी आध्यात्मिक बल्कि शारीरिक व मानसिक सेहत भी ठीक रहेगी।

नए साल के इस अवसर पर हम अपनी गलतियों की ओर ध्यान न दें और एक आशावादी दिल के साथ एक नए साल की शुरूआत करें। आप सभी को जीवन में सफलता के लिए नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सकारात्मक ऊर्जा के साथ करें नव वर्ष में प्रवेश

**असलम आजाद शम्सी**

**नव वर्ष 2**024 की आमद आमद है। गिनती के कुछ ही घंटों बाद हम सब नए साल में प्रवेश कर जाएंगे और हमारी यादों के अध्याय में एक और अध्याय जुड़ जाएगा।हम अपने जीवन के पिछले अध्याय के आखिरी पन्ने को बंद कर जीवन के नए अध्याय में प्रवेश कर जाएंगे। नव वर्ष में प्रवेश करते ही पूरे विश्व के लोग अपने अपने निश्चय और संकल्प के साथ नव वर्ष के प्रारंभिक पल को पूरे हर्ष और उल्लास के साथ बेहद खास बनाने में जुट जाएगा। हर व्यक्ति इस पल को जी भर कर जी लेने की चाह के साथ इसे यादगार भी बनाना चाहता है। हर नया साल हम सभी के लिए नई आशाएं, नया विश्वास, नई चुनौती, नई खुशियाँ, नई ऊर्जा, नए लक्ष्य लेकर हमारे जीवन में दस्तक देता है और अब साल 2024 भी हमारे जीवन में प्रवेश कर रहा है। हम भारत वासी एक साल में कई बार नव वर्ष मानते हैं और हर नव वर्ष हम भारत वासियों के लिए महत्वपूर्ण है और इनकी अपनी महत्ता है परंतु एक जनवरी का दिन बेहद खास है क्योंकि इस रात हम पूरे विश्व भर के लोगों के साथ मिल कर एक साथ नए साल का जश्न मानते हैं और ये हमारे लिए किसी त्योहार की तरह होता है। नव वर्ष पर हम एक दूसरे को शुभकामना संदेश प्रेषित करते हैं और बधाईयाँ पेश करते हैं। हम भूतकाल के सभी कड़वी यादों, प्रतिकूल अनुभवों, असफलताओं और लड़ाई झगड़ों को भुला कर जीवन को नए सिरे से शुरू करते हैं पर वास्तव में हर घड़ी हमारा जीवनकाल छोटा हो रहा है, हर साल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अध्याय समाप्त हो रहा है और निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर घंटे समय कम हो रहा है। हर पल हमारे अति महत्वपूर्ण और कीमती समय व्यतीत हो रहा है। अतः हमें आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भूतकाल अर्थात जीवन के बीते हुए पल और आने वाले समय काल का बिन्दुवार तुलनात्मक विश्लेषण करें। हमें ये पता लगाना चाहिए कि हमने अपने जीवन का जो अत्यन्त महत्वपूर्ण और सोने से भी बहुमूल्य समय पीछे छोड़ा है वास्तव में हमने अपने जीवन के उस कालखंड में क्या पाया और हासिल किया है। हम ने किन लक्ष्यों की प्राप्ति की है और क्या पीछे छूट गया। किन क्षेत्रों में सफल हुए और कहाँ असफलता हाथ आई।

## हिंदी भाषा का मूल स्वरूप बदलता हिंग्लिश का हस्तक्षेप

**संजीव**

**हिंदी व्या**करण के दृष्टिकोण से एक समृद्ध भाषा है और इसका इतिहास भी बहुत अवार्चीन है प्रसिद्ध साहित्यकार कमलापति त्रिपाठी ने कहा है कि हिंदी भारतीय संस्कृति की आत्मा है। भारत क्षेत्रफल तथा जनसंख्या की दृष्टि से एक वृहद तथा विशाल देश है यहां अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग भाषाएं तथा बोलियां बोली जाती है। किंतु संपूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने वाली हिंदी भाषा ही है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इतिहास में विभिन्न काल खंडों विदेशी आक्रमणकारियों के भारत देश में आ जाने से तथा भारत में ही बस जाने से हिंदी भाषा को समृद्ध तथा विकासवान होने का अवसर मिलो विदेशी भाषा के कई शब्द हिंदी में ऐसे घुल मिल गए हैं जैसे वह मूलतः हिंदी के शब्द हों, किंतु अंग्रेजों के आने से अंग्रेजी भाषा ने ना केवल अंग्रेजी को भारत में संपूर्ण रुप स्थापित तथा प्रचलित करने भरसक प्रयास किया, बल्कि हिंदी के मूल स्वरूप को छिन्न-भिन्न करने हिंदी के कलेवर को नष्ट करने का प्रयास कियो ब्रितानी हुकूमत ने अपने कार्यकाल में अंग्रेजी के वर्चस्व को बढ़ावा देकर धीरे धीरे भारतीय जनमानस के दिलों दिमाग पर यह धारणा स्थापित कर दी कि अंग्रेजी के ज्ञान के बिना तथा इंग्लिश भाषा को आत्मसात किए बिना उनके जीवन में विकास नहीं आ सकतो तथा वह वैश्विक स्तर पर निम्नतर होकर सफलता की बुलंदियों को नहीं छू सकते इस प्रकार भारत की मूल संस्कृतिक भाषा हिंदी को अपने वर्चस्व के लिए संघर्षरत रहना पड़ रहा है। अंग्रेजी हुकूमत की गुलामी के चलते भारत वासियों ने हिंदी के मूल स्वरूप को बचा तो लिया पर इसमें अंग्रेजी भाषा के अनावश्यक हस्तक्षेप को रोक पाने में सफल नहीं हो पाए जिसके कारण हिंदी को इंग्लिश भाषा की तुलना में निम्नस्तर माना जाने लगा मूलत हिंदी भाषा के शब्दों के साथ अंग्रेजी के शब्दों का लगातार इस्तेमाल करना ही हिंगलिश का इस्तेमाल करना माना जाता है। उदाहरण के लिए हिंगलिश इस तरह की बोली हो सकती है आपका प्रोफेशन क्या है, आप किस ऑफिस में वर्क करते हैं, इस तरह के वाक्यों का प्रयोग आम हिंदुस्तानी बेधड़क करने लगा है, इस तरह अंग्रेजी भाषा की घुसपैठ भारतीय मूल भाषा हिंदी में कर चुका है।

## न्यूज फ्लैश

### 'विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिन माताओं, बहनों ने फार्म जमा करवाए थे उनको गैस सिलेंडर वितरित किए'

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**भारत विकसित** संकल्प यात्रा राणा माजरा, गढ़ी बेशक गांव में गई थी। ग्राम गढ़ी बेसिक में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिन माताओं, बहनों ने फार्म जमा करवाए थे । उसी के अनुसार सरपंच रफाकत हसन ने आज प्रधानमंत्री और सांसद संजय भाटिया के दिशा निर्देश अनुसार भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष ,ग्राम गढ़ी बेसिक के सरपंच, रफाकत हसन गुर्जर ने गॉव की माताओ बहनों को उज्वला योजना के तहत गैस के कनेक्शन चूल्हे व सिलेंडर वितरित किए। सरपंच ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगे आने वाले चुनावों में भाजपा को भारी संख्या से अपने हल्के से जिता कर भेजना क्योंकि भाजपा सरकार ने महिलाओं और गरीबों के लिए जो योजनाएं चलाई गई है जैसे, आयुष्मान कार्ड,बी पी एल राशनकार्ड, किसानों के लिए योजनाएं, पढ़ने वाली लड़कियों के लिए, छोटे दुकानदारों के लिए,महिलाओं के समूह के लिए तरह-तरह की योजना चलाई हुई है। इसलिए हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ही वोट दें।

### एस डी विद्या मंदिर में जेंडर संवेदनशीलता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**समाज में महिलाओं** और लड़कियों के प्रति बढ़ते हुए अपराधों के प्रति छात्राओं में जागरूकता लाने के लिए एस डी विद्या मंदिर हुडा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस प्रशासन की तरफ से मुख्य वक्ता रेणु तथा ज्योति ने छठी से बारहवीं तक की छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा के तरीके बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को वुमेन चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में बताया कि बच्चे असुरक्षित होने पर वुमेन चाइल्ड हेल्पलाइन में फोन कर सकते हैं। साइबर क्राइम के बारे में उन्होंने बताया कि किस प्रकार के फ्रॉड हो सकते हैं। पोक्सो अधिनियम के तहत बच्चे किस प्रकार यौन उत्पीड? से सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आत्मरक्षा से संबंधित अधिकारों के बारे में भी बताया। प्रधानाचार्या अनु गुप्ता ने महिला पुलिस अफसरों का धन्यवाद किया।

### वैज्ञानिकों का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान : प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति व गोयल पुरस्कार समिति के अध्यक्ष प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा 16वें राजीब गोयल पुरस्कार समारोह में प्रो. राजीव कुमार वार्ष्णेय को कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए जीव विज्ञान के क्षेत्र में युवा वैज्ञानिक के लिए राजीब गोयल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि वैज्ञानिकों ने अपने उत्कृष्ट कार्यों द्वारा राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दिया है। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने प्रोफेसर राजीव कुमार वार्ष्णेय के उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आज दिया जा रहा पुरस्कार डॉ. राजीव वार्ष्णेय के अभूतपूर्व शोध के लिए हमारे देश की कृतज्ञता का प्रतीक है, जिसने न केवल फसल की पैदावार बढ़ाई है बल्कि जलवायु परिवर्तन, कीटों और अन्य प्रतिकूलताओं की चुनौती का सामना करने में मदद की। उन्होंने डॉ. वार्ष्णेय को सम्मानित करते हुए कहा कि हम न केवल एक वैज्ञानिक की व्यक्तिगत उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं, बल्कि सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विज्ञान की सामूहिक क्षमता का भी जश्न मनाते हैं और इस तरह के उत्कृष्ट योगदान अगली पीढ़ी के वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों को ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेंगे, और ऐसे समाधानों की दिशा में काम करेंगे जिससे समग्र रूप से समाज को लाभ हो।कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि हमारे देश में बुनियादी और व्यावहारिक विज्ञान की उन्नति में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार और युवा वैज्ञानिकों को राजीब गोयल पुरस्कार से सम्मानित करने में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को बहुत गर्व है।गोयल पुरस्कार समिति के संयोजक प्रोफेसर संजीव अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। गोयल पुरस्कार समिति के सह-अध्यक्ष प्रोफेसर एसपी सिंह ने गोयल पुरस्कारों की स्थापना और उनके महत्व के बारे में जानकारी दी। इस समारोह में गोयल पुरस्कार समिति के सभी सदस्य, प्रो. एनके माटा, प्रो. जितेन्द्र शर्मा, प्रो. एसके चहल, प्रो. अरविन्द्र मलिक, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. ब्रजेश साहनी, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. अनीता भटनागर, प्रो. सुमन ढांडा, प्रो. अनीता दुआ, डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. सोहन लाल सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

### यात्रा के माध्यम से वंचितों को योजनाओं का लाभ दे रही सरकार: रामबिलास शर्मा

**नारनौल: विकसित** भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शनिवार को महेंद्रगढ़ खंड के गांव लावन व मालड़ाबास, कनीना खंड के गांव रसूलपुर तथा अटेली खंड के खैरानी गांव में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गई। गांव लावन व मालड़ाबास में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वहीं रसूलपुर में ब्लॉक समिति अध्यक्ष जयप्रकाश तथा खैरानी में समाज कल्याण विभाग बोर्ड के सदस्य सुरेश कुमार शर्मा ने विकसित भारत की शपथ दिलाई। पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि आज सरकार आपके गांव में पहुंची है। इस यात्रा के माध्यम से सरकार लोगों की समस्याएं सुनकर उनका मौके पर ही निपटारा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से जो व्यक्ति वंचित रह गया था उन्हें योजनाओं का लाभ देने का ही सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज देश में करोड़ों लोग आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ उठा रहे हैं। हरियाणा प्रदेश में आम आदमी के कार्य आसानी से हो रहे हैं।
सरकार ने आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर चल रही विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा एक जनवरी को महेंद्रगढ़ खंड के गांव दुलोठ अहीर व निम्बी, अटेली खंड के राता खुर्द व राता कलां, नारनौल खंड के भूषण खुर्द व शोभापुर तथा नांगल चौधरी खंड के अमरपुरा व बुढ़वाल गांव में जाएगी। जिला प्रशासन ने इन गांव में सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली हैं ताकि लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजना व सेवाएं लेने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

# नए कानून के खिलाफ ड्राइवरों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**केंद्र सरकार** द्वारा ड्राइवरों के लिए बनाए गए नए कानूनों के खिलाफ इंडियन ऑयल टैंकर के सैंकड़ों ड्राइवर अपनी गाड़ियों को रोड़ किनारे खड़ी कर मार्केटिंग डिवीजन गेट के सामने रोष प्रदर्शन करने के लिए एकत्रित हुए। ड्राइवरों को मार्केटिंग डिविजन गेट के सामने एकत्रित होने की सूचना पाकर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ड्राइवरों को वहां से भगा दिया। जिसके बाद ड्राइवरों ने एचएसआईआईडीसी में पड़े खाली प्लाट में अपनी गाड़ियों को खड़ा कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ड्राइवरों के लिए बनाए गए नए कानूनो को वापिस लेने की मांग की।
केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ड्राइवरों ने बताया कि केंद्र सरकार ने ड्राइवरों के खिलाफ यह काला कानून बनाया है। जिसे केन्द्र सरकार को तुरंत वापिस लेना चाहिए। यदि सरकार ने ड्राइवरों के लिए बनाए गए नए कानूनों



को वापिस नही लिया तो करोड़ों ड्राइवर मजबूरीवश अपना रोजगार छोड़कर घर बैठने को मजबूर होंगे।
ड्राइवरों ने केंद्र सरकार के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए कहा कि पहले सरकार ने किसानों के खिलाफ काले कानून बनाए। जिसके लिए किसानों ने सालभर अपने घरों से बाहर रहकर केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिसके बाद सरकार ने तीनों काले कानून वापिस लिए। उसके बाद सरकार खिलाड़ियों के खिलाफ हुई जिसके लिए खिलाड़ियों को प्रदर्शन करना पड़ा और अब केन्द्र सरकार ने नए कानून बना कर ड्राइवरों को मारने का काम किया है।
**क्या है नया कानून:** केंद्र सरकार ने ड्राइवरों के लिए कठोर कानून बनाए हैं। यदि किसी ड्राइवर से अनजाने में कोई

**विरोध**

**8 केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ड्राइवरों के लिए बनाए गए नए कानूनो को वापिस लेने की मांग की**

दुर्घटना हो जाए और ड्राइवर मौके से भाग जाए तो ड्राइवर को 10 साल की सजा के साथ-साथ 7 लाख रुपए जुमार्ना भी भरना होगा। और दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले ड्राइवर की सजा और जुर्माना काम किया जाएगा।
**ड्राइवर को मार देंगे उपस्थित लोग।:** ड्राइवरों ने बताया कि यदि किसी ड्राइवर से कोई दुर्घटना हो जाए और उस दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मौत हो जाए। जब ड्राइवर उस व्यक्ति को उठाकर अस्पताल लेकर जाने की कोशिश करेगा तो वहां उपस्थित आक्रोशित लोग उस ड्राइवर को ही जान से मार देंगे। जिससे दोहरा नुकसान हो जाएगा।
कोई ड्राइवर नही मारना चाहता चींटी तक।
ड्राइवरों ने बताया कि जब कोई व्यक्ति या ड्राइवर किसी गाड़ी को लेकर सड़क पर चलता है तो वह चींटी तक नही मारना चाहता। परंतु कई बार अनजाने में दुर्घटना हो जाती है और किसी व्यक्ति की जान चली जाती है। पछतावा तो उस ड्राइवर को भी होता है जिसके हाथ से दुर्घटना होती है।
**पुराने कानून हों लागू:** ड्राइवरों ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि ड्राइवरों के लिए पुराने कानून ही लागू होने चाहिए। दुर्घटना के बाद पहले ड्राइवर की जमानत होनी चाहिए और उसके बाद गाड़ी की जमानत हो।
यदि केंद्र सरकार ने पुराने कानून लागू नही रखे तो एक बहुत बड़ा ड्राइवर वर्ग अपनी आजीविका चलाने अथवा रोजी-रोटी कमाने से वंचित हो जाएगा। और यदि सरकार ने नया कानून वापिस नही लिया तो कोई नया व्यक्ति ड्राइवरी पैसे में नही आएगा।

## श्रीराम यात्रा को लेकर गुप्तिसागर महाराज ने सामाजिक संगठनों की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**अयोध्या में** राम मंदिर के भव्य आयोजन के लिए शनिवार को जीटी रोड स्थित गुप्ति धाम में गुप्ति सागर महाराज ने विभिन्न समाजसेवी संगठनों की बैठक ली।



बैठक को संबोधित करते हुए गुप्ती सागर महाराज ने कहा कि गुप्ति धाम में 31 दिंसबर को श्रीराम यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा गुप्ति धाम से शुरू होगी और समापन गन्नौर जीटी रोड पर किया जाएगा। यात्रा से पहले मंगल आरती का भी आयोजन किया जाएगा। गुप्ति सागर महाराज ने युवाओं से आह्वान किया कि वे 31 दिसंबर को इधर उधर भटकने की बजाय गुप्ति सागर धाम में पहुंच कर प्रवचनों को सुनें और जीवन को बुराइयों से बचाएं। युवाओं को महापुरूषों द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का बताया कि संदेश भी दिया जाएगा, ताकि वह देश के उज्जवल भविष्य में सहयोग कर सकें।

## स्कूली छात्र उपभोक्ता अधिकारों से हुए अवगत

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**भारत सरकार** के कंज्यूमर अफेयर्स, फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन मंत्रालय के अधीन कार्यरत ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) यानी भारतीय मानक ब्यूरो के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर बीआईएस की हरियाणा शाखा ने गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खैरा में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और मानक लेखन प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग और और निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की । ग्यारहवीं और बारहवीं के चयनित 35 छात्रों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल दया




सिंह स्वामी और मेंटर जसविंदर सिंह की अगुवाई में किये गये। बीआईएस की ओर से आशीष कुमार, ग्रेजुएट इंजीनियर कार्यक्रम में उपस्थित रहें "प्रमाणन का महत्व" विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उल्लेखनीय रचनात्मकता का प्रदर्शन देखा गया। नवीन प्रविष्टियों के कारण विजेताओं का चयन करना चुनौतीपूर्ण साबित हुआ, जिसमें बारहवीं कक्षा की तमन्ना ने प्रथम पुरस्कार, ग्याहरवी कक्षा के निश्चल ने दूसरा पुरस्कार और बारहवीं क्लास के आदित्य ने दूसरा पुरस्कार जीता। इसके बाद क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ग्याहरवी कक्षा की माहेश्वरी विजेता बानी,ग्याहरवी कक्षा की नैंसी ने दूसरा स्थान और , ग्याहरवी कक्षा के एकलव्य ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिताओं के बाद बीआईएस अधिकारों ने छात्रों को संबोधित करते हुये आशीष कुमार बताया कि बीआईएस मार्केट मे वस्तुओं के मानकीकरण, आकलन और क्वालिटी सर्टिफिकेश की दिशा में प्रयासरत है और साथ ही बीआईएस का उद्देश्य लोगों में अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सजगता भी दिलवाना है।
कार्यक्रम के दौरान छात्रों की इस विषय से जुड़ी शंकायें भी दूर की गई। छात्रों को उपभोक्ता अधिकारों से सजग करवाने की कड़ी में बीआईएस का यह प्रदेश व्यापी अभियान राज्य के अन्य जिलों के स्कूलों में ऐसी गतिविधियां आयोजित कर रहा है।

## प्रयास इंटरेक्ट क्लब ने जरुरतमंदों को किया वस्त्रों का वितरण

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**प्रयास** इंटरनेशनल स्कूल में रोटरी क्लब की छात्र शाखा इंटरेक्ट क्लब के स्वयं सेवकों ने जरूरतमंदो को नए व पुराने वस्त्र वितरित किए। शाखा प्रधान कार्तिक त्यागी व अध्यक्ष प्रिंस नैन के नेतृत्व में स्कूल के बच्चों ने वस्त्र एकत्रित किए और देवीलाल चैक पर जाकर वस्त्रो का वितरण किया। इस दौरान लगभग 600 जोड़ी नए व पुराने वस्त्र दान किये गए। स्कूल के रजिस्ट्रार डा. मनोज ने बताया कि रोटरी क्लब गन्नौर की छात्र शाखा ने पिछले 4 वर्षों से पर्यावरण सुरक्षा, जन जागृति व सेवा कार्यो के



माध्यम से अपनी विशेष पहचान बनाई है। क्लब में 35 स्वयं सेवक कार्यरत है। विद्यालय स्तर पर इंटरेक्ट क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों में देश प्रेम व सेवा भावना जागृत की जा रही है। वस्त्र वितरण कार्यक्रम में प्रिंस, प्रतीक, आर्यन, नितेश, मनीष, मान्या त्यागी, सिया शर्मा, जन्नत, ख्वाइश, वंशिका पहल आदि मौजूद रहे।

## शशिकांत कौशिक ट्रस्ट का कंबल वितरण समारोह आज

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**सनौली** खंड के गांव सनौली खुर्द की अनाज मंडी में 31 दिसमबर को द्वितीय चरण के कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हलके के सभी बड़े बुजुर्गों एवं महिलाओं का सम्मान मुख्य अतिथि जनसेवक शशिकांत कौशिक द्वारा कंबल वितरित कर किया जायेगा। शशिकांत कौशिक के निजी सचिव प्रमोद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले चरण राकसेडा गांव की तरह ही समालखा हलके के सनौली खुर्द गांव में करीब 11000 कम्बलों का वितरण जन सेवक शशिकांत कौशिक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आगामी रविवार को सनौली खुर्द अनाज मंडी में कार्यक्रम आयोजित कर किये जायेंगे।

## 'जनता को योजनाओं का लाभ दिलाएं, बड़ी जीत सुनिश्चित'



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
**लोकसभा** चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपनी तैयारी और तेज कर दी है। शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम स्थित प्रदेश कार्यालय गुरु कमल में प्रदेश पदाधिकारियों की एक के बाद एक तीन अहम बैठकें ली। तीनों बैठकों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ वंचित लोगों तक जल्दी से जल्दी पहुंचाने पर चर्चा हुई। विकसित भारत संकल्प यात्रा को ज्यादा से ज्यादा सफल बनाने और हरेक पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर भी मंथन हुआ। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर हुई पहली बैठक एवं कार्यशाला में उपस्थित जिला अध्यक्षों, महामंत्रियों और ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों से योजना पर चर्चा करते हुए इस योजना में अब तक हुए कार्यों की समीक्षा भी प्रदेश अध्यक्ष ने की। सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने जिले में इस योजना के तहत लाभार्थियों की जानकारी बैठक में रखी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य पारंपरिक दस्तकारों का उत्थान करना है। सांसद सुरेंद्र नागर ने प्रोजेक्ट के माध्यम से उपस्थित पदाधिकारियों को पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत देशभर में चल रही गतिविधियों के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वे छोटे-छोटे उद्योग लगाकर काम कर रहे लोगों को इस संबंध में जागरूक करें। कार्यशाला में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, कार्यशाला संयोजक जवाहर सैनी ने भी अपनी बातें रखी। इसके बाद नमो ऐप से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोडकर उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भी एक विशेष बैठक हुई। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, सांसद संजय भाटिया, कृषि मंत्री जेपी दलाल, मंत्री कमलेश ढांडा, मंत्री मूलचंद शर्मा, मंत्री कमल गुप्ता, संदीप सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, पटौदी विधायक सत्य प्रकाश जरावता, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ सहित अनेक जिलों के अध्यक्ष एवं प्रभारी व विधायक उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर में 150 ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**जीटी रोड़** स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में बाल भवन इंटरनेशनल व लायंस क्लब गन्नौर द्वारा संयुक्त रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल की संस्थापक सदस्य स्व. कमलेश देवी की तस्वीर पर स्कूल प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता के सहयोग से पुष्पार्पित करके किया। शिविर में 150 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को शिविर में हेलमेट भी भेंट किए गए और उन्हें यातायात के नियम पालन करने का संदेश दिया। शिविर में लायंस



क्लब ब्लड बैंक कुंडली से आई टीम ने अपना सहयोग दिया। इस दौरान 70 लोगों में खून की कमी भी पाई गई। जिन्हें चिकित्सकों द्वारा निशुल्क सलाह भी दी गई। नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी ने स्कूल व क्लब द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। त्यागी ने कहा कि बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल की संस्थापक सदस्य स्व. कमलेश देवी ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किए। उनके द्वारा किए गए कार्य के कारण उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों से आहवान किया कि वे उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करे। स्कूल प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से किसी दुर्घटना में घायल की रक्त देकर जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर स्कूल निदेशक भारत भूषण गुप्ता, प्राचार्य जयभारत गुप्ता, नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी, क्लब के प्रधान विकास भगवती, आरपी वर्मा, संदीप सिंघल, सुरेश भुटानी, नरेंद्र पतंजली, विजय कुमार, विपिन त्यागी, डा. संजीव सोबती मौजूद थे।

## खाद के रैक पर कार्य करने वाले मजदूरों को इफको द्वारा वितरित किए गए कंबल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सर्दी** के मौसम के चलते इफको द्वारा रेलवे स्टेशन पर लगे खाद के रैक पर कार्य करने वाले मजदूरों को कंबल वितरित किए। इस दौरान इफको डेलीगेट सुनी कुमार खत्री ने कंबल वितरित करते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में हमे सामाजिक भावना के साथ ऐसे गरीब लोगों की अवश्य मदद करनी चाहिए, जिनके पास सर्दी से बचने के कपड़े नहीं है। उन्होंने कहा कि इफको द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए



जाते हैं।
इस दौरान इफको के क्षेत्र प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि सोनीपत जिला को यूरिया खाद का एक रैक प्राप्त हुआ है, जिससे अब किसानों को निरंतर खाद की आपूर्ति हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इफको द्वारा किसानों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि हमारे किसान खेती में तकनीकों का प्रयोग करते हुए अधिक पैदावार ले सके।

## कांग्रेस विधायक धर्म सिंह छौक्कर ने विभिन्न गांवों की मीटिंग रखी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**नेशनल हाइवे** स्थित छौक्कर फार्म हाउस पर शनिवार को कांग्रेस विधायक धर्मसिंह छौक्कर ने हल्के के विभिन्न गांवों सहरमालपुर बिहोली,जटीपुर,मछरौली,करहन्स ,मनाना,पावटी और भापरा के वर्करों के साथ मीटिंग की गई छौक्कर फार्म हाउस, समालखा पर। इस दौरान विधायक धर्मसिंह छौक्कर ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी कार्यकताओं के दम पर 2024 का विधानसभा चुनाव पूरी ताकत से लड़ेंगी। इस बार पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। दरअसल, शुक्रवार को छौक्कर



फार्म हाउस पर कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई थी।
बैठक में विधायक छौक्कर ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के चुनाव के लिए हमें आज से ही जुटना होगा। अब समय कम है, गांव-गांव जाकर भाजपा के छल-बल की सरकार की नाकामियों को जनता को बताना होगा।
यह खरीद-फरोख्त वाली सरकार-विधायक धर्मसिंह छौक्कर प्रदेश में अभी जो सरकार है, वह जनता के द्वारा चुनी हुई सरकार नहीं है। वह खरीद-फरोख्त वाली सरकार है। भाजपा धन बल की दम पर लोकतंत्र को कमजोर करना चाहती है। भाजपा सरकार खरीद-फरोख्त करके अपनी अनैतिक मंशा रखकर सरकार को गिरा तो सकती है, लेकिन जनता के निर्णय को नहीं बदल सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में किस प्रकार एक आम नागरिक महंगाई से त्रस्त हो चुका है। वहीं बेरोजगार युवा अपने आपको ठगा हुआ सा महसूस कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब कांग्रेस की ओर आशा की नजर से देख रहें हैं। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है।

# श्रीमद्भागवद गीता हर युग की आवाज : डा. लक्ष्मीकांता चावला

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
सम्पूर्ण विश्व में जिस ग्रंथ के प्रति सर्वाधिक लोगों की श्रद्धा, विश्वास है, जो ग्रंथ संसार के अनेक अनेक भाषाओं में अनुदित हुआ, जिससे इस ग्रंथ के नायक एवं युगनायक भगवान श्री कृष्ण का हर व्यक्ति को परिचय मिलता है। जो भारत, भारत की संस्कृति को समेटे सार्वभौम ग्रंथ है। यह उदगार पंजाब सरकार की पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. लक्ष्मीकांता चवला ने मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम परिसर में गीता सेवा संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र



पर डा. लक्ष्मीकांता चवला एवं मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र संयुक्त रूप से माल्यार्पण, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने डा. लक्ष्मीकांता चवला के मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। डा. लक्ष्मीकांता चवला ने मातृभूमि सेवा मिशन की समस्त सेवा प्रकल्पों का अवलोकन किया। डा. लक्ष्मीकांता चवला ने कहा मातृभूमि सेवा मिशन वास्तविक रूप से समाज के असहाय एवं जरूरतमंद बच्चों के सवार्गीण विकास में निःस्वार्थ भाव से समर्पित है। गीता की शिक्षाओ को आत्मसात कर मातृभूमि सेवा मिशन समाज के जरूरतमंद बच्चों के जीवन में आशा का संचार कर उन्हे सब प्रकार से सशक्त बना रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा श्रीमद्भगवदगीता में अर्जुन की जिज्ञासा और भगवान श्री कृष्ण के उत्तर से उपजा जीवात्मा और परमात्मा का अद्भुत संवाद समाया है।

**सार्वभौम ग्रंथ**

8 इस ग्रंथ के नायक एवं युगनायक भगवान श्री कृष्ण का हर व्यक्ति को परिचय मिलता है

# लिबासपुर में पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने बुजुर्गों को गर्म चादरें वितरित की



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सर्दी** का मौसम बुजुर्गों के लिए काफी भारी पड़ता है. बुजुर्गों को कोठी करते हुए अपने दिन में रात गुजारने पड़ते हैं हालांकि इस सर्दी के मौसम में भी कई लोग ऐसे होते हैं जो बुजुर्गों की पीड़ा को समझते हुए आगे आते हैं। आज गांव लिबासपुर में पूर्व मंत्री व हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन कृष्णा गहलावत ने बुजुर्गों को गर्म चादर वितरित की. इस मौके पर कृष्णा गहलावत ने कहा कि सर्दी का मौसम बुजुर्गों के लिए काफी भारी होता है।
उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को जब ज्यादा ही जरूरी हो तो तभी घर से बाहर निकलना चाहिए।
कृष्णा गहलावत ने करीब 70 व्यक्तियों को गर्म चादर वितरित की।
बुजुर्गों ने कृष्णा गहलावत को आशीर्वाद देते हुए कहा कि कृष्णा गहलावत ही गरीबों व जरूरतमंदों की सच्ची हितैषी है।
कृष्णा गहलावत ने कहा कि उनके घर के दरवाजे जरूरतमंदों के लिए हमेशा खुले हुए है। इस मौके पर पूर्व सरपंच रामेश्वर, जगदीश, जगमेर, बिर्जेश, राजेश, हरदेवा, जोगिंदर,राजबीर, आमीन आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### घर में अलमारी का ताला तोड़कर एक लाख रुपये की राशि चोरी

**सोनीपत** : बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित ओमेक्स सिटी में घर से अलमारी का ताला तोड़कर एक लाख रुपये की राशि चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-19 ओमेक्स सिटी निवासी जितेंद्र वषिष्ठ ने बताया कि गत 27 दिसंबर को पत्नी के साथ रिश्तेदारी में अंबाला गया था। घर पर उसका बेटा एकांत था। रात करीब 9 बजे वह किसी काम से दिल्ली चला गया। रात को करीब 12 बजे वापिस लौटा। उसने देखा कि मकान का दरवाजा खुला हुआ है। अंदर जाकर सामान की जांच की तो अलमारी में रखे कपड़े बिखरे हुए पाए गए। मामले को लेकर उसने अपनी मां को अवगत करवाया। सुबह अगले दिन सामान की जांच की तो अलमारी में रखी एक लाख रुपये की राशि गायब मिली। किसी ने घर में घुसकर राशि को चोरी किया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

### शराब के नशे में रास्तें में रूका कर्मचारी, दो-पहिया वाहन हुआ चोरी

**सोनीपत**: कुंडली थाना क्षेत्र के गांव मनौली में जा रहे सफाई कर्मचारी को शराब का नशा करके चलना मंहगा पड़ गया। नशा ज्यादा होने पर कर्मचारी रास्ते में रूककर आराम करने लगा। उसी दौरान उसकी बाइक को किसी ने चोरी कर लिया। पुलिस ने सफाई कर्मचारी के बयान पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मनौली निवासी अजय सिंह ने बताया कि वह मैकडी कुंडली में सफाई का काम करता है। गत 26 दिसंबर को वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर जा रहा था। उसने रास्ते में शराब ठेके से शराब लेकर पी ली। जब वह नांगल गांव के पास पहुंचा तो उसे नशा ज्यादा हो गया। उसने मोटरसाइकिल को रोक दिया। उसके बाद वह एक मकान के रेंप पर जाकर लेट गया।

# दहेज की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर महिला को प्रताड़ित करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। मामले को समझौता सदन में भेजा गया। जहां दोनों पक्षों को बुलाया गया, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका। पुलिस ने इस संबंध में ससुराल पक्ष के सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पबसरा निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी शिव कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद वह परिवार सहित गांव में रहने लगी। महिला ने बताया कि ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगा। उसे मोटरसाइकिल लाने के लिए दबाव बनाने लगा। उसे छोटी-छोटी बातों को लेकर मारपीट करने लगे। उसने शादी के बाद तीन लड़कियों को जन्म दिया। जिसमें एक लड़की की गत 4 नवबंर 2011 को मौत हो गई। ससुराल पक्ष बार-बार हजारों रुपये की डिमांड कर चुके है। जाकि पांच हजार दस हजार की डिमांड को समय पर पूरा किया गया। अब ससुराल पक्ष उससे दो लाख रुपये की डिमांड कर रहे हैं।

# चंदन स्कूल की गर्विता ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन में दर्ज कराया अपना नाम

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिह )**
**चंदन** बाल विकास पब्लिक स्कूल ,दुर्गा कॉलोनी ,समालखा की चौथी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा गर्विता ने अपना नाम वर्ल्ड बुक आफ रिकॉर्ड लंदन में दर्ज करा कर अपने माता-पिता के साथ-साथ विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। प्रोजेक्ट साक्षर करनाल हरियाणा के अधिवक्ता मास्टर हार्दिक गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया 24 घंटे का एक सेमिनार जिसमें भारत के 21 राज्यों के 300 से अधिक 12 से 18 साल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय की चौथी कक्षा की छात्रा गर्विता ने इस सेमिनार में 15 जुलाई प्रात 9 बजे से लेकर 16 जुलाई प्रात 9.15 तक भाग लिया



और बिना थके तथा रुके 24 घंटे 15 मिनट तक इस सेमिनार में शामिल रही जिसके माध्यम से इसका नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन में शामिल किया गया। 25 दिसंबर 2023 को आयोजकों की ओर से गर्विता को लंदन वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट, ट्रॉफी तथा मेडल प्राप्त हुआ। स्कूल अध्यक्ष नरेश गाहल्याण तथा स्कूल प्रधानाचार्या नीलम कादियान ने बच्चे की इस उपलब्धि पर उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नए साल पर एक वर्ष का हो गया हमारा कमिश्नरी जिला सोनीपत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र का हिस्सा होने व लगातार बढ़ते शहरी व औद्योगीकरण के चलते सोनीपत को गत वर्ष 25 दिसंबर को पुलिस कमिश्नरी बनाने की घोषणा हुई थी। जिसके बाद एक जनवरी 2023 को कमिश्नरी को लागू किया गया था। यहां पर आईजी रैंक के अधिकारी को पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। वहीं जिले के सभी थानों को तीन पुलिस जोन में बांट दिया गया है। बता दें कि सोनीपत आर्थिक राजधानी के रूप में विकसित हो रहा है। ऐसे में उद्योगपतियों व व्यापारियों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के लिए नई व्यवस्था काफी महत्वपूर्ण साबित होगी। सोनीपत में बड़ी तेजी से औद्योगिक विस्तार हो रहा है। यहां पर वाहन निमार्ता कंपनी मारुति की यूनिट का कार्य आरंभ हो गया है। वहीं हिमाचल के बाद दवा निर्माण के उद्योग यहां पर स्थापित हैं। कुंडली, राई, सोनीपत, बड़ी और बहालगढ़ क्षेत्रों में औद्योगिक क्षेत्र हैं। गाजियाबाद की तर्ज पर लोहे और प्लास्टिक के बड़े उद्योग जिले में स्थापित हो रहे हैं। देश-विदेश में प्रतिष्ठा रखने वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान होने के चलते व्यापारियों को सुरक्षित माहौल की जरूरत थी। ऐसे में अब कमिश्नरी बनाकर सोनीपत को पूर्वी जिला, पश्चिमी जिला और गोहाना पुलिस जोन बनाएं गए है। इन तीनों जोन का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी के हाथों में है। इनके अलावा जिले में सीआईए के चार थाने, तीन महिला थाने, एक वाहन चोरी निरोधक स्टाफ और एक एंटी नारकोटिक्स थाना सहित तीन यातायात थाने हैं।

# मुख्याध्यापक 38 वर्ष की बेदाग सरकारी सेवा उपरांत हुए सेवानिवृत

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाना में कार्यरत मुख्याध्यापक सरदार जसपाल सिंह 38 वर्ष की बेदाग सरकारी सेवा उपरांत हुए सेवानिवृत। वह जिस भी स्कूल में कार्यरत रहे उन्होंने छात्रों को विकसित करने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी ।उन्होंने अपने गणित के विषय का अध्यापन कार्य करवाते हुए बहुत सारे बच्चों को मेरिट में स्थान दिलवाया। उनकी सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दीवाना में सेवानिवृत्ति सम्मान कार्यक्रम



आयोजित हुआ जिसमें गांव दीवाना के सरपंच रामनाथ सैनी, पहेवा के खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र गर्ग, चेयरमैन गुरमेल सिंह, अध्यापक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण शर्मा ,गांव कैंथला खुर्द के सरपंच सरदार बलदेव सिंह सैनी, पूर्व हेडमास्टर दलबीर मलिक, सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार शर्मा, अध्यापक संघ के वरिष्ठ नेता सरदार स्वर्ण सिंह परुथी, एसएमसी प्रधान श्रीमती मनीषा ने शिरकत की ।उपरोक्त सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक सरदार जसपाल सिंह की कार्यशाली, उनके स्वभाव, व्यक्तित्व, उनकी मिलनसार छवि के विषय में तथा ड्यूटी के प्रति समर्पण एवं सभी खूबियों का खूब बखान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने उनकी कार्यशैली की जमकर प्रशंसा की और कहा कि हमें सरदार जसपाल सिंह के नेतृत्व में कार्य करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ जिससे हम अत्यधिक प्रभावित हैं।
कार्यक्रम में सेवानिवृत्त मुख्सयाध्यापक जसपाल सिंह की सेवानिवृत्ति पर उनके रिश्तेदारों ने भी शिरकत की। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम के अंत में पधारे सभी महानुभावों ने एवं स्टाफ सदस्यों ने सम्मान के रूप में उनको स्मृति चिन्ह एवं शाल देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त सरदार जसपाल सिंह ने भी विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर उन सुनहरे क्षणों को यादगार बनाया। विद्यालय के छात्रों ने भी सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक जसपाल सिंह के विषय में दिल को प्रभावित करने वाली कई बातों की चर्चा की। ग्राम सरपंच रामनाथ सैनी ने सेवानिवृत्ति मुख्याध्यापक सरदार जसपाल सिंह की कार्यशाली की बहुत-बहुत प्रशंसा करते हुए कहा कि इन्होंने दीवाना स्कूल के अंदर नए-नए आयाम स्थापित किए ।सभी वक्ताओं ने उनके बेहतरीन स्वास्थ्य और लंबी आयु की भगवान से प्रार्थना की।

# तेजधार हथियार से हमला कर हत्या करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः शहर** थाना क्षेत्र में तेजधार हथियार से हमला कर व्यक्ति की हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपू उर्फ अरूण निवासी बहादुर नगर उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सिसौली मुज्जफरनगर उत्तर प्रदेश निवासी विजय कुमार ने गत 24 नंवबर को शिकायत देकर बताया कि उसका भाई संतोष कुमार (40) आर्य नगर कॉलोनी पत्थरों वाली गली में रहता था। वह प्राइवेट कंपनी में काम करता था। गत 1 नवंबर को देर शाम को उसके भाई का झगड़ा मकान मालिक व किराएदार के साथ हो गया। जिसमें साथी किराएदार ने किसी हथियार से उस पर हमला कर दिया। जिसके उसे गंभीर रूप से घायल हो गया था। दो नवंबर को को एंबुलेंस में संतोश कुमार को अचेत अवस्था में छोड़कर चले गए थे। उन्हें बताया कि वह सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गया है। उसे उपचार के लिए दिल्ली एम्स अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां गत 12 नवंबर को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। दिल्ली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट लगने का खुलासा हुआ था। मामले को शहर थाना सोनीपत में भेजा गया। जहां पुलिस ने मृतक के भाई के बयान दर्ज कर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

# नववर्ष पर हुड़दंग किया तो खानी पड़ेगी हवालात की हवा

**टीम एक्शन इंडिया/नववर्ष** पर हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। हुड़दंग करते पकड़े जाने पर पुलिस हिरासत में ही नया वर्ष मनाना होगा। इसको लेकर पुलिस ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने इस संबंध में सभी डीसीपी, एसीपी व थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही थाना प्रभारियों उनकी सीमा में आने वाले सभी होटलों व ढाबों पर भी विशेष नजर रखने को कहा गया है। उन्होंने सभी एसीपी व थाना प्रभारियों को आदेश दिए हैं कि अगर कोई शराब पीकर सडक पर हुड़दंग करता है या आम लोगों को परेशानी पहुंचाता है तो उसे तुरंत गिरफ्तार कर हिरासत में भेज दिया जाए। पुलिस ने लोगों से शांतिपूर्ण व शालीनता से नया साल मनाने की अपील की है। वाहन चालकों से अपील की गई है कि वह सुरक्षा का ध्यान रखें, जिससे रंग में भंग न पडने.पाए। रात में मस्ती करने, दावत-पार्टी करने के नाम पर हंगामा किया गया तो नया साल हवालात में बीत सकता है। पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती शराब पीकर वाहन दौड़ाने वालों पर नियंत्रण करना है। पुलिस ने शराब पीकर घरों से बाहर ना निकलने की अपील की है। पुलिस ने रात में आयोजनों में भीड़ एकत्र करने व शोर-शराबा, हंगामा करने पर रोक लगा दी है। यातायात व्यवस्था सुगम करने के लिए जारी किए निर्देश-
-सार्वजनिक स्थान या सड़क पर शराब न पीए। वाहनों के साइलेंस से पटाखे न बजाए। पुलिस शहर में नाके लगाकर अल्कोहल सेंसर से जांच करेगी।

# 'सड़क हादसों पर अंकुश लगाने में युवा निभा सकते हैं अहम भूमिका'

**टीम एक्शन इण्डिया/**
**जिला** पुलिस द्वारा यातायात नियमों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए जिला यातायात पुलिस द्वारा जागरुकता अभियान चलाऐ जा रहे हैं। इसी कडी में शनिवार को राजकीय वरिष्ट माधमिक स्कूल ठोल में एक जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए जिला ट्रैफिक कॉर्डिनेटर रोशन लाल ने कहा कि सडक हादसों पर अंकुश लगाने के लिए यातायात नियमो का पालन जरूरी है जिसमे युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा




नुक्सान युवा वर्ग का हो रहा है। युवा वर्ग यातायात नियमों को अपने व्यवहार में अपनाकर तथा छोटी-छोटी आदतो को जीवन का हिस्सा बनाकर अपना व दूसरों का जीवन सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने मोबाईल को कवर या स्क्रीन गार्ड लगाना नही भूलते उसी प्रकार दोपहिया वाहन पर चलते समय हमेशा हैल्मैट पहन कर रखें। वहीं साईबर अपराध के बारे में बोलते हुए रोशन लाल ने कहा कि ऑन लाईन होने वाले इन सब फ्राड से बचने के लिये जानकारी और सावधानी बहुत जरुरी है। उन्होने कहा कि अपने एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या बैंक खाते की जानकारी फोन पर किसी को ना दें। व्हट्सअप्प पर आने वाली किसी भी प्रकार की ऑडियो विडियो कॉल को किसी भी शूरत में अटेंड ना करे।इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल सीमा आर्य, अध्यापक सुरेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार, जसविन्द्र सिंह, ज्योति, रजनी, इंदु प्रवीन कौर, राजेश कुमार सहित काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# हिमगिरी पब्लिक स्कूल में हुआ वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा (कुलदीप सिह )**
हिमगिरी पब्लिक स्कूल, बिहौली रोड, समालखा में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी खिलाड़ियों ने जोश व उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर भाग लिया। राजबीर सिंह चेयरमैन हिमगिरी पब्लिक स्कूल, मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी ने मुख्यातिथि व ए ओ रामनिवास पाँचाल ,राजेश राठी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। चेयरमैन राजबीर सिंह , प्रधानाचार्य प्रमोद राठी व स्कूल खेल प्रमुख हरेन्द्र सिंह व सुखबीर शर्मा के द्वारा सभी खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने की शपथ दिलाते हुए मशाल




प्रज्वलित कर खेल की शुरूआत की गई। विवेकानंद सदन की खेल कप्तान नेहा गाहल्याण ने मशाल लेकर मार्चपास्ट निकाला । तदुपरांत 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़ , मेंढक दौड़, थ्रो बॉल, वॉलीबाल, हैंडबॉल, खो-खो, कबड्डी, रस्साकस्सी, बैडमिन्टन आदि खेलो का आयोजन हुआ जिसमें खिलाड़ियों ने बड़े ही जोश के साथ अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। यह प्रतिस्पर्धा स्कूल के चार सदनों विवेकानंद, टैगोर, गाँधी व दयानन्द सदन के खिलाड़ियों के मध्य हुई जिसमें ओवर आल टैगोर सदन ने प्रथम, दयानन्द सदन ने द्वितीय व विवेकानंद सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
मुख्यातिथि राजबीर सिंह के द्वारा नैशनल एवं इंटरनैशनल स्तर पर मैडल प्राप्त कर चुके खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, राजेश राठी, रामनिवास पाँचाल के द्वारा स्कूल स्तर पर हुई प्रतिस्पर्धा में सभी विजेता खिलाड़ियों को मैडल देकर सम्मानित किया गया।
जहाँ बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया वहीं अध्यापक भी पीछे नही रहें। दौड़ प्रतिस्पर्धा में अंजलि राठी ने प्रथम, शालू कालड़ा ने द्वितीय व रेणुका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने जीतने वाली अध्यापिकाओं को 500,300,200 व मेडल देकर सम्मानित किया ।
मुख्यातिथि राजबीर सिंह ने खिलाड़ियों के जोश, जज्बे एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक युग के इस प्रदूषित वातावरण में विद्यार्थी खेल, योग , ध्यान एवं व्यायाम से ही अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं और कहा भी गया है कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का निवास होता है। अगर आप स्वस्थ हैं तो ये सारा संसार आपके लिए उपयोगी एवं शुखदायक है और आप अस्वस्थ हैं तो सांसारिक भोग विलास की सभी वस्तुएँ आपके लिए व्यर्थ है। अतः सभी बच्चों को अपने सामर्थ्य के अनुरूप किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए।

# आर्य समाज मंदिर में स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस मनाया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आर्य समाज थानेसर के प्रांगण में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस का बलिदान समारोह का प्रारंभ हुआ जिसकी शुरूआत यज्ञ से की गई, यज्ञ ब्रह्म आचार्य सुलेख शास्त्री रहे और यजमान की भूमिका लेफ्टिनेंट कमांडर अश्विनी बूरा, माता संतोष बूरा, देवी दयाल जी सह परिवार, मानसिंह आर्य मंत्री आर्य समाज थानेसर सह परिवार की भूमिका निभाई ' यज्ञ उपरांत आर्य समाज थानेसर के संरक्षक डॉक्टर ललित जी व टैगोर ग्लोबल स्कूल की छात्रा आर्या धृति सिंह ने संध्या



करवाई। संध्या उपरांत आर्य समाज के सुप्रसिद्ध भजन उपदेशक जयपाल आर्य जी ने अपने भजनों से कार्यक्रम में चार चांद लगाए, उसके पश्चात गीता स्कूल एवं आर्य स्कूल के विद्यार्थियों अनमोल बुद्धीराजा, सरगम, ज्योति, सोनम, प्रिया ने स्वामी श्रद्धानंद जी पर व ऋषि दयानन्द जी पर अपने विचार प्रस्तुत किया। बच्चों के प्रोग्राम के पश्चात आचार्य रामचंद्र जी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में स्वामी श्रद्धानंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला जिसे बच्चों ने व गणमान्य व्यक्ति ने बहुत सराहा, मंच संचालन आचार्य सुलेख शास्त्री, मानसिंह व आर्य समाज थानेसर के प्रधान रतन सिंह गर्ग ने किया।

# वार्षिक वैदिक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य बाल** भारती स्कूल परिसर में वार्षिक वैदिक विज्ञान प्रदर्शनी 2023 नामक एक विशाल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विज्ञान उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य रहे। जबकि विशिष्ट अतिथियों में उप प्रधान आर्य रवि अहलावत, प्रबंधक रामपाल जागलान, जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी, प्रबंधक जसवीर आर्य शामिल रहे। वहीं विशेष अतिथियों में कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक, ज्ञानी राम आर्य, उप प्रधान ओम दत्त आर्य, अर्छी अहलावत मौजूद रही। वहीं प्राचार्य सत्यवान मलिक ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के उन सभी अध्यापकों को इस विज्ञान प्रदर्शनी की सफलता पर विशेष बधाई दी। जिन्होंने इस विशाल वैदिक विज्ञान प्रदर्शनी को तैयार करवाने में दिन-रात मेहनत की। जिनमें डॉ. कांता चहल, अनीता घनघस, मीनाक्षी, सरिता, सीमा रामदेव, नवीन, दीपक, मनीषा, शांतनु ,संदीप शर्मा, अंकुर गुप्ता, जगदीश चहल, सुनील, प्रवीण आर्य व आशा शामिल हैं। वहीं गुरुग्राम के पूर्व सांसद और आर्य समाज के महान विद्वान प्रकाश वीर शास्त्री की जयंती भी मनाई गई।



प्रदर्शनी की विशेषता यह रही कि इस प्रदर्शनी को देखने जहां पानीपत जिला की सभी आर्य शिक्षण संस्थानों की प्रबंधन समितियों के पदाधिकारी और अध्यापक पहुंचे। मुख्य अतिथि प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि आज का युग विज्ञान और नई तकनीकी का युग है। ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने प्राचीन काल से ही अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कहा कि वह इस वैदिक विज्ञान प्रदर्शनी को देखकर विज्ञान के प्रति अत्यधिक आकर्षित हुई है। वहीं आज की इस विशाल वैदिक विज्ञान प्रदर्शनी में लगभग 250 छोटी बड़ी प्रदर्शनियां लगाई गई थी।

# महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सोनीपत** के ब्लाक राई गाँव बैंरा बांकीपुर में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया एवं हरियाणा राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन सोनीपत, द्वारा महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया ,जिसमें हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया।महिलाओं को वित्तीय सशक्तिकरण के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा देवी चेयरपर्सन ब्लाक समिति राई सोनीपत मुख्य वक्ता श्री सूर्यकान्त शर्मा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अजय कुमार डी पी एम एच एस आर एल एम सोनीपत डा जयपाल जिन्दल ने दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया` सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ दे कर एवं शाल उड़ा कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में वित्तीय जागरूकता के विषय को विस्तार से समझाया ओर कहा कि आज के समय मे महिलाए दोहरी जिम्मेदारी निभा रही है। घर संभालने के साथ रोजगार भी करती है। अंत मे उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जानकारी सभी के लिए लाभदायक है विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के लिऐ कार्यक्रम के मुख्या वक्ता श्री सूयार्कान्त शर्मा मुख्य सलाहकार, एसोसिएशन ऑफ म्यूअल फंड आफ इण्डिया ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे अटल पेन्शन योजना, मुद्रा योजना,सुकन्या समृद्धी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा एवं जन धन योजना के बारे में जानकारी दी और समझाया की कैसे इन योजनाओं के माध्यम से वे लाभ उठा सकती हैं । उन्होंने कहा कि ये योजनाएँ महिलाओं के लिए और भी लाभकारी सिद्ध हो रही है और समझाया कि हम सबको अपनी वित्तीय स्थिति एवं लक्ष्यों को ध्यान में रखकर ही निवेश करना चाहिऐ उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के द्वारा महिलाओ को बचत और निवेश के बारे में समझाया और दोनों के बीच का अन्तर भी बताया। उन्होंने मुयुच्वल फण्ड के बारे में विस्तार से जानकारी दी और समझाया कैसे आप व्यक्ति भी इस से लाभांवित हो सकता हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष मौजूद श्री अजय कुमार जी ने अपने उदबोधन में महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण , स्वरोजगार ,परिवार एवं समाज को आत्मनिर्भर बनाने में के सहकारिता की उपयोगिता बारे विस्तार से बताया।

डा॰ जयपाल जिन्दल ने महिलाओं को वर्तमान समय में हो रहें वित्तीय छल- कपट से सावधान रहने की अपील की और विभिन्न प्रकार की पौन्जी एवं फ्राड स्कीमों के बारे में समझाया की कैसे इन स्कीमों में निवेश करने से हमारी मेहनत की कमाई लुट जाती है साथ ही इनसे बचने के लिए जरूरी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम मे मौजूद महिलाओं को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बचत को सही जगह निवेश करने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज फ्लैश

### फिम्स में पहली बार आधुनिक तकनीक से वृद्ध महिला की हुई सफल इन्ट्रा-वेसक्यूलर लिथोट्रिप्सी



**सोनीपत: जिला के** गॉव जठेडी की 87 वर्षीय बुजुर्ग महिला संतोष कुमारी पत्नी श्री कर्ण सिंह को आपात स्थिति मे परिजन फिम्स अस्पताल में लाये। पता चला कि वृद्ध महिला कैंसर व दिल की बिमारी से ग्रस्त है और इस रोगी को पहले से ही नसों मे छल्ले डले हुए हैं। रोगी की छाती मे जो भंयकर दर्द उठा था, वो हार्ट अटैक का ईशारा दे रहा था। अस्पताल में सबसे पहले रोगी की स्थिति को स्थिर किया गया। मरीज की एन्जियोग्राफी की गई, जिसमे पाया गया कि मरीज को पहले से डले हुए छल्ले मे कैल्शियम जम गया है। जिस कारण स्टंट के उपर से दिल की तरफ खून को ले जाने वाली मुख्य नस ब्लॉक थी। साथ ही मरीज की दूसरी मुख्य धमनी भी 90 प्रतिशत बन्द थी। चूंकि मरीज की उम्र और कमजोरी ज्यादा थी, इस कारण से उसका बाई-पास नही किया जा सकता था। साथ ही, मरीज की नसों मे कैल्शियम भी जमा हुआ था, ऐसे मे एन्जियोप्लास्टी या छल्ला भी नही डाला जा सकता था। इस केस मे अनेक जटिलताओं के चलते, बिना कोई समय गंवाए, फिम्स अस्पताल के हृदय रोग विभाग के डाक्टरों की टीम ने परस्पर गहण विचार- विमर्श करके एक नयी विधि को अपनाने का निर्णय लिया। योजना अनुसार, पहले नस के अन्दर के कैल्शियम को एक मशीन से शॉक वेव्स देकर तोडा जाए। इस प्रक्रिया को इन्ट्रा-वेसक्यूलर लिथोट्रिप्सी कहते है। उल्लेखनीय व ध्यान देने योग्य है कि इस तकनीक का उपयोग आमतौर पर किडनी की पत्थरी को तोडने मे किया जाता है। परन्तु इस तकनीक का उपयोग दिल की तरफ जाने वाली मुख्य नस में जमे कैल्शियम को तोडने मे करना असाधारण प्रयोग था, जो ईश्वर की कृपा, डाक्टरी दक्षता व फिम्स प्रबन्धन द्वारा अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता के कारण शत प्रतिशत सफल रहा। हृदय रोग विशेषज्ञ- डा0 मयंक गोयल ने बताया कि इस तकनीक का इस्तमाल पहले अमेरिका मे किया जा चुका है। इसी कारण अमेरिका से ही स्पैशल इन्ट्रा-वेसक्यूलर लिथोट्रिप्सी मशीन व कैथेटर (बारीक तार) मंगवाए गए। जिसकी मदद से अनेक जटिलताओं के चलते इस वृद्ध महिला रोगी के दिल के पास जमे कैल्शियम को तोडकर सफलतापूर्वक एन्जियोप्लास्टी की जा सकी। सोनीपत में इस प्रकार का नवीनतम व शत प्रतिशत सफल प्रयोग पहली बार हुआ है। इसके उपरांत, जरूरत के अनुसार मरीज की दो नसों मे मिनी-क्रश तकनीक का इस्तमाल करते हुए छल्ले डाले गये। पहले से ही अनेक गंभीर बिमारियों से जूझ रही 87 वर्षीय ग्रामीण महिला अब पूर्णत: स्वस्थ व प्रसन्न है कि फिम्स अस्पताल के डाक्टरों ने अनेक कठिनाईयों का सामना करते हुए उसे बुढापे मे एक बार फिर से नया जीवन दिया है। रोगी के परिजन भी चिकित्सा के क्षेत्र मे हुए इस चमत्कार से अभिभूत हैं

### तनिष्क का गोल्ड एक्सचेंज प्रोग्राम देश की लगभग एक लाख दुल्हनों को प्रदान करेगा खुशियों की सौगात

**अंबाला:** टाटा समूह के समृद्ध घराने का सबसे बड़े ज्यूलरी रिटेल ब्रांड तनिष्क ने आगामी शादियों के सीजन के लिये अपने ह्यगोल्ड एक्सचेंज पोलिसीह्व पेश की है। आगामी महीनों में 35 लाख से भी अधिक विवाह आयोजित होने हैं जिसके लिये तनिष्क का गोल्ड एक्सचेंज प्रोग्राम ग्राहकों को उनकी सोने की संपति के लिए उचित मूल्य का वादा करता है। यह प्रोग्राम तनिष्क द्वारा पुराने सोने को उत्कृष्ट नये डिजाइन में बदलने के साथ विवाह के अवसर पर खूब सजने का मौका प्रदान करती है। ग्राहक देश में किसी भी ज्यूलर्स से 22 कैरेट और उससे अधिक पुराने सोने की खरीद पर सौ फीसदी मूल्य का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, मौजूदा सोने की दरों के बीच, दुल्हनों आसानी से अपने पुराने जैवरों का आदान प्रदान करके शानदार नये डिजाईन प्राप्त कर सकती हैं जिसके लिये किसी भी अतिरिक्त भुगतान की जरूरत नहीं होगी। ग्राहकों की चिंताओं को सर्वोपरि रखकर तनिष्क का यह एक्सचेंज प्रोग्राम तैयार किया गया है। इसी के साथ तनिष्क अब सोने के आभूषणों और हीरे जड़ित आभूषणों पर बीस फीसदी की छूट भी दे रहा है। तनिष्क अंबाला के फ्रेंचाइजी अनुभव अग्रवाल और रिषभ अग्रवाल सहित कंपनी कंपनी के ऐरिया बिजनेस मैनेजर ओमराज शर्मा ने पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि आभूषण भारत में पारंपरिक शादियों का एक अनिवार्य अंग है और कंपनी इस श्रेणी में काफी संभावनाएं देखती है। तनिष्क अपनी ह्यरिवाहह्व रेंज के माध्यम से शादी के आभूषणों के व्यापक वर्गीकरण के माध्यम से पूरे भारत में दुल्हनों की जरूरतों की पूर्ति करता है।

# हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति ने 5वां विशाल कंबल वितरण का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**उत्तर प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री स्व॰हेमवती नंदन बहुगुणा की पत्नी एवं पूर्व लोकसभा सदस्य स्व॰श्रीमति कमला बहुगुणा जी के जन्मदिवस पर आज हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति हरियाणा ने 5वा विशाल कंबल वितरण एवं महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया । समिति के अध्यक्ष पं॰ परशुराम गौड ने बताया कि हर साल 17 मार्च को हेमवती नंदन बहुगुणा जी की पुण्यतिथि पर शहीदों के परिवार को सम्मानित किया जाता है व संस्कृतिक कार्यक्रम करवाया जाता है,वही 30 दिसम्बर को महिला सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है।



समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आज ठंड में ठिठुर रहे जरुरतमंदो में 1100 कंबल वितरण किए गए हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति हरियाणा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र हित मंच का विशेष सहयोग रहा। निजामपूर से सरपंच अनिल कुमार, एडवोकेट नंदकिशोर गौड, राष्ट्र हित मंच के जिला अध्यक्ष जगदीश चहल, श्री भगवान लठवाल, ऊधम सिंह चहल, मोनू गामडी, रविन्द्र सैनी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे ।

## ग्रीन मैन प्रोफेसर दलजीत कुमार को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया /पानीपत/कमाल हुसैन**

**राजकीय** मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय ददलाना में नैनो – हर्बल गार्डन स्थापित करने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार सराहनीय कार्य करने पर देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इतिहास विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत ग्रीन मैन प्रोफेसर दलजीत कुमार को ददलाना स्कूल के मुख्य अध्यापक सतीश कुमार और गाँव के सरपंच प्रतिनिधि चरणसिंह राणा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अध्यापक सतीश कुमार ने बताया की राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय ददलाना,पानीपत में प्रोफेसर दलजीत कुमार ने स्कूल प्राँगण में नैनो-हर्बल गार्डन बनाने का कार्य स्वेच्छा से और अपनी नेक कमाई से किया है। इस नैनो गार्डन में रामा, शामा, बद्री, कपूर,,केदार सहित पाँच प्रकार की तुलसी, अश्वगंधा, अजवायन, लेमनग्रास, अनार, , पथरचट,गुलाब, इलाइची, दमाबेल, एलोवेरा, सदाबहार, इन्सुलिन, कड़ीपत्ता, गुलाब, अर्जुन, बहेड़ा, मरुआ, सहजन, अमरूद सहित अनेक प्रजातियों के औषधीय पौधे रोपित किए हैं। सरपंच प्रतिनिधि चरणजीत सिंह राणा ने कहा कि पानीपत जिले स्कूलों सबसे पहला नैनो- हर्बल गार्डन हमारे ददलाना गाँव के स्कूल में प्रोफेसर दलजीत कुमार व स्कूल के मुख्य अध्यापक सतीश कुमार द्वारा बनाना गाँव के लिए सम्मान की बात है।

## बच्चों को मोबाइल व इंटरनेट की जगह पढ़ाई की ओर ध्यान लगाना चाहिए : संदीप गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)लाडवा की** फिगमोंक अकाडमी की ओर से अनाजमंडी धर्मशाला में वीर बाल दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि पढ़ाई की जगह आज के बच्चे मोबाइल फोन व इंटरनेट की दुनिया में ज्यादा गुम होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी पढ़ाई की ओर ध्यान लगाना चाहिए। आज कल एक नया रिवाज चला हुआ है कि



बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के बाद विदेश की ओर रूख कर लेते हैं, जो कि सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता के पास ही रहकर उनकी सेवा करनी चाहिए और रोजगार के लिए हमारे देश में भी रोजगार की कोई कमी नहीं है। यहीं पर रहकर रोजगार करना चाहिए। वहीं अकाडमी के संचालक सचिन ने बताया कि पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। हमें वीर सब यादव के बारे में सभी जानकारियां होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अकाडमी की ओर से बच्चों को प्रेरित करने के लिए यह दिवस मनाया गया कि किस प्रकार माता गुजरी जी ने अपने बच्चों की बच्चों को शहीद कर दिया था। वहीं इससे पूर्व समाजसेवी संदीप गर्ग को अकाडमी की ओर से फूल गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सचिन, डा. कमल नैन शर्मा, पुनीत शर्मा, डा. अमन पंजेटा आदि मौजूद थे।

## महिला एवं बाल विकास द्वारा ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**बाल सुरक्षा** अधिनियम के अंतर्गत ( पोक्सो/ पोस/ सैक्सुअल हरासमैंट विषयों पर शिक्षा विभाग एवं महिला व बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन डाइट मोहड़ा में किया गया । राज्य स्तरीय इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में पहले बैच में अंबाला 1, अंबाला 2 और बराड़ ब्लॉक के सभी एबीआरसी और बीआरपी ने भाग लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्रिंसिपल रेणु अग्रवाल द्वारा किया गया।

# नैतिक शिक्षा की पुस्तकों का वितरण देखने अचानक पहुंचे डीईईओ

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) कार्यालयों** में छुट्टी थी, ठंड और धुंध के साथ साथ घना कोहरा भी था। किसी को ख्वाबों ख्याल नही था और साल के अंतिम कार्य दिवस की सुबह सुबह जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा अचानक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक जलबेहड़ा में बनाए गए पुस्तक वितरण केंद्र में पहुंच गए जहां उन्होंने एपीसी अनिल जगदेव की निगरानी में चल रहे डीपीसी कार्यालय के पुस्तक वितरण केंद्र में विभिन्न खंडों को वितरित की जा रही नैतिक शिक्षा विषय की पुस्तकों की वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। डीईईओ स्पोर्ट्स शूज, ट्रैक सूट और कैप में थे इसलिए वितरण केंद्र में कार्य कर रहे कर्मी एक दम से उन्हें पहचान नहीं पाए और बाद में भी उन्हे हैरानी से देखते रहे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने देखा कि विभिन्न खंडों से आए प्रतिनिधियों को गणना के पश्चात कक्षानुसार किताबें दी जा रही थी और उनके वाहन में किताबें लोड करवाने के पश्चात उनसे पुस्तक प्राप्ति रजिस्टर में हस्ताक्षर करवाए जा रहे थे। इस सारे कार्य में पुस्तक वितरण टीम को विद्यालय की प्रधानाचार्या संगीता रानी, एबीआरसी मीनू तथा विद्यालय के सेवादारों द्वारा भरपूर सहयोग दिया जा रहा था।



आज इस पुस्तक वितरण केंद्र से जिले के सभी छः खंडों के कक्षा 6 से 12 के सभी बच्चों के लिए नैतिक शिक्षा विषय की कुल 47561किताबें वितरित की गई। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सभी खंडों से आए प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि आज वितरित की गई सभी किताबों को संबंधित स्कूलों में 1जनवरी तक अवश्य पहुंचाए। उन्होंने कहा कि ये किताबें सभी बच्चों को निशुल्क दी जानी हैं।

# तीन दिवसीय प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

## खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से शारीरिक विकास के साथ-साथ होता है मानसिक विकास: आर एस




**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय** स्तरीय मात्सोगी-डू द्वारा तीन दिवसीय प्रतियोगिता करवाई गई। जिसके दूसरे दिन मुख्य अतिथि वाइस चांसलर श्री आर एस यादव जी थे। उनको पुष्प गुच्छ दे कर उनका स्वागत किया गया तथा उनके स्वागत में किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर:3 के छात्रों द्वारा हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया गया। लगभग 18 राज्यों से विभिन्न आयु वर्ग की छात्राओं ने अपने-अपने कोच के साथ वहां आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन जूनियर एवं सब जूनियर छात्राओं के बीच प्रतियोगता हुई। मुख्य अतिथि के रूप में वाइस चांसलर आर एस यादव, वशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय प्रधान परमिंदर सिंह बाठ स्पोर्ट्स एकेडमी इंडिया, प्रधान विरेंद्र रावत मात्सोगी डू हरियाणा , राष्ट्रीय प्रधान गुरदीप सिंह मात्सोगी डू, सौरभ चौधरी, अश्वनी जैन वशिष्ठ अतिथि टेक्निकल पर्सन कृष्ण कुमार इस अवसर पर मौजूद रहे ।वाइस चांसलर आरएस यादव ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है तथा शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है उतना ही खेलों का भी है।वाइस चांसलर आर एस यादव तथा विशिष्ठ अतिथि द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल तथा नकद राशि दी तथा किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया गया।

# ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**सरकार** के द्वारा ड्राइवर पर लगाए गए काले कानून के विरोध में ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रधान धर्मवीर मालिक से सभी ट्रांसपोर्टर भाइयों ने और सभी ड्राइवर भाइयों ने बातचीत की और कहा कि इन तीन काले कानून की वजह से सभी ड्राइवर भाई गाड़ियां चलाने से मना कर रहे हैं। अगर इस तरह से सरकार ड्राइवर के ऊपर 10 साल की सजा और 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाएगी तो वह अपने बच्चों का पालन पोषण किस प्रकार से करेंगे।

ट्रांसपोर्ट प्रधान धर्मवीर मलिक ने कहा कि यह केवल ड्राइवर पर ही नहीं प्रत्येक व्हीकल वाले भाई पर लागू हुआ है। चाहे वह मोटरसाइकिल से हो कार से हो या फिर अन्य किसी साधन से हो यह काले कानून सरकार ने सभी पर लागू किए हैं। इस तरह के कानून से आम आदमी अपना जीवन यापन किस तरह से करेगा क्योंकि सरकार ने रोजगार तो कोई छोड़ नहीं बेरोजगारी इतनी फैली हुई है कि सभी भाई बेरोजगार सड़कों पर घूमते हैं सरकार इस तरह के कानून लगाकर और बेरोजगारी को बढ़ावा दे रही है क्योंकि जो भाई अपने जीवन यापन के लिए सुबह-शाम ड्राइवरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं वह सभी ड्राइवर भाई गाड़ियां छोड़कर अपने-अपने घर जाने के लिए मजबूर है। सरकार को चाहिए कि इस तरह के काले कानून वापस ले क्योंकि यह कानून न तो समाज के हित में है और ना ही देश के। अगर सरकार इन काले कानून को वापस नहीं लेती तो ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस सभी भाइयों की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ी है ।और न्याय के लिए हरदम साथ खड़ी रहेगी इस मौके पर अमरीक सिंह, मुकेश शर्मा,नरेंद्र मलिक ,सुरेंद्र शर्मा, सुनील कुमार ,बिक्रम सिंह, आदि ट्रांसपोर्टर भाई मौजूद रहे।



## कार्यरत शिक्षकों को पीएचडी सुपरवाइजर बनाने के लिए किया आग्रह

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**अखिल भारतीय** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, हरियाणा, महाविद्यालय शिक्षा द्वारा हरियाणा राज्य में स्थित विभिन्न विश्वविद्यालय जिसमें मुख्यत गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय हिसार, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी, चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी एवं गुरुग्राम विश्वविद्यालय गुरुग्राम के कुलपति को पत्र लिखकर हरियाणा राज्य में स्थित राजकीय एवं राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को पीएचडी सुपरवाइजर बनाने के लिए आग्रह किया गया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, हरियाणा महाविद्यालय शिक्षा के अध्यक्ष डॉ पुष्पदीप एवं महामंत्री डॉ सतीश सैनी ने बताया कि हरियाणा राज्य में स्थित अनेक राजकीय एवं राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय में बड़ी संख्या में शिक्षक बंधु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियम अनुसार पीएचडी के सुपरवाइजर बनने की शर्तों को पूरा करते हैं।

इसी क्रम में हरियाणा प्रदेश के दो विश्वविद्यालय महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ,रोहतक और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने भी अपने अधीन आने वाले महाविद्यालय के शिक्षकों को सुपरवाइजर बनाया हुआ है।

आदर्श रसोई सप्ताह 39 वां

# आदर्श रसोई में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे

## आदर्श नगर स्थित राकेश भारद्वाज चौक पर अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर है आदर्श रसोई...






**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के** अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 39वें रविवारीय कार्यक्रम का पड़ाव पार करते हुए भव्य आयोजन किया गया। विधिवत रूप से अतिथियों ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत की।

**मुख्य अतिथि रूवीर का किया स्वागतः** जैसा कि सभी जानते है कि आदर्श रसोई में प्रत्येक रविवार को किसी खास अतिथि मेहमान के रूप में बुलाया जाता है और उस मेहमान की आओ भगत में रसोई की पूरी टीम जुट जाती है, इस बात से तो सभी भलीभांति परिचित है। इस बार के खास मेहमान थे रूवीर जी, जिनका रसोई की पूरी टीम ने जोरदार स्वागत किया।

**पिछलें 18 माह से निरंतर चलाई जा रही है रसोईः** वो कहावत तो आपने सुनीं ही होगी, जो दूसरों का पेट भरता है या दूसरों का ख्याल रखता है उसका ख्याल स्वयं भगवान रखता है, इसी भावना के साथ आदर्श रसोई पिछलें ड़ेढ साल से प्रत्येक रविवार को आदर्श रसोई भूखे व निर्धन लोगों का पेट भर रही है। इसके साथ ही समाज को भी भूखे व गरीब की मदद करने का संदेश भी पहुंचाकर जागृत करने का भी कार्य कर रही है।

**मनाया गया क्रिसमस डेः** बतादें की इस मौके पर आदर्श रसोई में क्रिसमस डे बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया, तो वहीं मुख्य अतिथि रूबीर द्वारा रसोई की तरफ से केक कटवाकर उनका मान बढ़ाया गया। उसके बाद विधिवत रूप से पहला टोकन देकर रसोई का श्रीगणेश किया गया।

**अन्नदान से बड़ा कोई दान नहींः** इस अवसर पर रूबीर जी ने कहा कि भूखे का पेट भरना पुण्य का काम होता है और अन्नदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता है, इसी सोच को जीवित रखने का काम भी आदर्श रसोई और उनकी टीम भूखें लोगों का पेटभर कर रही है।

**विशेष रहा आदर्श रसोई का मेन्यू :** जैसा की सभी को मालूम है कि स्वाद के मामलें में आदर्श रसोई के विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन मशहूर है, ठीक वैसे ही मेहमान नवाजी के लिए भी रसोई के चर्चे दूर-दूर होते है।

# सच्चे मन से करें प्रभु की आराधना: सुरेन्द्र सिंह खर्ब




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा** क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी स्थित के ब्लॉक में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर कथा वाचक श्रद्धेय श्री शिवानन्द राधेय् जी महाराज ने अपने मधुर स्वर में उपस्थित भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा सुना रहे है। महाराज ने बताया कि सभी को सच्चे ह्दय से प्रभु की आराधना करनी चाहिए। जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है। प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इस अवसर पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कथा में शिरकत की और प्रभु का आशीर्वाद लिया। श्री खर्ब ने कहा कि आज बड़े ही भव्य रूप में कथा का आयोजन किया जा रहा है। मैं कथा के आयोजको का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने आगे बताया कि सभी को इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहिए। इससे क्षेत्र में धार्मिकता का संचार होता है।
इस अवसर पर बहुताय की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लोगों को खलने लगी है पार्षद की लापरवाही: मुरारी लाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर का वार्ड नंबर-62 स्थानीय निगम पार्षद की लापरवाही के चलते गंदगी का शिकार हो गया हैं। क्षेत्र में चारों ओर गंदगी का माहौल बना हुआ है।
कदम-कदम पर दुश्वारियों का बोलबाला है। कूड़े के ढेर से उठती दुर्गंध से लोग परेशान हैं। जिससे कि लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**सुविधाओं के अभाव में लोगः** वार्ड में सुविधाओं का अभाव है। गंदगी से लोगों में संक्रामक बीमारियां फैलने का भय बना रहता है। इसके साथ ही त्रीनगर विधानसभा के क्षेत्र के शकूरपुर



वार्ड नंबर 62 से कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी मुरारी लाल ने कहा कि भाजपा पार्षद किशन बेमाड़ की लापरवाही क्षेत्र की जनता के लिए अब शापित साबित हो रही हैं। शकूरपुर वार्ड के लोग सुविधाओं से वंचित हैं, तो वहीं पार्षद किशन बेमाड बेखबर बन मौन बने बैठे हैं। **वार्ड में सफाई व्यवस्था लचरः** वार्ड में नियमित रूप से सफाई न होने से जगह-जगह गंदगी के ढ़ेर लगे पड़े हुए है। कूड़े के ढ़ेर से उठती दुर्गंध से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जाम नालियां बजबजा रही है। वहीं निगम के अधिकांश पार्को पर कब्जा हुआ पड़ा है तो कई पार्क गंदगी के चलते पार्षद और विभाग की उपेक्षा के शिकार बन चुके है। उन्होंने बताया कि यहां नियमित सफाई न होने से कचरा बिखर रहा है, जिससे संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय निवासियों के अनुसार उन्होंने कई बार मौखिक शिकायत के अलावा शिकायत पत्र भी सौंपा लेकिन सुधार की दिशा में कोई प्रयास अभी नजर नहीं आया है।

# गुरू का स्वरूप भगवान से ऊपर: अमन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गुरु-शिष्य परंपरा** का प्रचलन अनंतकाल से चलता आ रहा है। गुरु शब्द का अर्थ है ही होता है अंधकार को दूर करके अपने शिष्यों को प्रकाशवान बनाना और रोशनी दिखाना इसके साथ ही गुरु अज्ञानता को दूर कर ज्ञान का प्रकाश देता है। वह ज्ञान जो हमें बतलाता है कि हम कौन हैं, विश्व से कैसे जुड़ें और कैसे सच्ची सफलता प्राप्त करें। सबसे अधिक महत्वपूर्ण है कि कैसे विश्व से ऊपर उठ कर परमानंद के धाम पहुंचे। इस सोच के साथ मानवता फाउंडेशन के संस्थापक अमन वर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए है।

**गुरू को न दें धोखाः** उन्होंने



कहा कि गुरु को कभी भी धोखा नहीं देना चाहिए। गुरु के बिना आगे बढ़ने की कल्पना नहीं की जा सकती है। हर गुरु की यही इच्छा होती है कि उसका शिष्य सबसे बेहतर निकले और नाम एवं यश कमाए पर गुरु कभी नाम एवं यश की कामना नहीं करता और अपने शिष्य की ओर ध्यान लगाता है।

**गुरू का कोई नहीं होता चेहरा या नामः** यही कारण है कि गुरु को भगवान से ऊँचा दर्जा दिया है। अपने शिष्यों से स्नेह रखने वाले गुरु के भी कई रूप होते है। कभी पिता, कभी भाई तो कभी दोस्त बनकर गुरु शिष्यों का पथ प्रदर्शक बनता है। गुरु के लिए कोई सीमा नहीं होती है तथा अपने शिष्य को ऊंचे मुकाम पर देखना एक गुरु के सबसे बड़ा सपना होता है। शिष्य के विफल होने पर गुरु निराश न होकर खड़ा होने में हौसला प्रदान करता है।

# पंकज शर्मा के हरफनमौला खेल की बदौलत द्वारका पुलिस सात विकेट से जीता




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका सेक्टर-12** स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में द्वारका पुलिस तथा द्वारका कम्युनिटी के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। इस मैच का उद्घाटन, रोटरी क्लब के उत्तर भारत के अध्यक्ष अनूप मित्तल एवं द्वारका कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एन.सी.शर्मा ने टॉस कराते हुए किया। आयोजक मुकेश सिन्हा के अनुसार 'स्पर्धा से बढ़कर सहयोग' नामक क्रिकेट मैच में पूर्व ए.सी.पी. राजिंदर सिंह के नेत्रत्व में द्वारका कम्युनिटी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीस ओवर में छ विकेट खोकर 168 रन बनाए। जिसमें अंकित ने धाकड़ बल्लेबाजी करते हुए 94 रन तथा रविंदर चौधरी ने बीस रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। जबकि दिल्ली पुलिस की ओर से कुनाल ने पांच रन देकर दो विकेट तथा पंकज शर्मा ने एक विकेट लिया। द्वारका पुलिस टीम के कप्तान सुनील की 32 रनों की ठोस पारी तथा हैड कांस्टेबल पंकज शर्मा के विस्फोटक 84 रनों की बदौलत 19.1 ओवर में यह रोमांचक मैच द्वारका पुलिस ने सात विकेट से जीत लिया` द्वारका कम्युनिटी की ओर से अखिलेश पाण्डेय ने तीस रन देकर दिल्ली पुलिस के दो विकेट झटके। पंकज शर्मा को शानदार हरफनमौला प्रर्दशन के लिए प्लेयर ऑफ दी मैच पुरस्कार से नवाजा गया, वहीं द्वारका के डीसीपी (आईपीएस) एम. हर्षवर्धन ने विजेता टीम को चमचमाती ट्राफी तथा इस मैच में दोनों टीमों के क्रिकेटरों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

# भजनपुरा में लगाये गये शिविर में 950 लोगों ने उठाया लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भजनपुरा के** पांचवा पुस्ता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वपूर्ण अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन शिविर लगाकर किया गया। भजनपुरा मण्डल के अध्यक्ष भुवनेश सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में 950 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। इस अभियान में उज्जवला योजना के तहत क्षेत्र की महिलाओं को गैस चूल्हे निःशुल्क वितरित किये गए। विधायक अजय महावर व जिलाध्यक्ष पूनम चौहान ने अपने हाथों से गैस चूल्हे जरूरतमंद महिलाओं को वितरित किये और कहा कि प्रधानमंत्री की इन सभी योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके तक पहुंचाने के लिए इस




शिविर को बड़े स्तर पर लगाया गया है ताकि एक ही स्थान पर अनेक योजनाओं का लाभ जनता को मिल सके। इस अवसर पर आभा योजना, डाकघर योजना, आधार कार्ड योजना, जनधन खाता योजना, बीमा योजना, स्वनिधि लोन योजना, स्वास्थ्य जांच व दांतों की जांच आदि का लाभ क्षेत्रवासियों को दिया गया। इसके अलावा लोगों को लेमन टी के पैकेट व कैलेंडर आदि भी बड़ी संख्या में वितरित किये गए। बड़ी संख्या में पधारे लोगों ने विशेषकर महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया और कहा कि हमारे क्षेत्र में एक बार पुनः इस प्रकार का शिविर लगाया जाए ताकि अन्य शेष लोगों को भी इसका लाभ मिल सके।
मण्डल अध्यक्ष भुवनेश सिंघल ने पुनः ऐसा शिविर लगाने का विश्वास दिलाते हुए सभी को विकसित भारत हेतु शपथ भी दिलाई। वहीं बड़ी स्क्रीन पर मोदी की योजनाओं को भी दिखाया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन महक सिंह, जिला प्रवक्ता व अभियान के जिला संयोजक अनिल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र राजौरा, मण्डल महामंत्री अमर झा व गंगाधर शर्मा आदि सहित मण्डल के अनेक कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।




भाजपा नेता श्याम जाजू को जन्मदिन की बधाई देते हुए भाजपा नेता देवेन्द्र रिडला, अजय पाठक, केवल किशन, संतोष सोनकर व अन्य।

# कांग्रेस का पंजाब प्रभारी बनने पर देवेन्द्र यादव का किया स्वागत





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कर्मठ व कांग्रेस के पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव को पंजाब का प्रभारी बनाये जाने पर जिला करावल नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, कादीपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष खेमचन्द सैनी, निगम पूर्व प्रत्याशी अनिल राणा व चन्दन चौबे ने देवेन्द्र यादव का शाल व बुके से स्वागत किया। देवेन्द्र यादव पहले भी कई जगह के प्रभारी रहे हैं और उन्होंने पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाह किया है। यादव दिल्ली में तरह-तरह के सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहते हैं। उन्होंने हमेशा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है। गरीब लोगों का साथ दिया है। अब पंजाब की जिम्मेदारी कांग्रेस प्रभारी बनाकर दी है हम मल्लिका अर्जुन खड़गे साहब, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस का धन्यवाद करते हैं।

# मोहना रोड पर बनाए जाने वाले एलिवेटेड पुल का सपना अब जल्द होगा पूरा : मूलचंद शर्मा

टीम एक्शन इंडिया/बल्लभगढ़/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा का मोहना रोड पर बनाए जाने वाले एलिवेटेड पुल का सपना अब जल्द ही पूरा होने जा रहा है पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाए जाने वाले इस पुल का टेंडर आज खुल गया है और अब नए साल में कुछ ही दिनों में इस पुल की आधारशिला रखी जाएगी। यह जानकारी प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने शनिवार को बल्लभगढ़ के आर्य नगर के निवासियों को करीब 1 करोड़ की लागत से बनने वाली आरएमसी गलियों की सौगात देते हुए दी।



परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने स्थानीय निवासियों के हाथो गलियों के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इन गलियों के निर्माण कार्य होने से आर्य नगर के लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का आभार प्रकट किया उन्होंने कहा बल्लभगढ़ के विकास में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जमकर विकास के लिए धनराशि दी। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी नेतृत्व में चहुमुखी विकास कार्य कार्य करवाए जा रहे हैं। जिसके कारण आज बल्लभगढ़ विकास के पथ पर है। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ की करीब 50 कॉलोनी और पृथला विधानसभा क्षेत्र सहित करीब 84 गांव के साथ-साथ जेवर एयरपोर्ट आने जाने में मोहना रोड के एलिवेटेड पुल का लाभ लोगों को मिलेगा। वही बल्लभगढ़ विधानसभा के सेक्टरों और आईएमटी एरिया को इस पुल का लाभ मिलेगा। बल्लभगढ़ मोहना रोड पर लगने वाले लंबे जाम से लोगों को राहत मिलेगी। प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने इसके उपरांत आईएमटी में उद्योगपति श्री कृष्ण कौशिक द्वारा रोटरी क्लब फरीदाबाद सेंटर द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में भी शिरकत भी की। वहीं शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के यात्राएं निकाली जा रही है। जहां लोगों को उनके घर द्वार पर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी दी जा रही है। लोगों के परिवार पहचान पत्र सहित सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का आन लाइन प्लेटफार्म प्रणाली पर लाभ दिया जा रहा है।

# प्रदेश के 42 लाख लोगों को नहीं मिल रहा राशनः अनुराग ढांडा

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने शनिवार को प्रदेश के लाखों गरीब परिवारों को राशन नहीं मिलने को लेकर खट्टर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहां पहले से ही प्रदेश में गरीबों को राशन नहीं मिल रहा। वहीं, हरियाणा के राशन डिपो संचालकों ने भी अब अपनी मांगों को लेकर हड़ताल का ऐलान कर दिया है। पहली जनवरी से प्रदेश के सभी राशन डिपो संचालक बेमियादी हड़ताल पर रहेंगे। इससे प्रदेश के गरीब परिवार वालों के लिए और मुसीबत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के डिपो होल्डर सरकार द्वारा पहली अगस्त, 2022 को जारी किए गए



नये नियमों से आहत हैं। उनका कहना है कि नये नियमों से उनके हितों और अधिकारों का हनन होगा। सरकार ने 300 राशन कार्डों पर एक डिपो का लाइसेंस देने का निर्णय लिया है। जबकि पहले 600 से 1200 राशन कार्डों पर राशन डिपो का लाइसेंस देने के नियम थे। हरियाणा की फेडरेशन ने पुराने नियमों को बहाल करने की मांग की है। वहीं डिपो संचालकों की मांग है कि उनको संविदा कर्मचारी घोषित कर सभी उपदराज डिपो संचालकों को पत्रकारों की तर्ज पर 15 हजार रुपये मासिक पेंशन और 10 लाख रुपये तक बीमा योजना का लाभ भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार को डिपो संचालकों की जायज मांगों को पूरा करना चाहिए, ताकि गरीब परिवारों को कोई समस्या न झेलनी पड़े और उन्हें समय पर राशन मिल सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर के राज में प्रदेश में गरीबों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उसके बाद भी सरकार ने बीते साढ़े 9 सालों से कोई योजना नहीं बनाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा की ह्वानवसंकल्प रैलीह्नमें उमड़ेगा भारी जन सैलाब-सुरेश काला

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन
आज जन नायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुरेश काला व ज़िला प्रधान सुरेंद्र धौला के नेतृत्व में जेजेपी नेताओं ने इसराना हलके के लगभग आधा दर्जन से अधिक गाँवो के लोगों से 7 जनवरी को घरौंडा की नई अनाज मंडी में होने वाली रैली के लिए जनसंपर्क किया इस जनसंपर्क प्रोग्राम के तहत जेजेपी नेताओं ने इसराना हलके के कवि,नारा,अहर-कुराना,दरियापुर,सींक,पाथरी सहित आधा दर्जन गाँवो में लोगों से मिलकर रैली के लिए संपर्क करके निमंत्रण दिया इस अवसर पर लोगों से मिलकर जजपा नेता सुरेश काला ने कहा कि सिरों की संख्या के आधार पर यह रैली अब तक हुई अन्य लोकसभा रैलीयों के सारे रिकॉर्ड धराशाही करके एक नया रिकॉर्ड कायम करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए ग्रामीण आँचल में बसने वाले हर वर्ग को सशक्त व मजबूत बनाने की दिशा में अनेकों सराहनीय कदम उठाये है। उन्होंने बताया कि इस रैली में पानीपत ज़िले के चारों हलकों से हजारों की तादाद में कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। ज़िला प्रधान सुरेंद्र धौला ने जन संपर्क के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और गाँव के लोगों से कहा कि जननायक जनता पार्टी ने साढ़े चार सालों में जनहित में बड़ी योजओं को लागू किया है। इन योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिला है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी की उपलब्धियों और नीतियों का प्रचार करें। देश के उपप्रधानमंत्री रहे ताऊ देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जन सेवा के कार्य कर रहे हैं इस दौर ज़िला प्रधान सुरेंद्र धौला के साथ राष्ट्रीय सचिव सुरेश काला, दयानंद उरलाना, बलकार देसवाल, टीपू पौड़ियाँ, गीता पलड़ी, सुदेश नौल्था, विरेंद्र बेनिवाल, सुभाष बेनिवाल, कुलवंत, निर्मल, अरूण ढाडा व अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### देवेंद्र कादियान ने समालखा हल्का के गांव में नव संकल्प रैली का न्यौता दिया

टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )
जेजेपी नेता देवेंद्र कादियान ने समालखा हल्का के गांव झटीपुर,भापरा, देहरा में जाकर अपने कारकर्ताओं व ग्रामवासियों से 7 जनवरी को करना लोकसभा की अनाज मंडी में होने वाली रैली के लिए न्यौता दिया उन्होंने कहा कि यह रैली एक बहुत बड़ी जल्दी होने जा रही है सभी ग्रामवासियों से अपील की ज्यादा से ज्यादा संख्या में रैली में पहुंचकर समालखा हल्के की मजबूती को दिखाने का काम करे । समालखा हल्का एक मजबूत हल्का है और सदैव चौधरी देवीलाल जी से जुड़ा हुआ है उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव कभी भी हो सकते हैं आप सभी अपने हर गांव में रिश्तेदार व साथियों के पास जाकर जननायक जनता पार्टी में जोड़ने का काम करें और जननायक जनता पार्टी व मेरे हाथ मजबूत करने का काम करें। उन्होंने ग्रामवासियों को कहा कि आने वाला समय जेजेपी का है और आज हमारी सरकार जे जे पी और बीजेपी मिलकर एक समान सभी जगह विकास कार्य मिलकर करवा रहे हैं कांग्रेस का वर्चस्व आज खत्म हो चुका है कांग्रेस के अलग अलग नेता अपने वर्चस्व के लडाई लड रहे है कांग्रेस पार्टी हरियाणा में खत्म हो चुकी है आप अपने हल्के से झूठ की दुकान चलाने वाले नेता को ना चुनकर बल्कि एक सच्चे नेता को चुनने का काम करें जो आपके हल्के में विकास कार्य करवा सके साथ ही कहा की हम 36 बिरादरी के लोगो के भाई बेटे है हल्के के व्यक्ति कभी भी मेरे आवास पर आए उनका हृदय से स्वागत है इस मौके पर हल्का प्रधान बलराज पूर्व सरपंच मछरौली,बीसी प्रधान सुभाष धीमान,लेखराज खटर,युवा हल्का प्रधान बिजेंद्र फोर,सोमपाल मलिक,बीसी हल्का प्रधान वीकी डाडोला,राजबीर प्रजापत,गौरव गिरी,रिंकू - सोनू जलमाना,गौरव देशवाल,मीनाक्षी चावला मौजूद रहे।

### गन्नौर समाचार पत्र एजेंट विक्की आहूजा को पितृशोक

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर
गन्नौर समाचार पत्र एजेंट व शहर की समाचार पत्र एजेंसी का कार्य देख रहे विक्की आहूजा के पिता के पिता अजय कुमार का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। अजय कुमार काफी लंबे समय से बीमार थे। इन दिनों घर पर ही उनका उपचार चल रहा था। शनिवार सुबह उन्होंने अपनी अंतिम सांसें ली। उनका अंतिम संस्कार गन्नौर के शिव मुक्तिधाम में किया गया।

## नववर्ष पर श्री सुखमनी साहिब का पाठ व भण्डारे का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )
देश व आमजन की सुख,शांति व खुशहाली के लिए नववर्ष के उपलक्ष्य पर पाली गाजीपुर रोड़ की 55 फूट रोड़ आरपीएस प्रा0 लि0. के सामने श्री सुखमनी साहिब का पाठ व भण्डारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए सरदार सुखबीर सिंह कंबोज,ओपी कंबोज,सरदार अमरजीत सिंह,सरदार टेकपाल सिंह व मोती चौधरी ने संयुक्त रूप से इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्री सुखमनी साहिब के पाठ के बाद अरदास और फिर भण्डारे में आसपास की कंपनी के हजारों मजदूरो ने प्रसाद ग्रहण किया।

# वोकल फार लोकल उत्सव नव वर्ष पर दिल्ली में : डीसी विक्रम सिंह

**आत्मनिर्भर भारत**

**8 पड़ोसी जिलों के जिला कलेक्टरों के साथ समन्वय कर किया जा रहा आयोजित**

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )
डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार अमृत काल में आत्मनिर्भर भारत उत्सव 3-10 जनवरी, 2024 तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली के हॉल नंबर 1-6 में निर्धारित है। उत्सव का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में विशाल विविधता और उल्लेखनीय



उपलब्धियों को प्रदर्शित करना, भारत की आत्मनिर्भरता का जश्न मनाने और स्वदेशी उत्पादों और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करना है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत उत्सव नागरिक उड्डयन, उद्धडएफ (उत्तर-पूर्वी क्षेत्र का विकास), टीव्ह (इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय), खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, आवास और शहरी मामलों जैसे प्रमुख केंद्रीय मंत्रालयों द्वारा किए गए कार्यों को प्रदर्शित करने वाले इ23 कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों की मेजबानी करेगा। वहीं एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम), रेलवे, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, इस्पात, कपड़ा, जनजातीय शिल्प, रक्षा उत्पादन, और डीपीआईआईटी (उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग) इस उत्सव के भागीदार बनेंगे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि इस वोकल फार लोकल उत्सव के सफल आयोजन के लिए विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर भारत उत्सव के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आपका बहुमूल्य समर्थन करना हैं। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि राज्य भवन में ब्राडिंग और जागरूकता अभियान के लिए पूरे राज्य भवन में आत्मनिर्भर भारत उत्सव के बारे में जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। वहीं दृश्यता बनाने और आगंतुकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य भवन में रणनीतिक स्थानों पर बैनर (अनुलग्नक के रूप में संलग्न) लगाए जाएंगे। एनसीआर के इन पड़ोसी जिलों के उपायुक्तों के साथ तालमेलः- डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि एनसीआर के पड़ोसी जिलों के जिला कलेक्टरों के साथ समन्वय किया गया है। इनमें एनसीआर/ठउफ के फरीदाबाद, गुरुग्राम, नूंह, रोहतक, सोनीपत, रेवारी,झज्जर, पानीपत, पलवल, भिवानी ,चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, जींद, करनाल, कैथल, हिसार, कुरुक्षेत्र और अन्य पड़ोसी राज्य विभागों/कार्यालयों में लोगों, छात्रों आदि को पर्याप्त रूप से एकत्रित करने के लिए, जो आत्मनिर्भर भारत उत्सव में भाग ले सकें को शामिल किया जाएगा। कहां कहां है विशेष प्वाइंटः- डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि विशेष जागरूकता अभियान के तहत प्वाइंट दिए दिए गए हैं। जो विविध प्रकार के अनुभव प्रदान करेंगे।

# फरीदाबाद पुलिस की तरफ से शहरवासियों को नववर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )
पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने वर्ष 2023 की विदाई और नए साल 2024 के आगमन पर शहरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने नववर्ष को हर्षोल्लास और शांति पूर्वक तरीके से मनाने की अपील करते हुए कहा कि नव वर्ष को अपने परिजनों के साथ धूमधाम से मनाएं और समाज में शांति बनाए रखने में अपना सहयोग दें। नए साल में नए लक्ष्यों को निर्धारित करके उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करें और अपने साथियों को भी सही राह दिखाकर उनकी जिंदगी में नए रंग बिखेरने की कोशिश करें। महिलाओं बुजुर्गों का सम्मान दे, ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नववर्ष के आगमन पर शहर में कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने सभी डीसीपी एसीपी, थाना व चौकी प्रभारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने व हुड़दंगबाजों से निपटने के दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि दिनांक 31 दिसंबर की रात को नव वर्ष के उपलक्ष्य में लगी सभी कानून व्यवस्था ड्यूटी पूरी रात जारी रहेगी व सभी पुलिस उपायुक्त व सभी सहायक पुलिस आयुक्त, फरीदाबाद अपने-अपने क्षेत्र में गस्त में रहकर कानून व्यवस्था एवं शान्ति बनाए रखेंगें व पुलिस उपायुक्त, यातायात व प्रबन्धक थाना यातायात, यातायात को सुचारू रूप से चलाना सुनिश्चित करेंगे। कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए शहर में 500 ट्रैफिक पुलिस कर्मियों सहित 2000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

## रेलवे बोर्ड सलाहकार समिति के सदस्य बने विमल खंडेलवाल

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )
प्रखर समाजसेवी एवं व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक विमल खंडेलवाल को भारतीय रेल मंत्रालय द्वारा गठित रेलवे बोर्ड की तरफ से ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य का बनाया गया। रेल मंत्रालय के रेल बोर्ड की तरफ से इनको पत्र प्राप्त हुआ है। घोषणा पत्र पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुए हस्ताक्षर करने के उपरांत उसे रेलवे बोर्ड के लिए भेज दिया गया है विमल खंडेलवाल ने बताया कि फरीदाबाद रेलवे स्टेशन को बेहतर एवं सुंदर बनाने में वह अपना सुझाव रेलवे बोर्ड को समय-समय पर देकर अपना कर्तव्य निभाएंगे।

# भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में बड़ी कारगर साबित होगी विकसित भारत संकल्प यात्राः गुप्ता



टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )
विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्राएं बड़ी कारगर साबित होंगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बनेगा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की बात पर उन्होंने सभी स्टॉलों का बारीकी से अवलोकन कर मोदी जी के गारंटी वाले रथ यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत कर अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश भी दिए। नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा बड़ी कारगर साबित होगी। लोगों को दिलवाई जा रही संकल्प शपथ लोगों देश के प्रति उनके कर्तव्य का एहसास करवा रही है। उन्होंने कहा कि ड्रोन आने वाले समय में हर व्यक्ति की जरूरत बनेगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में नमो ड्रोन दीदी योजना शुरू की गई है। इसके तहत ड्रोन दीदी महिलाओं को 15000 ड्रोन 80 प्रतिशत सब्सिडी पर मुहैया कराए जाएंगे। विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि ड्रोन दीदी बनाने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा और ड्रोन दीदी को ड्रोन पर 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि महानगरों में पर्यावरण संरक्षण के लिए ड्रोन की अहम भूमिका रहेगी। वहीं आने वाले समय में हर व्यक्ति की जरूरत बन जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित बनेगा। विधायक नरेन्द्र गुप्ता शनिवार को प्रातः 09:00 बजे सेक्टर-19 के सामुदायिक भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ का स्वागत किया। वहीं दोपहर बाद एमसीएफ के ओल्ड फरीदाबाद कार्यालय में कैम्प का आयोजन किया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में मोदी जी गारंटी वाले रथ यात्रा का गांव शाहपुरा खादर और बागलपुर में ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

# अमीपुर गांव के निवासियों ने विधायक का जताया आभार

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )
यमुना नदी में किनारे बसे गांव अमीपुर की देह शामलात स्थिति खत्म कर स्थाई रूप से बसाने की मांग विधानसभा में रखने पर स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक राजेश नागर का आभार जताते हुए स्वागत किया। निवासियों ने कहा कि विधायक ने उनकी आजादी से पहले की स्थिति को सुधारने की उनकी बड़ी मांग को रखा है। इसके लिए पूरा गांव उनका धन्यवादी है। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने बताया कि मेरी विधानसभा क्षेत्र में आने वाले चार गांवों को देह शामलात कर रखा है। यह स्थिति वर्ष 1927 में



यमुना के जल में गांवों के डूब जाने से अंग्रेजी हुकूमत द्वारा अस्थाई व्यवस्था बनाने के बाद से चली आ रही है। नागर ने कहा कि मुझे आप लोगों ने मुझे चुनकर विधानसभा भेजा है। इसलिए मैं हमेशा आपकी आवाज बना रहूंगा और आपके सुख-दुख में हमेशा साथ रहूंगा। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सबकी सुनते हैं और सही चुनते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आपकी समस्या का भी हल जरूर निकलेगा। नागर ने कहा कि आज हरियाणा वास्तव में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को लेकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज भगवान श्रीराम का अयोध्या में बन रहा मंदिर पूर्णता की ओर है और 22 जनवरी को सारी दुनिया इस नए युग में प्रवेश करेगी। भगवान का आशीर्वाद साक्षात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिल रहा है और 2024 में भी उनके नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इस अवसर पर गांव अमीपुर की सरदारी सहित कई गांव के निवासियों ने विधायक राजेश नागर को मिठाई खिलाई और फूल मालाओं से स्वागत किया।

# अग्रोहा धाम में करोड़ों की लागत से निर्माण कार्य व सुंदरीकरण हो रहा है :गर्ग

टीम एक्शन इंडिया/हिसार
वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में अग्रोहा धाम में हुई। इस बैठक में 1 जनवरी को नव वर्ष के आगमन पर अग्रोहा धाम में होने वाला महायज्ञ, भंडारे व भजन कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की और अग्रोहा धाम के विकास बाबत विचार किया गया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि नव वर्ष देश व प्रदेश की जनता के लिए खुशहाली भरा हो उसके लिए 1 जनवरी 2024 को अग्रोहा धाम में



भव्य हवन-यज्ञ व भंडारे का कार्यक्रम होगा। जिसमें भारी संख्या में धर्म प्रेमी भाग लेंगे। अग्रोहा धाम में करोड़ों रुपए की लागत से विवाह-शादियों के लिए बैंक्वेट हॉल बनाया जा रहा है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में करोड़ों रुपए की लागत से रात दिन विकास कार्य हो रहे हैं। अग्रोहा धाम महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी व श्री कृष्ण भगवान जी पर आधारित अनेकों झांकियां बनाई जाएगी और श्री द्वारकाधीश मंदिर व श्री रामेश्वर धाम का सुंदरीकरण करवाया जा रहा है और अग्रोहा धाम की खुदाई में जो बाबा हनुमान जी की प्रतिमा निकली थी उस स्थान पर बाबा हनुमान जी का नया मंदिर बनाया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि करोड़ों रुपए की लागत से महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर दो भव्य म्यूजियम बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा अप्पू घर का विस्तार व अनेकों प्रकार के विकास कार्य चल रहे हैं। अग्रोहा धाम में 280 कमरे, होल व सभी देवी-देवताओं के मंदिर, माता वैष्णो देवी, बाबा अमरनाथ जी की गुफा का सुंदरीकरण करवाया जा रहा है। श्री गर्ग ने कहा कि अग्रोहा व अग्रोहा धाम के विकास के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। समाज व जनता के सहयोग से अग्रोहा धाम में देश के कौने-कौने से आने वाले यात्रियों के लिए हर प्रकार की सुविधा दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने समाज के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह सम्मानित किया। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल हरिद्वार, रमेश बंसल दिल्ली, सुरेश गुप्ता पंजाब, श्रीमती नीलम अग्रवाल व सुदेश अग्रवाल दुबई, राष्ट्रीय महासचिव चूड़ियां राम गोयल, राष्ट्रीय युवा संयोजक अनंत अग्रवाल, विनीत सिंगला, प्रेम सिंगला टोहाना, सीए आशीष गोयल, निर्माण समिति संयोजक ऋषि राज गर्ग आदि समाज के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीबों के लिए बनी संजीवनी: कालीरामणा

टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )
भारतीय जनता पार्टी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहे व किसान मोर्चा के जिला सोनीपत व कुरुक्षेत्र के पूर्व प्रभारी राजकुमार काली रामणा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जन संवाद कार्यक्रम मे कहा की यात्रा के दौरान जो समस्याएं लोगों द्वारा दी जाती हैं उन पर तुरंत प्रभाव से कार्य होता है। जो समस्याएं किसी कारण से रह जाती है उन पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं संज्ञान लेते है,और एक माह के अंदर उनका समाधान किया जाता है। शनिवार को समालखा हल्के के गांव किवाना में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार कालीरामणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का सपना सच होगा। यह सपना हम सब का है । हर व्यक्ति समर्थ बने इसके लिए हमें मजबूती के साथ कार्य करना होगा, आत्मनिर्भर बनना होगा तभी यह संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लगाए गए कैंपो में लोगों का पहुंचना व योजनाओं का लाभ लेना इस यात्रा का यही उद्देश्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में सड़कों का जाल बीछा कर देश की प्रगति को आगे बढ़ाया है। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे ग्रामीणों की मदद कर उनकी समस्याओं का समाधान करें व उनका उचित मार्ग दर्शन करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को नई ऊर्जा मिली है। आज भारत का नाम पूरी दुनिया में गूंज रहा है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP



# विकास के क्षितिज पर नई अयोध्या का उदय

## पीएम मोदी ने 15,700 करोड़ की 46 बड़ी परियोजनाएं कीं समर्पित, राम की नगरी से पीएम ने देश को दिया विकास का नया संदेश

**टीम एक्शन/इंडिया/अयोध्या**
**विकास के क्षि**तिज पर शनिवार से नई अयोध्या का उदय हुआ, जब प्रधानमंत्री ने राम नगरी से 15,700 करोड़ की 46 बड़ी परियोजनाएं अयोध्या- प्रदेश व देश को समर्पित की। इसी के साथ विकास के नए युग का प्रारंभ हो गया। त्रेता युग में पुष्पक विमान वाली अयोध्या को कलियुग में शंखनाद व राजा राजा के उद्घोष संग महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सौगात मिल गई। अयोध्या से बड़ा कोई धाम नहीं, राम से बड़ा कोई नाम नहीं। यहां लघु फिल्म के जरिए अयोध्या की विकास यात्रा दिखाई गई।

**लोकार्पित होने वाली अन्य प्रमुख परियोजनाएं**

- अमेठी के त्रिसुंडी रिफाइनरी की 11 टीएमटीपीए से 60 टीएमटीपीए तक क्षमता उच्चीकरण
- जाजमऊ टेनरी कलस्टर के लिए 20 एमएलडी सीईटीपी की स्थापना
- कानपुर के पनखा में 30 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का विकास
- जाजमऊ जोन में 130 एमएलडी एसटीपी तथा सीवेज ट्रीटमेंट अवस्थापना सुविधाओं का पुनर्विकास
- एनएच-330 ए का जगदीशपुर-फैजाबाद खंड
- एनएच-730 के खुटार-लखीमपुर खंड के किमी 82 से किमी 140 तक का सुदृढीकरण एवं उच्चीकरण एनएच- 233 के गोसाई का बाजार बाईपास (किमी 240.340) से वाराणसी (किमी 299.350) तक फोर लेन
- जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत चार खंडों का दोहरीकरण
- मल्हौर-डालीगंज रेलखंड का विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण
- राम पथ (सहादतगंज से नया घाट तक)
- भक्ति पथ (अयोध्या मुख्य मार्ग से हनुमान गढ़ी होते हुए श्री राम जन्मभूमि तक)
- धर्म पथ (एनएच-27 से नया घाट पुराने पुल तक)
- राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
- एनएच-27 बाईपास महोबरा बाजार होते हुए टेढ़ी बाजार श्रीराम जन्मभूमि तक 4 लेन सड़क
- महर्षि अरुंधति पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल (पूर्वी एवं पश्चिमी)
- सहादतगंज- नया मार्ग घाट-श्री राम जन्मभूमि तक सड़क
- कलेक्ट्रेट में लक्ष्मण कुंज स्मार्ट वाहन बहुमंजिला पार्किंग
- सोहावल क्षेत्र के ग्रामसभा-पिखरौली में सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट
- अमानीगंज में वाहन पार्किंग एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स
- बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिगामी सेतु
- अयोध्या-सुलतानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-330 से एयरपोर्ट तक 4 लेन सड़क

**शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं**

- एनएच-27 के लखनऊ-अयोध्या खंड में किमी 8.000 से किमी 121.600 तक का ईपीसी मोड में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- एनएच-27 पर अयोध्या बाईपास के किमी 121.600 से किमी 144.020 तक ईपीसी मोड में चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण
- ग्रीनफील्ड टाउनशिप परियोजना



### पीएम ने लता मंगेशकर चौक पर पहुंचकर किया जनता का अभिवादन

**टीम एक्शन/इंडिया/अयोध्या**
**अयोध्या** धाम रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के उपरांत वापस एयरपोर्ट लौटते समय प्रधानमंत्री सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर चौक गए। गौरतलब है कि लता मंगेशकर के जन्मदिवस पर 28 सितंबर 2022 को इसका उद्घाटन किया गया था। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में मौजूद थे। यहां 14 टन वजनी व 40 फीट लम्बी वीणा लगाई गई है। शनिवार को यहां वीणा के पास पहली बार पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाव विभोर हो गए। उन्होंने वीणा को निहारकर यहां की अलौकिक छवि का दीदार किया। पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इसकी विस्तृत जानकारी भी ली। उन्होंने अयोध्या के समूचे जनमानस का यहीं से अभिवादन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यहां देख जनता भी अभिभूत हो गई। यहां प्रभु सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के सुरों में श्रीराम के भजन भी गूंज रहे थे।

### अयोध्या में मीरा के घर अचानक चाय पीने पहुंचे पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**पीएम** नरेंद्र मोदी की छवि ऐसे जनप्रिय नेता की है, जो सीधे जनता से संवाद करते हैं। इस बात की झलक शनिवार को अयोध्या में भी देखने को मिली, जब वे पीएम उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी के घर अचानक पहुंच गए। पीएम ने योजना की लाभार्थी के आवास पर चाय भी पी और उनसे संक्षिप्त बातचीत की। पीएम का यह कार्यक्रम पहले से निर्धारित नहीं था। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मीरा के घर अचानक पहुंचने पर पूरी बस्ती के लोग हैरान रह गए। पीएम के पहुंचने पर पूरा क्षेत्र मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा।

### पीएम मोदी के दीदार को समूची अयोध्या उमड़ पड़ी



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**कड़ाके की ठंड भी** अयोध्यावासियों का हौसला न डिगा सकी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीदार को समूची अयोध्या उमड़ पड़ी। रामनगरी में अभूतपूर्व स्वागत स्वागत से अभिभूत नरेंद्र मोदी ने भी शीश झुकाकर अयोध्यावासियों का अभिवादन किया। आलम यह रहा कि मोदी की मुस्कान पर फिदा रामनगरी ने गुलाब की पंखुड़ियों संग उनका स्वागत किया और मोदी-मोदी की गूंज से अयोध्या को गुंजायमान कर दिया। रास्तों में लगे फूलों की खुशबू में भी आज अलग ही महक थी, क्योंकि अयोध्या के पुनर्विकास के नायक खुद यहां मौजूद रहे।

**अयोध्या में आज अलग ही उमंग:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर अलग ही उमंग अयोध्यवासियों के मन में था। बच्चों हो या बुजुर्ग, महिलाएं हों या युवतियां, सभी पीएम मोदी की एक झलक पाने को आतुर दिखीं। धर्मपथ से लेकर रामपथ होते हुए अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहुंचने के दौरान बच्चे भी जय जय श्रीराम के साथ मोदी-मोदी की गूंज करते रहे। पीएम मोदी ने भी बच्चों को निराश नहीं किया। वे भी यहां के लोगों का अभिवादन करते रहे।

**मोदी को देख खिल उठे अयोध्या के जनमानस के चेहरे:** रोड शो में पीएम मोदी के चेहरे पर मुस्कान रही, जिसने समूचे अयोध्यावासियों का दिल जीत लिया। मोदी की मुस्कान पर फिदा अयोध्या में मोदी-मोदी की गूंज सुनाई दी। अयोध्या की सड़कों पर मोदी का यह स्वागत और भी महत्वपूर्ण हो गया, क्योंकि इसके बाद मोदी जब आएंगे तो रामलला को उनके दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान करेंगे।\

**लता चौक पर साधु-संतों ने की पुष्पवर्षा** : यूं तो पूरे रोड शो के दौरान पीएम पर जोरदार पुष्पवर्षा हुई, लेकिन लता चौक पर भी साधु-संतों ने पीएम मोदी पर पुष्पवर्षा भी की और उन्होंने आशीर्वाद भी दिया। अयोध्या की नई पहचान बन चुके लता चौक पर भी आम जनमानस की भीड़ ने जोरदार स्वागत किया। यहीं से पीएम अयोध्या रेलवे स्टेशन के लिए मुड़े तो यहां फूलों से बनी गणपति की छवि काफी आकर्षित कर रही थी। वैसे, आज अयोध्या का श्रृंगार काफी अद्भुत था। जिसने भी देखा, यह श्रृंगार देख मनमोह उठा। रास्ते-रास्ते में बने तोरणद्वार और संत-साधु और आमजन ने अपने मन में भी मोदी को बसा लिया।

**पीएम मोदी के स्वागत में लोक कलाकारों ने बांधा समां:** पीएम मोदी के रोड शो के दौरान कुल 50 मंच बनाए गए थे जिसमें 1400 से कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। इसके अतिरिक्त, लता चौक पर एक विशाल मंच बनाया गया था।

## सीएम विष्णु देव ने अयोध्या के लिए 300 मीट्रिक सुगंधित चावल किया रवाना



**चावल अर्पण**

**छत्तीसगढ़ के सुगंधित चावल से 22 जनवरी को महकेगा अयोध्या का प्रसाद, हरी झंडी दिखाई**

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुगंधित चावल अर्पण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने श्री राम मंदिर परिसर से 300 मीट्रिक टन चावल से भरे 11 ट्रकों को झंडी दिखाकर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना किया। सुगंधित चावल अर्पण समारोह में राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से जन्मभूमि अयोध्या के लिए सुगंधित चावल भेजा गया है। श्रीराम मंदिर में मुख्यमंत्री श्री साय ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ भगवान श्रीराम, माता जानकी और भगवान लक्ष्मण की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री दयाल दास बघेल, मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

## हनुमान चालीसा के पाठ से गूंजा विमान...जमीं से लेकर आसमां तक राम ही राम...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में नवनिर्मित महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे अयोध्या धाम का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद अयोध्या धाम एयरपोर्ट से एक शानदार वीडियो सामने आया है।

**विमान के अंदर हनुमान चालीसा का पाठः** दरअसल, महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे अयोध्या धाम की उद्घाटन के दौरान एयरपोर्ट से जब विमान उड़ा तो अंदर मौजूद लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया, जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान के अंदर मौजूद लोग हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं।

**अयोध्या दौरे पर पीएम मोदीः** बता दें कि पीएम मोदी आज अयोध्या दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने आज अयोध्या को कई सौगातें भेंट की हैं।

### 'बस प्रभु राम को चुनाव में उम्मीदवार घोषित करना बाकी'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
नेता संजय राउत ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। दरअसल, उन्होंने भाजपा और पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि भाजपा के लिए एकमात्र चीज 2024 में लोकसभा चुनाव के लिए भगवान राम को अपना उम्मीदवार घोषित करना है।

**अयोध्या दौरे को लेकर पीएम मोदी पर तंज:** संजय राउत ने यह तंज प्रधानमंत्री मोदी के अयोध्या दौरे को लेकर कसा है।

संजय राउत ने कहा, "अब भाजपा की ओर से 22 जनवरी को ऐलान होगा कि हम प्रभु श्री राम को चुनाव में खड़ा कर रहे हैं, सिर्फ यही बाकी रह गया है। राम जी के नाम पर इतनी राजनीति हो रही है कि सिर्फ यही कहना बाकी है कि हमारे उम्मीदवार श्री राम होंगे।"

**आभार व्यक्त** केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या को सुर्खियों में ला सकते थे: सांसद महेंद

## मॉरीशस के सांसद ने पीएम मोदी की तारीफ में पढ़े कसीदे

**विकास कार्य**



**"आप कल्पना नहीं कर सकते कि मुझे कितना गर्व महसूस हो रहा है। मॉरीशसवासी बहुत खुश हैं"**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉरीशस** के सांसद महेंद गंगाप्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने कहा कि केवल पीएम मोदी ही अयोध्या को फिर से सुर्खियों में ला सकते थे और उन्होंने ऐसा किया भी है। मॉरीशस में लेबर पार्टी के सांसद गंगाप्रसाद इस समय भारत में हैं।

**'हमें मोदी जी पर गर्व है':** गंगाप्रसाद ने कहा, "आप कल्पना नहीं कर सकते कि मुझे कितना गर्व महसूस हो रहा है। हिंदू धर्म के अधिकांश मॉरीशसवासी बहुत खुश और गौरवान्वित हैं कि आज रामजी का मंदिर उसी स्थान पर है जहां उनका जन्म हुआ था।" उन्होंने कहा, "मैं सच कह रहा हूं कि केवल मोदी ही अयोध्या को फिर से सुर्खियों में ला सकते थे, जैसा कि उन्होंने किया है। जिस तरह से मंदिर बनाया जा रहा है और बनाया गया है, आपने जो किया उसके लिए हमें मोदी जी पर गर्व है।"

**शिक्षा क्षेत्र के प्रयासों के लिए सराहा:** गंगाप्रसाद ने शिक्षा क्षेत्र में पीएम मोदी के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा, "उनके कार्यकाल में शिक्षा क्षेत्र फला-फूला है और हम इसे हर क्षेत्र में देख सकते हैं। छात्र विश्वविद्यालयों और स्कूलों से बाहर आ रहे थे। वे नए भारत, नई शिक्षा प्रणाली को दर्शाते हैं और इसके लिए मैं मोदी जी को बधाई देना चाहता हूं।"

**'भारत की नियति और छवि को बदला':** गंगाप्रसाद ने पीएम मोदी को 'करिश्माई नेता' बताते हुए उन्होंने कहा कि वह एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने भारत, भारत की नियति और भारत की छवि को बदल दिया है। उन्होंने कहा, "आज, लोग भारत की ओर देखते हैं और मुझे लगता है कि एक व्यक्ति जो हमारे आभार और हमारी प्रशंसा का हकदार है, वह नरेंद्र मोदी हैं।" उन्होंने कहा कि यह नया भारत केवल उनके दृष्टिकोण के कारण ही संभव हो पाया है।

**भारत-मॉरीशस संबंध होंगे मजबूत:** भारत-मॉरीशस संबंधों पर प्रकाश डालते हुए गंगाप्रसाद ने कहा कि रिश्ते को और मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "हम मॉरीशस वासियों का भारत के साथ हमेशा बहुत अच्छा रिश्ता रहा है और मोदी के कार्यकाल में यह रिश्ता और मजबूत हो रहा है और इसके लिए मैं नरेंद्र मोदी का आभारी हूं।" गंगाप्रसाद ने कहा, "मोदी है तो मुमकिन है।" अयोध्या शहर भव्य प्रतिष्ठा समारोह के लिए तैयार हो रहा है।

